नई दिल्ली
बुधवार, 24 दिसंबर 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 251
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 21.0
न्यून. 9.0

haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 85,524.84 | 42.64 ▼ |
| निफ्टी | 26,177.15 | 4.75 ▲ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 1,40,850/- | 2650/- ▲ |
| चांदी | 2,17,250/- | 2750/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 89.63 | 5 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 62.18 बैरल | 0.18% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

### भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने पटना में किया रोड शो

# राहुल गांधी पार्ट टाइम नेता, राजनीति में कोई 'शॉर्टकट' नहीं होता: नबीन

- कहा, हम जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे और बिहार का विकास करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने मंगलवार कहा कि राजनीति में कोई शॉर्टकट नहीं होता। दीर्घकालिक सफलता के लिए धैर्य और प्रतिबद्धता के साथ काम करना पड़ता है।

राष्ट्रीय राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद बिहार के अपने पहले दौरे पर नितिन ने कहा कि राहुल गांधी जैसे पार्ट टाइम राजनीतिक नेता चुनाव के दौरान बिहार आते हैं और चुनाव खत्म होते ही विदेश चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि हम जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे और बिहार का विकास करेंगे। नितिन नबीन ने 15 दिसंबर को नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद मंगलवार को पटना में रोड शो का नेतृत्व किया।



### राहुल ने भारत का अपमान किया

नितिन नबीन ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जर्मनी की हालिया यात्रा के दौरान भारत का अपमान किया। पार्टी के एक नेता ने बताया कि रोड शो पटना हवाई अड्डे के पास अरण्य भवन से शुरू हुआ और बिरचंद पटेल मार्ग पर स्थित राज्य भाजपा मुख्यालय के नजदीक मिलर हाई स्कूल के मैदान में समाप्त हुआ। नबीन एक फूल से सजी गाड़ी पर खड़े थे, जिस पर भाजपा के चुनाव चिन्ह कमल के कटआउट लगे थे। उनके साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी भी थे।

### भगवा हर जगह लहराएगा

उन्होंने कहा कि आज के इस व्यापक कार्यक्रम के लिए एक-एक कार्यकर्ता को मैं तहेदिल से प्रणाम करता हूं, आप सभी को नमन करता हूं। आप लोगों ने बिहार को प्रचंड जीत दी है और पीएम नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के करिश्माई नेतृत्व ने जो परचम लहराया, उस जीत के प्रकाश से बिहार आगे बढ़ रहा है। इस जीत का ही नतीजा है कि जो अभी अन्य राज्यों में चुनाव हुए हैं, चाहे महाराष्ट्र का चुनाव हो, चाहे अरुणाचल का चुनाव हो, गोवा का चुनाव हो, उन सभी चुनावों में भाजपा का परचम लहरा रहा है। अब ये जीत बंगाल से लेकर केरल तक जाएगी, भगवा हर जगह लहराएगा।

## धैर्यपूर्वक काम करिए, भाजपा बूथ से उठाकर केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंचा देगी

राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि आज मैं अपने पिताजी स्व. नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा जी को जरूर याद करना चाहूंगा। चूंकि राजनीति उन्होंने मुझे जरूर विरासत में दी, लेकिन जिस वटवृक्ष के तहत उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ जोड़ा, मैं हमेशा कहता हूं कि मुझे उंगली पकड़कर कार्यकर्ताओं ने सिखाया, इसलिए मैं उन सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा कहता हूं कि राजनीति में शॉर्ट-कट के लिए कोई जगह नहीं है, राजनीति लॉन्ग रन का काम है। इसलिए धैर्यपूर्वक काम करिए, निश्चित रूप से भाजपा आपको बूथ से उठाकर केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंचा देगी। आप बस अपने काम पर विश्वास कीजिए।

### जनता की उम्मीदों पर खरा उतरें

उन्होंने कहा कि जिस तरह बिहार से हमें मैंडेट मिला है, तो हमारी जिम्मेदारी और बढ़ गई है। ये जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का समय है। इसलिए हम सभी को मेहनत करनी पड़ेगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि पंचायत से पार्लियामेंट तक हमें परचम लहराना है। इसलिए बिहार के पंचायत चुनाव के लिए हमें अभी से ही लग जाना है और बिहार को विकसित बिहार बनाना है।






## बड़ी संख्या में नकली बारकोड के साथ 4.3 करोड़ के सामान रिकवरी

# इंटरनेशनल फूड प्रोडक्ट्स की रीपैकेजिंग में शामिल रैकेट का हुआ भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने अवैध आयात और एक्सपायर हो चुके इंटरनेशनल फूड प्रोडक्ट्स की रीपैकेजिंग में शामिल एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। नकली बारकोड भी बड़ी संख्या में बरामद किये गये। इसी अवैध यूनिट को बहुत ही संगठित और व्यवस्थित तरीके से चलाया जा रहा था। जब्त किए गए सामान की कुल कीमत लगभग 4.3 करोड़ के आसपास बताई गई है। एक्सपायर हो चुके फूड प्रोडक्ट्स पूरे भारत में बड़ी रिटेल चेन, शॉपिंग मॉल और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिए बेचे जा रहे थे, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा थे। खासकर इसलिए क्योंकि जब्त किए गए कई सामान में बच्चों की खाने-पीने की चीजें शामिल थी।

पुलिस के अनुसार पहाड़ी धीरज और फैज गंज, सदर बाजार में छापे मारे गए, जो घने थोक बाजारों के लिए जाना जाता है। ऑपरेशन के दौरान मास्टरमाइंड सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया गया और दुकानों और गोदामों से भारी मात्रा में एक्सपायर हो चुके इंटरनेशनल फूड प्रोडक्ट्स बरामद किए गए। दिल्ली सरकार के खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया गया था। प्रक्रिया के अनुसार सैंपल लिए गए और बरामद सामान जब्त कर लिया गया। जांच में पता चला कि मास्टरमाइंड आरोपी अटल मुंबई स्थित थोक एजेंटों के जरिए बहुत कम कीमतों पर एक्सपायरी इंटरनेशनल फूड प्रोडक्ट्स आयात कर रहा था, जो यूके, यूएसए, दुबई और अन्य देशों से खेप मंगवाते थे। जब तक ये खेप भारत पहुंचती थीं, तब तक ज्यादातर प्रोडक्ट्स पहले ही एक्सपायर हो चुके होते थे या इंसानों के खाने के लिए अयोग्य हो जाते थे। कानून के मुताबिक उन्हें नष्ट करने के बजाय आरोपियों ने गैर-कानूनी तरीके से प्रोडक्ट्स को री-मैन्युफैक्चर करते थे। पुलिस ने पूरी प्रिंटिंग, सीलिंग और डेट बदलने वाली मशीनरी बरामद की है। इस संबंध में क्राइम ब्रांच थाने में केस दर्ज किया गया है। इस रैकेट में शामिल सात आरोपियों के नाम अटल जायसवाल (54) निवासी राणा प्रताप बाग, दिल्ली (मास्टरमाइंड और गोदाम मालिक), शिव कुमार (40) निवासी जिला गिरिडीह, झारखंड, बिस्वजीत धारा (25) निवासी मालवीय नगर, दिल्ली, विनोद (43) निवासी दरभंगा, बिहार, अरुण कुमार (30) निवासी दरभंगा, बिहार, विजय कांत (50) निवासी जौनपुर, उत्तर प्रदेश और शमीम (30) निवासी एटा, उत्तर प्रदेश है।

## दुकान में क्यूआर कोड धोखाधड़ी के आरोप में युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राजस्थान के 19 वर्षीय एक युवक को दुकानों पर क्यूआर कोड में छेड़छाड़ करके डिजिटल भुगतान अन्य खाते में कराने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इसमें चांदनी चौक स्थित कपड़ों की एक दुकान में एक ग्राहक से 1.40 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला भी शामिल है। आरोपी मनीष वर्मा को जयपुर में एक अंतरराज्यीय अभियान के बाद पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता ने 13 दिसंबर को ढाई लाख रुपये का लहंगा खरीदने के लिए एक कपड़ों की दुकान का दौरा किया था। उसने दुकान पर प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन करके 90 हजार रुपये और 50 हजार रुपये के दो यूपीआई भुगतान किए थे। हालांकि बाद में पता चला कि यह राशि दुकान के आधिकारिक बैंक खाते में जमा नहीं हुई थी। इसके बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की गई और यूपीआई लेनदेन के तकनीकी विश्लेषण से पता चला कि भुगतान को राजस्थान से संचालित एक असंबंधित बैंक खाते में स्थानांतरित कर दिया गया था। डिजिटल फुटप्रिंट, बैंक रिकॉर्ड और मोबाइल डेटा विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने आरोपी का पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने कथित तौर पर असली व्यापारी के क्यूआर कोड में छेड़छाड़ करके उससे जुड़े बैंक खाते की जानकारी को अपने खाते की जानकारी से बदलने की बात कबूल की। उसके अनुसार, क्यूआर कोड का स्वरूप अपरिवर्तित प्रतीत होता था। पुलिस ने 100 से अधिक संपादित और मूल क्यूआर कोड वाले मोबाइल फोन बरामद किए। इसके साथ ही चैट, स्क्रीनशॉट और वित्तीय रिकॉर्ड भी मिले। आरोपी के बैंक खाते की जांच से धोखाधड़ी की गई राशि की प्राप्ति की पुष्टि हुई। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर क्यूआर कोड में हेरफेर करने के लिए इमेज-एडिटिंग एप्लिकेशन का इस्तेमाल किया और कई दुकानों को निशाना बनाया। अन्य पीड़ितों और संबंधित लेनदेन की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है।

## जीजा ने नुकीले हथियार से साले पर किया वार

**नई दिल्ली।** न्यू उस्मानपुर इलाके में एक व्यक्ति ने पारिवारिक विवाद के चलते अपने साले पर नुकीले हथियार से हमला कर दिया। साले को लहूलुहान करने के बाद आरोपी फरार हो गया। घायल हालत में रंजीत नामक युवक को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। मिली सूचना के अनुसार रंजीत अपने परिवार के साथ ब्रह्मपुरी में रहता हैं। उसका जीजा नरेश कुमार पड़ोस में ही रहता है। रंजीत ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह रविवार शाम को घर से बाइक लेकर फोटोफ्रेम लेने के लिए जा रहा था। रास्ते में जीजा ने घेर लिया। आरोप है कि गाली गलौज करने के बाद जीजा ने जेब से नुकीला हथियार निकाला और साले की गर्दन व चेहरे पर कई वार किये। रंजीत घायल होने के बाद बाइक समेत सड़क पर गिर गया। घरवालों को सूचना देने के बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

## रजोकरी फ्लाईओवर पर दो ट्रकों की भिड़ंत, दो लोग घायल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

वसंत कुंज साउथ थाना अंतर्गत रजोकरी फ्लाईओवर पर मंगलवार सुबह दो ट्रकों की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हुये। दोनों को एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार मंगलवार सुबह वसंत कुंज साउथ थाना एरिया में सड़क दुर्घटना के बारे में एक पीसीआर कॉल मिली। कॉल मिलने पर आईओ अन्य पुलिस स्टाफ के साथ राजोकरी फ्लाईओवर, एनएच-48 घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल पर कॉल करने वाले एनएचएआई पेट्रोलिंग स्टाफ ने बताया कि दो ट्रकों के बीच दुर्घटना हुई थी। एक घायल व्यक्ति जिसका नाम अमरेश यादव (22) निवासी नरेला, दिल्ली था उसे हाईवे एम्बुलेंस से पहले ही एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया जा चुका था। दूसरा घायल व्यक्ति गाड़ी के अंदर फंसा हुआ मिला और उसे एनएचएआई के कर्मियों और दिल्ली फायर सर्विस की मदद से बचाया गया और पीसीआर वैन से ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। उसका नाम वीरेश निवासी इकबालपुर, हाथरस, यूपी पता चला। दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को घटनास्थल से हटा दिया गया और सामान्य ट्रैफिक बहाल किया गया। इसके बाद आईओ ट्रॉमा सेंटर पहुंचे, जहां अमरेश यादव बेहोश मिला जबकि वीरेश को घायल हालत में येलो जोन में भर्ती किया गया था। पूछताछ के दौरान पता चला कि दोनों वाहन दिल्ली से गुरुग्राम की ओर जा रहे थे। इसी दौरान दुर्घटनाग्रस्त वाहन को पीछे से टक्कर मारी गई थी। इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और सभी तथ्यों और परिस्थितियों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

## फर्जी कॉल सेंटर के जरिए एक करोड़ रुपये की ठगी, 10 अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



द्वारका पुलिस ने एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए डिफॉल्ट हो चुकी बीमा पॉलिसियों के निपटान के बहाने देशभर में लोगों को ठगने वाले 10 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। ठगी में शामिल आरोपी पीड़ितों का विश्वास हासिल करने के लिए कथित तौर पर भारतीय रिजर्व बैंक, दिल्ली उच्च न्यायालय, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई), भारतीय राष्ट्रीय भुगतान (एनपीसीआई) और बीमा लोकपाल के जाली लोगों तथा दस्तावेज का इस्तेमाल करते थे।

द्वारका डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार संदिग्ध बैंक खातों में 20 लाख रुपये से अधिक की राशि 'फ्रीज' की गई है, जबकि धोखाधड़ी की कुल राशि लगभग एक करोड़ रुपये होने का अनुमान है। डीसीपी ने बताया कि ये गिरफ्तारियां राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर दर्ज शिकायतों के विश्लेषण के बाद की गई हैं, जिसमें द्वारका के एक बैंक खाते से संदिग्ध नकद निकासी का पता चला। बैंक में दो लाख रुपये निकालने पहुंचे निशांत चौहान नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान निशांत ने खुलासा किया कि उसने और अन्य लोगों ने अपने बैंक खाते गिरोह को उपलब्ध कराए हुए थे ताकि वे धोखाधड़ी की रकम को ठिकाने लगाने के लिए इनका उपयोग कर सकें। इसके बदले उन्हें 1.5 से 10 प्रतिशत तक कमीशन मिलता था। जांच के बाद गिरोह के कथित सरगना साहिल बेरी को द्वारका से गिरफ्तार किया गया। बेरी ने बीमा अधिकारी बनकर फोन किए और पीड़ितों को बीमा संबंधी सेवाओं के मकसद से पैसे जमा करने के लिए राजी करवाया। उन्होंने बताया कि सागरपुर के एक कॉल सेंटर पर छापेमारी के दौरान किशन कुमार, दमन बख्शी, सुमित गोस्वामी और नीरज को गिरफ्तार किया गया, जो कथित तौर पर चोरी किए गए बीमा डाटा का उपयोग करके टेली-कॉलर के रूप में काम करते थे। इसके बाद छापेमारी में विनय मल्होत्रा और अजय बाजपेयी को गिरफ्तार किया गया जिन पर धोखाधड़ी से प्राप्त धन एकत्र करने और वितरण में समन्वय का आरोप है।

### बड़े ड्रग्स तस्करी मामले में वांछित आरोपी पकड़ा

**नई दिल्ली।** स्पेशल सेल की ईस्टर्न रेंज ने एक बड़े ड्रग्स तस्करी केस में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह केस 2024 में दर्ज हुआ था, जिसमें कुल 1289 किलोग्राम कोकीन और मेफेड्रोन व 39.706 किलोग्राम थाई मारिजुआना बरामद किया गया था। आरोपी की पहचान रितिक बजाज (36) के रूप में हुई है। वह दिल्ली का रहने वाला है और थाईलैंड मूल के मारिजुआना का मुख्य सप्लायर था। केस दर्ज होने के बाद से वह फरार चल रहा था। डीसीपी अमित कौशिक के अनुसार जांच के दौरान रितिक बजाज को बार-बार गिरफ्तारी से बचने के बाद कोर्ट द्वारा इसी साल 19 मई को भगौड़ा अपराधी घोषित किया गया था। लगातार प्रयासों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समन्वय के आधार पर आरोपी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। इसके साथ ही आवश्यक जानकारी इंटरपोल के साथ साझा की गई थी। रेड कॉर्नर नोटिस पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को दुबई में इंटरपोल अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिया गया। एसीपी कैलाश सिंह बिष्ट के नेतृत्व में एक विशेष टीम जिसमें इंस्पेक्टर राहुल कुमार और एसआई शैलेश शामिल थे को आरोपी को वापस दिल्ली लाने के लिए तैनात किया गया था। मंगलवार को आरोपी दिल्ली पहुंचा। आगे की कार्रवाई में इसे कोर्ट के समक्ष पेश किया जा रहा है। इस मामले में रितिक बजाज सहित कुल 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

## डीएमआरसी ने मनाया राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस-2025, लॉंच की सस्टेनेबल एनर्जी पॉलिसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने 23 दिसंबर 2025 मंगलवार को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस-2025 मनाया। इस मौके पर डीएमआरसी ने अपनी नई सस्टेनेबल एनर्जी पॉलिसी भी लॉन्च की, जिससे पूरे संगठन में ऊर्जा दक्षता, संरक्षण और पर्यावरण की ज़िम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को फिर से पक्का किया। इस बारे में प्रिंसिपल एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन अनुज दयाल ने बताया कि इस पॉलिसी का मकसद ऊर्जा प्रबंधन में बेहतरीन तरीकों को लागू करना और डीएमआरसी कर्मचारियों के बीच सस्टेनेबिलिटी की संस्कृति को बढ़ावा देना है। डीएमआरसी के तीन मेट्रो स्टेशनों को ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीबीई) से मान्यता मिलने व अनेकों प्रयासों को स्वीकार करते हुए डीएमआरसी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. विकास कुमार ने स्टेशन टीमों को सर्टिफिकेट ऑफ अचीवमेंट से सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, कई कर्मचारियों को सिस्टम के कुशल संचालन और रखरखाव के माध्यम से महत्वपूर्ण ऊर्जा बचत हासिल करने के लिए ऊर्जा संरक्षण उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया। इस सम्मान का मकसद पूरे नेटवर्क में कर्मचारियों के प्रदर्शन को और बेहतर बनाने और ऊर्जा बचाने के नए तरीके अपनाने के लिए प्रेरित करना है। डीएमआरसी से लगभग एक दशक से जुड़े सोलर डेवलपर्स को भी सौर ऊर्जा उत्पादन को अधिकतम करने और डीएमआरसी की हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने में उनके अनुकरणीय सहयोगी प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि मैसर्स पुरषोत्तम रेज़ पावर प्राइवेट लिमिटेड और पुरषोत्तम ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड ने पिछले साल की तुलना में कैपेसिटी यूटिलाइजेशन फैक्टर में 19.7 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने के लिए पहला पुरस्कार जीता है। जबकि एज़्योर पावर सैटर्न प्राइवेट लिमिटेड ने इसी अवधि में सीयूएफ में 12.12 प्रतिशत का सुधार दर्ज करने के लिए दूसरा पुरस्कार जीता। दयाल ने बताया कि यह डीएमआरसी द्वारा 14 सोलर डेवलपर्स के साथ मिलकर शुरू की गई एक संयुक्त पहल 'सहयोग' के माध्यम से हासिल किया गया, जिसका मकसद प्लांट की सेहत की जांच करना और सौर ऊर्जा उत्पादन को अधिकतम करना था।

# दिल्ली में 72 हजार करोड़ की विकास परियोजनाएं प्रगति पर : मनोहर लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



- दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने की केंद्रीय मंत्री से शिष्टाचार मुलाकात

दिल्ली में लगभग 72,000 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाएं वर्तमान में प्रगति पर हैं और राष्ट्रीय राजधानी के लिए कई नई योजनाएं भी पाइपलाइन में हैं। यह बात केंद्रीय शहरी विकास एवं विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के सामने कही। गौरतलब है कि दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को केंद्रीय शहरी विकास एवं विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर अध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री को 'दिल्ली विधान सभा की प्रस्तुति शताब्दी-यात्रा, वीर विठ्ठलभाई पटेल' शीर्षक पर विशेष रूप से प्रकाशित कॉफी टेबल बुक भेंट की। भेंट के दौरान केंद्रीय मंत्री ने बताया कि क्षेत्रीय रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम(आरआरटीएस) दिल्ली में परिचालित की जाएगी, जिससे पानीपत से करनाल तक की कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी। साथ ही, दिल्ली मेट्रो नेटवर्क के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए कई पहलें योजनाबद्ध एवं क्रियान्वित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य शहरी गतिशीलता एवं क्षेत्रीय संपर्क को और बेहतर बनाना है। गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री को दिल्ली विधान सभा द्वारा उठाए गए विभिन्न विकास कार्यों से भी अवगत कराया। इनमें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार में ऑडिट पैरा मॉनिटरिंग सिस्टम (एपीएमएस) का पूर्ण संचालन शामिल है, जिसके माध्यम से दिल्ली देश की पहली विधानसभा बनने की दिशा में अग्रसर है, जहां वास्तविक समय में ऑडिट निगरानी हेतु एक समग्र डिजिटल पोर्टल लागू किया गया है। उन्होंने नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) जैसी परिवर्तनकारी पहल की जानकारी भी दी, जिसके माध्यम से दिल्ली विधानसभा पूर्णतः डिजिटल एवं कागज रहित सदन बन चुकी है। इसके अतिरिक्त, विधानसभा को पूर्णतः सौर ऊर्जा आधारित हरित विधायिका में परिवर्तित किए जाने तथा दिल्ली विधान सभा को एक हेरिटेज साइट के रूप में विकसित करने के प्रयासों से भी मंत्री को अवगत कराया गया, जिससे इसकी लोकतांत्रिक विरासत संरक्षित होगी और आम जनता इस ऐतिहासिक परिसर को देख सकेगी।

# यात्री पर पायलट के हमला मामले में हम सबूत जुटा रहे हैं: दिल्ली पुलिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को कहा कि उसने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एअर इंडिया एक्सप्रेस के पायलट द्वारा कथित रूप से एक यात्री पर हमला किये जाने के सिलसिले में सीसीटीवी फुटेज और अन्य प्रमाण जुटाना शुरू कर दिया है। पुलिस ने बताया कि टर्मिनल एक के सुरक्षा क्षेत्र और उसके आसपास लगे कई कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि घटना की कड़ियों को जोड़ा जा सके। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर मौजूद गवाहों के बयान भी जांच का हिस्सा होंगे।

अधिकारी ने कहा कि जांच अभी प्रारंभिक चरण में है। टर्मिनल से सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर उसकी जांच की जा रही है। अन्य संबंधित सबूत भी जुटाए जाएंगे।" उन्होंने यह भी बताया कि जांच के दौरान आरोपी को पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा।

सोमवार को पीड़ित अंकित दीवान से ईमेल के माध्यम से शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 115 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 126 (गलत तरीके से रोकना) और 351 के तहत प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस ने बताया कि शिकायत और उपलब्ध सबूतों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है तथा जांच आगे बढ़ने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह मामला 19 दिसंबर को टर्मिनल एक के सुरक्षा चौकी के पास हुई एक कथित घटना से संबंधित है। शिकायतकर्ता दीवान ने दावा किया कि उस दिन एअर इंडिया एक्सप्रेस के कैप्टन वीरेंद्र सेजवाल ने उनके साथ मारपीट की थी। सेजवाल उस समय ड्यूटी पर नहीं थे और एक यात्री के रूप में यात्रा कर रहे थे। दीवान ने आरोप लगाया कि सुरक्षा चौकी पर कुछ कर्मचारियों द्वारा लाइन तोड़े जाने पर आपत्ति जताने के बाद कहासुनी शुरू हुई। उन्होंने दावा किया कि पायलट ने उन्हें गाली दी और फिर उन पर हमला किया, जिससे उनके शरीर से खून बहने लगा और घटना की चश्मदीद उनकी सात वर्षीय बेटी सदमे में आ गई। बाद में एक बयान में, दीवान ने कहा कि सीटी स्कैन से उनकी बाईं नाक की हड्डी में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई है और वह इस मामले में न्याय की मांग कर रहे हैं। एअर इंडिया एक्सप्रेस ने कहा है कि उसे अपने एक कर्मचारी से जुड़ी घटना की जानकारी है, जो घटना वाले दिन किसी अन्य एअरलाइन में यात्रा कर रहा था।

## किशोर को उसके तीन सहपाठियों ने मारा चाकू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के नांगलोई में 17 वर्षीय एक किशोर को पूर्व में किसी बात पर हुई कहासुनी के कारण उसके तीन सहपाठियों ने कथित तौर पर 000चाकू मार दिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उसने कहा, ''इस घटना में शामिल तीनों नाबालिगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके पास से तीन चाकू भी बरामद किए गए हैं, जिनका कथित तौर पर अपराध में इस्तेमाल किया गया था।'' उसने बताया कि शनिवार को सत्यभामा अस्पताल से एक चिकित्सा-कानूनी मामले (एमएलसी) के माध्यम से इस घटना का पता चला। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया,''प्रेम नगर निवासी पीड़ित को अस्पताल में चाकू के घावों के साथ भर्ती कराया गया था। घायल की हालत अब स्थिर है और बयान देने के लिए उसे फिट घोषित कर दिया गया है।'' उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच के दौरान यह पता चला कि पीड़ित पर कथित तौर पर उसके तीन सहपाठियों ने हमला किया था, जिनमें से सभी नाबालिग हैं। पुलिस ने बताया कि पीड़ित के बयान और जांच के दौरान जुटाये गये अन्य सबूतों के आधार पर कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## ये नए बस रूट 13 प्रमुख मेट्रो स्टेशनों तक डीटीसी बसों की कनेक्टिविटी को और बढ़ाएगा

# डीटीसी शुरू कर रहा है दो नए सब रूट नंबर-192ए और 212ए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली





राजधानी दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन की पहुंच को और ज्यादा बेहतर बनाने के साथ लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को मजबूत करने और परिचालन दक्षता (ऑपरेशनल एफिशिएंसी) को ऑप्टिमाइज़ करने की दिशा में दिल्ली परिवहन विभाग ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन मौजूदा रूटों को और ज्यादा बेहतर बनाने के लिए दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) दो नए रूट—192 ए और 212 ए शुरू करने जा रही है। नए रूट रेशनलाइजेशन का मकसद बसों की मेट्रो कनेक्टिविटी को तेजी से बढ़ाने के साथ दैनिक यात्रियों की सुविधा को और बेहतर बनाकर डीटीसी के मजबूत फाइनेंशियल परफॉर्मेंस को बेहतर और मजबूत बनाना है। प्रस्ताव के तहत रूट नंबर-212 (आनंद विहार आईएसबीटी से आनंद पर्वत तक) पर अभी डीटीसी की 18 बसों को चलाया जा रहा है, उसे अब दो हिस्सों में बांटा जाएगा। रूट नंबर 212 के साथ ही नए बस रूट 212 ए को शुरू किया गया, जिसमें अब इन दो रूटों पर डीटीसी की नौ-नौ बसें चलाई जाएंगी। यह ऑप्टिमाइज़ेशन लागत को बिना बढ़ाए बस नेटवर्क कवरेज को और बेहतर बनाने का काम करेगा। वहीं रूट नंबर-212A के शुरू होने से इस कॉरिडोर से जुड़े हुए दिल्ली मेट्रो स्टेशनों की कुल संख्या तीन से बढ़कर आठ हो जाएगी, जिसमें आनंद विहार और दिलशाद गार्डन जैसे मौजूदा स्टेशनों के साथ ही मौजपुर, बाबरपुर, जाफराबाद, वेलकम, शाहदरा और मानसरोवर पार्क जैसे मेट्रो के महत्वपूर्ण इंटरचेंज प्वाइंट भी जुड़ जाएंगे। ठीक इसी तरह से रूट नंबर-192 ए (कश्मीरी गेट आईएसबीटी से केशव नगर तक) से अभी डीटीसी की आठ बसों को चलाया जा रहा है। रूट रेशनलाइज करने के बाद चार बसें मौजूदा रूट पर ही चलती रहेंगी और डीटीसी की बाकी चार बसों को नए प्रस्तावित रूट नंबर-192 ए पर चलाया जाएगा। नया बस रूट दिल्ली के मॉडल टाउन, आजादपुर और मजलिस पार्क जैसे ज्यादा डिमांड वाले मेट्रो स्टेशनों तक बसों की पहुंच को और ज्यादा बेहतर बनाएगा, साथ ही कश्मीरी गेट, सिविल लाइंस, विधानसभा, विश्वविद्यालय और जीटीबी नगर जैसे बड़े इंटरचेंज प्वाइंट को भी मजबूत करेगा। इस फैसले से नॉर्थ और सेंट्रल दिल्ली के बस यात्रियों के साथ ही बुराड़ी, कौशिक एन्क्लेव, केशव नगर और आस-पास के इलाकों में रहने वाले लोगों को सबसे ज्यादा फायदा मिलने की उम्मीद है। दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कुशल नेतृत्व में यह फैसला लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाने, मेट्रो का आसान इंटीग्रेशन और यात्रियों के लिए सुविधाजनक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के हमारे विजन का अहम हिस्सा है।

## प्रदूषण नहीं ले रहा रुकने का नाम, पहुंचा गंभीर श्रेणी में 400 पार, अभी सुधरने की उम्मीद नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में लगातार प्रदूषण का कहर बढ़ता जा रहा है। सरकार के तमाम उपाय व कदम उठाने के बावजूद मंगलवार को दिल्ली का वायु प्रदूषण सूचकांक गंभीर श्रेणी में 400 पार पहुंच गया। जबकि सबसे ज्यादा प्रदूषण आनंद विहार में 466 एक्यूआई दर्ज हुआ। वहीं सुबह के समय कोहरे की चादर ने भी लोगों की परेशानी को और बढ़ा दिया। केंद्र सरकार के एप समीर के अनुसार मंगलवार सुबह 7:05 बजे दिल्ली का औसत एक्यूआई 414 तक पहुंच गया जो गंभीर श्रेणी में आता है। जबकि आनंद विहार में यह 466 दर्ज हुआ। हालांकि यह बीते दिन के आंकड़े से कम है, लेकिन गंभीर स्थित अभी भी बनी हुई है। एप समीर के अनुसार दिल्ली के 40 सक्रिय वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों में से 29 ने स्टेशनों ने गंभीर या गंभीर प्लस एक्यूआई दर्ज किया। आनंद विहार में पिछले पांच दिनों की तुलना में तेजी से एक्यूआई बढ़ा और सबसे अधिक 466 पहुंच गया। दिल्ली में 450 के स्तर को पार करने वाले अन्य प्रदूषित हॉट स्पॉट्स में मुंडका में 451, नेहरू नगर में 453 और ओखला फेज-2 में 452 शामिल दर्ज हुआ, जबकि कई अन्य स्टेशन गंभीर प्लस श्रेणी के करीब दर्ज हुए। बता दें कि इससे पहले दिल्ली में सोमवार को 416, रविवार को 418, शनिवार को 440, शुक्रवार को 430, और गुरुवार को 438 एक्यूआई दर्ज किया गया था। वहीं हाल के दिनों में 14 दिसंबर को 492 एक्यूआई रिकॉर्ड किया गया था। मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली ने अनुमान जताया है कि बुधवार को दिल्ली में सुबह घना कोहरा छाया रह सकता है। अनुमान है कि 11 बजे के बाद मौसम बिल्कुल साफ हो सकता है और धूप निकलने की भी उम्मीद अधिक है। वहीं दिन में बहने वाली हवाएं ठंड का एहसास करवा सकती है।



हरियाणा सरकार



"सुशासन पर हम जितना बल देंगे, अंतिम छोर तक पहुंचने का हमारा लक्ष्य उतनी ही आसानी से पूरा होगा।"
- नरेन्द्र मोदी

# श्री अमित शाह
केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री

एवं

# श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा

की अध्यक्षता में

## राज्य स्तरीय कार्यक्रम

सम्मेलन से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

### मेगा सहकारी सम्मेलन
इंद्रधनुष ऑडिटोरियम, सैक्टर-5, पंचकूला

### पुलिस पासिंग आउट परेड का निरीक्षण
(जिसमें 5,000 से अधिक प्रशिक्षु लेंगे भाग)
ताऊ देवीलाल स्टेडियम, सैक्टर-3, पंचकूला

पासिंग परेड कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

अनावरण कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

पूर्व प्रधानमंत्री
### स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा का अनावरण
प्रदर्शनी एवं अटल लाइब्रेरी का उद्घाटन
अटल पार्क, मनसा देवी कॉम्पलेक्स, सैक्टर-1, पंचकूला

रक्तदान शिविर का भी होगा आयोजन

साहिबजादा ज़ोरावर सिंह जी व साहिबजादा फ़तेह सिंह जी के सर्वोच्च बलिदान को समर्पित
### वीर बाल दिवस
के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम
इंद्रधनुष ऑडिटोरियम, सैक्टर-5, पंचकूला

वीर बाल दिवस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

आप सभी सादर आमंत्रित हैं

**दिनांक : 24 दिसम्बर, 2025**

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## सफर-ए-शहादतः 4 साहिबज़ादों की शौर्य और त्याग की अमिट गाथा

# साहिबजादों की शहादत को समर्पित लाइट एंड साउंड शो का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद की पावन भूमि पर चार साहिबज़ादों की अद्वितीय वीरता और सर्वोच्च बलिदान पर आधारित लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि सिख गुरुओं की पवित्र गाथा पर यह लाइट एंड साउंड कार्यक्रम वीर बाल दिवस के अवसर पर बल्लभगढ़ स्थित अटल ऑडिटोरियम में आयोजित कर शहादत और शौर्य को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य रविंदर सिंह राणा ने आए हुए




सभी अतिथियों का स्वागत किया। हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग व जिला प्रशासन के सौजन्य से वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में साहिबजादों की शहादत को समर्पित लाइट एंड साउंड शो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस लाइट एंड साउंड शो कार्यक्रम में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह व साहिबजादा बाबा फतेह सिंह की अद्वितीय शहादत को एक अनूठे तरीके से श्रद्धांजलि दी गई।

इस शो के माध्यम से साहिबजादों की वीर गाथा और उनके सर्वोच्च बलिदान को जीवंत किया गया, जिसे देखकर हर दर्शक भाव-विभोर हो उठा है। दर्शकों ने गुरु साहिब की त्याग, शौर्य और मानवीय मूल्यों के संदेश को जीवंत होते देखकर अत्यधिक श्रद्धा व्यक्त की।

### युवाओं को महान शहीदों के त्याग के बारे में जानने व प्रेरणा लेने का अवसर

सफर-ए-शहादत सिख शहादत की एक दमदार और भावनात्मक यात्रा पेश करता है, जिसकी शुरुआत श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के सर्वोच्च बलिदान से होती है, फिर चमकौर दी गढ़ी की ऐतिहासिक घटनाओं से होते हुए यह साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह जी और साहिबजादा बाबा फतेह सिंह जी की शहादत पर खत्म होती है। यह शो प्रभावशाली कहानी, एलइडी विजुअल्स, साउंड, लाइट इफेक्ट्स, एनिमेशन और वीएफएक्स के जरिए इन अहम पलों को जीवंत करता है। यह एक घंटे का लाइट एंड साउंड शो सच्ची ऐतिहासिक कहानी को आधुनिक स्टेज टेक्नोलॉजी के साथ मिलाकर एक सिनेमैटिक अनुभव बनाता है जो दर्शकों, खासकर युवाओं को साहिबजादों के साहस, विश्वास और बलिदान के मूल्यों के बारे में सिखाता और प्रेरित करता है। स्क्रिप्ट को सिख इतिहास के असली सोर्स के अनुसार तैयार किया गया है, जो गरिमा, सम्मान व ऐतिहासिक सटीकता सुनिश्चित करता है। लाइट एंड साउंड शो में चंडीगढ़ से आए कलाकार पलविंदर कौर, विक्रमजीत सिंह, अक्षयेंद्र सिंह, हरप्रीत सिंह हैप्पी, गुरूविंदर सिंह, हरजोत वीर सिंह, गुरुप्रित बेंद्र, राजविंदर सिंह, अतेंद्र सिंह, रणधीर सिंह सहित अन्य कलाकारों ने डायरेक्टर तलविंदर सिंह भुल्लर के मार्गदर्शन में प्रस्तुति दी।

## खबर संक्षेप

### एनजीओ प्रकोष्ठ के संयोजक बने विमल खंडेलवाल



**फरीदाबाद।** भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल द्वारा विमल खंडेलवाल को पार्टी के एनजीओ प्रकोष्ठ का जिला संयोजक मनोनीत किया। अध्यक्ष रामपाल ने कहा कि पार्टी ने यह जिम्मेदारी खंडेलवाल को उनके लंबे सामाजिक अनुभव, संगठन के प्रति समर्पण और समाजसेवा के कार्यों को देखते हुए सौंपी है।

### घर में चोरी करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने घर में घुसकर मोबाइल चोरी करने के एक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।सेक्टर-21 फरीदाबाद निवासी एक महिला द्वारा पुलिस चौकी सेक्टर-21 में दी गई शिकायत में आरोप लगाया गया कि 5 दिसंबर की सुबह दो अज्ञात व्यक्ति उसके घर में घुस आए और चार मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। शिकायत के आधार पर थाना एनआईटी में चोरी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

### इंश्योरेंस के नाम पर 35,288 की ठगी

**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ़ में दर्ज एक मामले में पॉलिसी बाजार का कर्मचारी बनकर इंश्योरेंस के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दरियाव नगर रोहतक निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना बल्लभगढ़ में दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास एक फोन कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाले ने स्वयं को पॉलिसी बाजार का कर्मचारी बताया और उसकी इंश्योरेंस पॉलिसी रिन्यू कराने के नाम पर भुगतान करने को कहा। जिस पर शिकायतकर्ता ने 17644 रुपए का भुगतान कर दिया।

### फोन हैक कर अकाउंट से 1.77 लाख निकाले

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में जालसाजों ने फोन हैक करके युवक के अकाउंट से 1,77,900 रुपये निकाल लिए। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। शिकायत में संदीप ने बताया कि 17 दिसंबर को उसके मोबाइल पर अनजान नंबर से लिंक आया था। उसने गलती से लिंक पर क्लिक कर दिया तो उसका मोबाइल हैक हो गया। जिसके बाद उसके एसबीआई बैंक खाते से 4900 रुपए निकाले।

### क्रेडिट कार्ड के जरिए लगाई 40 हजार की चपत

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में जालसाजों ने क्रेडिट कार्ड के जरिए एक युवक को 40 हजार रुपए की चपत लगा दी। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। शिकायत में संजीव कुमार ने बताया कि उसके एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड में 24 सितंबर को 40 हजार ट्रांजेक्शन का मैसेज मिला था। जबकि उसने किसी व्यक्ति को क्रेडिट कार्ड से रुपए नहीं भेजे थे। वहीं, 40 हजार रुपयों की ट्रांजैक्शन होने को उसके पास कोई ओटीपी भी नहीं आया ।

## केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर की अध्यक्षता में दिशा बैठक

# जलभराव व सीवर समस्या का स्थाई समाधान करने अफसरों को दिए निर्देश

केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने जेसीबी चौक, वाईएमसीए, सीकरी, गुडईयर सहित शहर के प्रमुख जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में जल निकासी एवं सीवर समस्या के स्थाई समाधान को लेकर एफएमडीए अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्रमुख ड्रेनेज और नालों की समयबद्ध सफाई, पंपिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा जल निकासी तंत्र की पूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) में अधिकारियों को कड़ी जवाबदेही तय करते हुए कहा कि स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर में जलभराव की समस्या को किसी भी स्थिति में दोबारा उत्पन्न न होने दिया जाए। शहर के सभी बड़े चौराहों व प्रमुख जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में जल निकासी को लेकर बेहतर इंतजाम करने में कोई कोर कसर न छोड़ जिससे की आम जन को कोई परेशानी न हो। गुर्जर लघु सचिवालय में दिशा की बैठक के दौरान अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए निर्देश दिए।

इस अवसर पर उनके साथ बड़खल विधायक धनेश अदलखा और नगर निगम मेयर प्रवीन जोशी भी मौजूद रही। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कुल 59 एजेंडों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इसमें योजनाओं के बजट व्यय, लाभार्थियों तक पहुंच, जमीनी प्रभाव और पारदर्शिता को प्रमुखता से लिया गया।

**खास बातें**

- यातायात जाम कम करने के वैकल्पिक यू-टर्न और डायवर्जन की व्यवस्था के निर्देश
- मंत्री ने निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने को कहा




### पानी निकालने के लिए पंपों की संख्या बढ़ाने पर भी जोर

उन्होंने कहा कि जेसीबी चौक, वाईएमसीए, सीकरी, गुडईयर सहित शहर के प्रमुख जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में जल निकासी एवं सीवर समस्या के स्थायी समाधान को लेकर एफएमडीए अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्रमुख ड्रेनेज पॉइंट्स और नालों की समयबद्ध सफाई, पंपिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा जल निकासी तंत्र की पूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने तथा पानी निकालने के लिए पंपों की संख्या बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि सडक़ों की गुणवत्ता की जांच के लिए वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी और सैम्पलिंग करवाई जाए, ताकि निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

### रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के माध्यम से कम्युनिटी सेंटरों का संचालन

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नगर निगम क्षेत्राधिकार में स्थित कम्युनिटी सेंटरों का संचालन संबंधित रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के माध्यम से किया जाएगा। संचालन एवं अनुरक्षण (ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस) की संरचना तैयार करने हेतु नगर निगम फरीदाबाद को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में सेक्टर 45 एवं 46 सहित अन्य क्षेत्रों में स्थित सामुदायिक केंद्रों के हैंडओवर की स्थिति की समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर कई केंद्रों का हैंडओवर किया जा चुका है तथा शेष केंद्रों का हैंडओवर भी चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।

## संभव जनसुनवाई

# नगर आयुक्त मलिक ने सुनीं जनता की समस्याएं तत्काल समाधान के दिए निर्देश




हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने मंगलवार को निगम अधिकारियों कर साथ संभव जनसुनवाई के दौरान जन समस्याओं को सुना। मौके पर 10 शिकायत प्राप्त हुई। जिन पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित अधिकारियों को दिए गए अधिकांश संदर्भ निर्माण विभाग तथा जलकल विभाग से प्राप्त हुए। जिसमें निर्माण विभाग से तीन, जलकल विभाग से तीन, टैक्स विभाग से एक, स्वास्थ्य विभाग से दो तथा अन्य विभाग से एक शिकायत प्राप्त हुई।

संभव में गोविंदपुरम से नाली बनाने, लाल कुआं से नालियों की सफाई, महाराजपुर साहिबाबाद से वाटर सप्लाई, भोपुरा से सड़क बनवाने पटेल नगर से श्वान संबंधित संदर्भ प्राप्त हुए जिन पर संबंधित विभागों ने मौके पर टीम भेज कर कार्यवाही प्रारंभ कराई गई। मौके पर अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह व अन्य उपस्थित रहे। नगर आयुक्त द्वारा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को रफ्तार से संभव में प्राप्त समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन संघ लिमिटेड, पंचकूला (हैफेड) | हैफेड कॉम्पलैक्स, भट्टू कलां (फतेहाबाद) में ईआई कार्यों सहित गोदामों, सड़कों की मरम्मत/पुनरोद्धार, सेप्टिक टैंक सहित लेबर टॉयलेट ब्लॉक, जल टैंक का निर्माण, वेब्रिज को ऊपर उठाना और वर्षा जल के सोकिंग हेतु इंजेक्शन वैल का प्रावधान। | 22.12.2025 05.01.2026 | रु. 1,98,50,213/- | www.hafed.gov.in | 1722920520 hafed@hry.nic.in |
| 2 | दि हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन संघ लिमिटेड, पंचकूला (हैफेड) | हैफेड कॉम्पलैक्स, पुण्डरी (कैथल) में लाइटिंग सिस्टम हेतु अपेक्षित गोदाम लाइट्स समेत स्ट्रीट लाइट्स की आपूर्ति व स्थापना और अन्य इलैक्ट्रिकल स्थापना मदें। (निविदा हरियाणा राज्य में केवल श्र व नि समितियों के लिए आरक्षित है) + 4 कार्य। | 22.12.2025 31.12.2025 | रु. 1,18,62,490/- | www.hafed.gov.in | 1722920520 hafed@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/41405/I/88/7 दि. 23.12.25

### लड़ाई-झगड़े के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

22 दिसंबर को पुलिस चौकी सेक्टर.11 की टीम ने लड़ाई-झगड़े के एक मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मिलाड कॉलोनी फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस चौकी सेक्टर-11 में शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि 21 दिसम्बर को जब वह अपने घर से बाटा चौक की तरफ जा रहा था, तो रास्ते में आकाश अपने दोस्तों के साथ बैठा मिला और आकाश ने उसे देखकर गाली-गलौच शुरू कर दी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पंकज यादव** पुत्र लाल बाबू यादव, निवासी डी–1073, जे.जे. कॉलोनी, शिव विहार, उत्तम नगर, द्वारका, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 465/2021 धारा 336/34, भा.द.स., थाना पश्चिम विहार पूर्व, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **पंकज यादव** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **पंकज यादव** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 465/2021 धारा 336/34, भा.द.स., थाना पश्चिम विहार पूर्व, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **पंकज यादव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **17.02.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री भारती गर्ग**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–II,**
**कमरा नंबर 31,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/17207/OD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक उर्फ राहुल, पुत्र राम फूल निवासी खसरा नंबर 146, पोस्ट ऑफिस कल्लू डेयरी के पास, रिठाला, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 511/13 भा.द.सं. की धारा 356/379/411 के तहत, थाना नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक उर्फ राहुल** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक उर्फ राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 511/13 भा.द.सं. की धारा 356/379/411 के तहत, थाना नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दीपक उर्फ राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **23.02.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ईब्बनी अग्रवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03, उत्तर-पश्चिम, कोर्ट नं.107
प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली

DP/17157/RD/2025

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | फतेहाबाद जिले में टोहाना में नये बस स्टैंड (6 बेज) के लैंडस्केपिंग कार्य के विकास हेतु आकलन। | 19.12.2025 30.12.2025 | 10.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में आरडी 17895 पर रतोखेड़ा जिला और आरडी 17947 पर भुना रतिया रोड क्रॉसिंग रतिया सब ब्रांच (सुखचैन कैनाल) पर पुल का पुनर्निर्माण / विस्तार। | 19.12.2025 29.12.2025 | 52.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in 5209016 |
| 3 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में टोहाना में मौजूदा ज्यूडीशियल ब्लॉक में लिफ्ट का प्रावधान। | 19.12.2025 29.12.2025 | 7.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प रोहतक | अलेवा में रेवेन्यू ऑफिसर्स के 2 अदद आवास और 8 अदद ट्रांजिट फ्लैट्स का निर्माण (इलैक्ट्रिकल पैनल का प्रावधान केवल)। | 22.12.2025 29.12.2025 | 0.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में जीन्द में ऑफिसर कॉलोनी में रेवेन्यू ऑफिसर्स/कर्मचारियों के लिए 56 अदद आवासों का निर्माण। | बंद होने की तिथि 09.01.2026 | 2071.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव हरफाला ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में अपशिष्ट जल (जीडब्ल्यूएम) की शोधन प्रक्रिया और ड्रेन्स का निर्माण + 6 कार्य। | 22.12.2025 31.12.2025 | 200.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज सोनीपत | गांव हुल्लाहेड़ी ब्लॉक सोनीपत में आईपीबी फिरनी का निर्माण + 1 कार्य। | 22.12.2025 30.12.2025 | 80.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | वर्ष 2025 के मॉनसून के पश्चात कैनाल कॉलोनी, हिसार रोड, सिरसा से जंगली वनस्पति/जंगल और मलबा ढेरों को हटाना। | बंद होने की तिथि 29.12.2025 | 1.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd1925@yahoo.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | रबी सीजन 2025-26 से पूर्व आरडी 0 से 43050 तक टेल माइनर की आंतरिक सफाई + 4 कार्य। | 19.12.2025 26.12.2025 | 6.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2255291 knldivn335@gmail.com |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | विभिन्न घाटों समेत आरडी 0 से 27000 तक भिवानी सब ब्रांच की रिमॉडलिंग + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 07.01.2026 | 5849.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 11 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मण्डी डबवाली | कालांवाली कस्बा अमरूत 2.0 :- "2 अदद एस/एस टैंक, पीसी, चारदिवारी, रोड और पथ के निर्माण, फिल्टर बैड्स की मरम्मत, जलघर पर फालतू मिट्टी को हटाना और सम्प वैल, पीसी, राइजिंग मेन, चारदिवारी का निर्माण, 2 अदद नये बूस्टिंग स्टेशनों का निर्माण और 3 अदद बूस्टर्स का संवर्धन, कार्य अर्थात यूजीआर, प्रत्येक बूस्टर पर पम्पिंग मशीनरी और टैप कनेक्शनों के साथ-साथ वितरण प्रणाली का निर्माण और वाटर मीटर तथा उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य हेतु डीएनआईटी।" सीएच.हैड :- कालांवाली :- जलापूर्ति योजना का अपडेशन, पुनरोद्धार, 2 अदद बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण और कालांवाली कस्बा जिला सिरसा में वितरण प्रणाली का मजबूतीकरण (अमरूत 2.0)। | 19.12.2025 05.01.2026 | 904.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 12 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मण्डी डबवाली | मण्डी डबवाली अमरूत 2.0 :- "3 अदद स्वच्छ जल टैंक, 4.00 एमएलडी डब्ल्यूटीपी, रोड और पथ का निर्माण, एससीएडीए सिस्टम की मरम्मत, द्वितीय जलघर पर पम्पिंग मशीनरी, फिल्टर बैड की मरम्मत, पुराने जलघर में एससीएडीए सिस्टम, पम्पिंग मशीनरी की मरम्मत और सम्प वैल, पीसी, राइजिंग मेन, चारदिवारी का निर्माण, बूस्टिंग स्टेशन, 2 अदद यूजीआर, पीसी, चारदिवारी, आईपीबी रोड, पम्पिंग मशीनरी का निर्माण, स्टील ट्रस ब्रिज और टैप कनेक्शनों के साथ-साथ वितरण प्रणाली का निर्माण तथा वाटर मीटर और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य"। सीएच. हैड :- मण्डी डबवाली :- जलापूर्ति योजना के अपग्रेडेशन और लैब कॉम्पलैक्स के निकट बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण और मण्डी डबवाली जिला सिरसा में वितरण प्रणाली के मजबूतीकरण हतु आकलन (अमरूत 2.0)। | 19.12.2025 05.01.2026 | 1089.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | लोहारू फीडर के आरडी 12840 पर डी.आर. ब्रिज का पुनर्निर्माण + 2 कार्य। | 18.12.2025 01.01.2026 | 461.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1250297003 xenlwsdadri@gmail.com |
| 14 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग रेवाड़ी | गांव बिसोहा में प्रोटेक्शन वॉल। | 19.12.2025 29.12.2025 | 13.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812789127 ascorewari2025@gmail.com |
| 15 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग रेवाड़ी | गांव नंधा में तालाब का पुनरोद्धार। | 19.12.2025 29.12.2025 | 13.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812789127 ascorewari2025@gmail.com |
| 16 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हिसार | गांव सातरोड कलां (हिसार-I)/भागाना (हिसार-I)/रामायण (हांसी-I) में वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट के माध्यम से सैलाइन भूमि और वाटरलॉग्ड सोइल का रिक्लेमेशन। | 22.12.2025 05.01.2026 | 448.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813562162 ascohisar@gmail.com |
| 17 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हिसार | गांव मदनहेड़ी, ब्लॉक हांसी-II में वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट के माध्यम से भूमि विकास कार्यक्रम। | 22.12.2025 05.01.2026 | 213 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813562162 ascohisar@gmail.com |
| 18 | वन विभाग चरखी दादरी | रेंज फोरेस्ट ऑफिस का निर्माण। | 20.12.2025 29.12.2025 | 31.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901296600 dfodadri@yahoo.com |
| 19 | वन विभाग भिवानी | बिल्डिंग आरएफओ आवास लोहारू के निर्माण हेतु निविदा। | 08.12.2025 31.12.2025 | 14.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01664-242430 dfo.bhiwani@yahoo.com |
| 20 | बागवानी विभाग, सीओई, पियानगवा, नूह | वर्ष 2025-26 हेतु सीओई, पिनांगवान (नूह) में "नये एल्यूमीनेट नेट, ग्रीन शैड नेट, पॉलीनेट हाउस और प्रोटेक्टेड स्ट्रक्चर में अन्य नई मदों की मरम्मत और स्थापना" हेतु पुनर्निविदा। | 24.12.2025 07.01.2026 | ईएमडी 30000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9354801351 coepinangawa0@gmail.com |
| 21 | बागवानी विभाग, सीओई, पियानगवा, नूह | वर्ष 2025-26 हेतु सीओई, पिनांगवान (नूह) में "प्याज पौध उत्पादन हेतु मेनियल कार्यों और जॉब रोल आधार पर अन्य केन्द्र कार्यों के लिए दर अनुबंध" हेतु पुनर्निविदा। | 24.12.2025 07.01.2026 | ईएमडी 30000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9354801351 coepinangawa0@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/420/41398/I/88/7 दि. 23.12.25

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में लिए तीन अहम निर्णय

# दिल्ली की सभी बस सेवाएं पूर्ण रूप से डीटीसी द्वारा की जाएगी संचालित : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में दिल्ली की सभी बस सेवाओं को पूर्ण रूप से डीटीसी द्वारा संचालित किए जाने समेत तीन महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मंगलवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में ग्रीन, क्लीन और फ्यूचर-रेडी दिल्ली की दिशा में तीन अहम निर्णय लिए गए। इसमें पहला निर्णय 1 अप्रैल 2026 से डीआईएमटीएस द्वारा संचालित सेवाएं समाप्त कर राजधानी की सभी बस सेवाएं पूर्ण रूप से डीटीसी द्वारा संचालित की जाएंगी। इससे बस संचालन अधिक प्रभावी होगा, सेवाएं समयबद्ध बनेंगी और यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी व अधिक सुविधाजनक पब्लिक ट्रांसपोर्ट मिलेगा। वहीं दूसरे फैसले में दिल्ली के जलाशयों और जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने का निर्णय लिया गया है। इससे भूजल स्तर में सुधार होगा, जैव विविधता को बढ़ावा मिलेगा और स्वच्छ जल स्रोतों का संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा तीसरा फैसले में होलंबी कलां में 'ई बेस्ट-ईको पार्क' स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। यह पहल इलेक्ट्रॉनिक कचरे के वैज्ञानिक और सुरक्षित निपटान को सुनिश्चित करेगी और पर्यावरण संरक्षण को मजबूती देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैबिनेट के ये फैसले आज की जरूरतों के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण, मजबूत सार्वजनिक सेवाएं और सुरक्षित भविष्य की ठोस नींव रखते हैं।

कैबिनेट बैठक बाद विस्तार से जानकारी देते हुए मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि कैबिनेट ने दिल्ली के जलाशयों के पुनर्जीवन के लिए 100 करोड़ रुपए की राशि को मंजूरी दी है। दिल्ली में कुल 1 हजार ऐसे जलाशय हैं। इनमें से लगभग 160 जलाशय दिल्ली सरकार के अधीन हैं। सिरसा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि इस काम को समय पर पूरा करने के लिए सभी जरूरी कदम सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने बताया कि पहले डीपीसीसी द्वारा 19 करोड़ रुपए दिए गए थे। अब अतिरिक्त 100 करोड़ से सभी चिन्हित जलाशयों के 100 प्रतिशत पुनर्जीवन का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही डीडीए से भी इसी तरह की कार्रवाई के लिए समन्वय किया जाएगा। सिरसा ने बताया कि कैबिनेट ने होलंबी कलां में 11.5 एकड़ में बनने वाले दिल्ली के पहले ई-वेस्ट पार्क को भी मंजूरी दी। यह पूरी तरह सर्कुलर मॉडल पर आधारित होगा, जहां ज़ीरो वेस्ट और ज़ीरो प्रदूषण के सिद्धांतों का पालन किया जाएगा।यह देश का पहला ऐसा आधुनिक ई-वेस्ट पार्क होगा, जहां पानी और हवा दोनों को प्रदूषित होने से बचाया जाएगा। यहां इस्तेमाल होने वाला पूरा पानी दोबारा रिसायकल किया जाएगा। सिरसा ने बताया कि एक और अहम फैसले में कैबिनेट ने दिल्ली की बस सेवाओं का संचालन डीआईएमटीएस से हटाकर डीटीसी को सौंपने को मंजरी दी है। यह व्यवस्था अगले वित्तीय वर्ष से लागू होगी।



### 'नो पीयूसीसी, नो फ्यूल' जारी रहेगा : सिरसा

पर्यावरण मंत्री सिरसा ने कहा कि दिल्ली सरकार ने तय किया है कि ग्रैप हटने के बाद भी 'नो पीयूसीसी, नो फ्यूल' अभियान जारी रहेगा। मंत्री ने कहा कि बिना वैध पीयूसीसी के वाहन चलाना दिल्ली की हवा के खिलाफ अपराध जैसा है। मंत्री ने बताया कि हालिया जांच में 12 पीयूसी केंद्रों में गड़बड़ियां पाई गई हैं। आगे भी लगातार जांच और निगरानी जारी रहेगी। मंत्री ने बताया कि डीपीसीसी ने 411 प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों को बंद करने के नोटिस दिए। वहीं एमसीडी ने 400 इकाइयों को सील किया, कुल मिलाकर 800 से ज्यादा कार्रवाई हुई। चार नए ऑटोमेटेड वाहन परीक्षण केंद्र जल्द शुरू होंगे और ऊंची इमारतों में धूल नियंत्रण के लिए मिस्ट आधारित सिस्टम लगाने की अनुमति दी जाएगी। सिरसा ने कहा कि फैक्ट्री हो या पेट्रोल पंप, कोई भी प्रदूषक अब जवाबदेही से नहीं बच पाएगा।

## दक्षिण दिल्ली की प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को दी मंजूरी

■ मोदी मिल एवं सावित्री सिनेमा फ्लाईओवर और एमबी रोड स्टॉर्म वाटर ड्रेन से ट्रैफिक व जलभराव की समस्या का होगा समाधान : प्रवेश वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली की आधारभूत संरचना को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए दिल्ली सरकार की व्यय वित्त समिति (ईएफसी)ने तीन लंबे समय से लंबित और महत्वपूर्ण परियोजनाओं -मोदी मिल फ्लाईओवर, सावित्री सिनेमा फ्लाईओवर और एमबी रोड स्टॉर्म वाटर ड्रेन परियोजना को मंजूरी दे दी है। इस बात की जानकारी दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दी है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से सिग्नल-फ्री यातायात, सड़क क्षमता में वृद्धि और बेहतर आवागमन सुनिश्चित होगा, जिससे रोजाना आने-जाने वाले हजारों नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। इन सभी परियोजनाओं को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा। कुल मिलाकर 759 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के साथ यह पहल सरकार की समन्वित, दीर्घकालिक और भविष्य-उन्मुख शहरी विकास नीति को दर्शाती है। मंत्री ने बताया कि मोदी मिल एवं सावित्री सिनेमा फ्लाईओवर परियोजना के अंतर्गत मोदी मिल फ्लाईओवर से आईआईटी गेट चौराहे तक का पूरा कॉरिडोर दोनों दिशाओं में तीन-तीन लेन का होगा, जिससे यातायात अधिक सुगम, तेज़ और निर्बाध हो सकेगा। इस परियोजना में आउटर रिंग रोड–कैप्टन गौर मार्ग चौराहे पर नए दो-तरफा मोदी मिल फ्लाईओवर का निर्माण, सावित्री सिनेमा चौराहे पर मौजूदा फ्लाईओवर का दोहरीकरण तथा आउटर रिंग रोड कॉरिडोर की क्षमता में व्यापक वृद्धि शामिल है। इस फ्लाईओवर परियोजना की कुल स्वीकृत लागत 371 करोड़ 75 लाख रुपए है, जिसमें मोदी मिल फ्लाईओवर पर 312 करोड़ 94 लाख रुपए और सावित्री सिनेमा फ्लाईओवर पर 58 करोड़ 81 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। परियोजना की कुल निर्माण अवधि 30 माह निर्धारित की गई है।

### दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र 5 जनवरी से होगा शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र आगामी 5 जनवरी 2026 से शुरू होने जा रहा है। मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में सत्र 5 से 8 जनवरी तक बुलाने की मंजूरी दी गई है। इस सत्र के दौरान राजधानी से जुड़े कई महत्वपूर्ण विधायी कार्यों और जनहित के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।सत्र के पहले दिन से ही सदन में हंगामे के आसार जताए जा रहे हैं। विपक्षी दल (आम आदमी पार्टी) ने सरकार को घेरने के लिए कमर कस ली है। मुख्य रूप से बढ़ता वायु प्रदूषण, यमुना की सफाई और शहर में गंदगी जैसे मुद्दों पर विपक्ष सत्ताधारी पार्टी (भाजपा) से जवाब मांगेगा। हाल ही में राजधानी में सड़कों की स्थिति और मोहल्ला क्लिनिक बंद होने व अस्पतालों में दवाइयों की कमी को लेकर उठे विवादों पर भी तीखी बहस होने की संभावना है। दूसरी ओर, सरकार इस सत्र में कई महत्वपूर्ण अनुपूरक अनुदान मांगों को मंजूरी दिला सकती है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में चल रही योजनाओं के लिए अतिरिक्त बजट का प्रावधान सत्र के मुख्य एजेंडे में शामिल है।

## एमसीडी ने कार्रवाई कर अवैध जींस डाइंग यूनिट को किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली को सुरक्षित और स्वच्छ' बनाए रखने के अभियान के तहत दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने शाहदरा नॉर्थ जोन' में सख्त प्रवर्तन कार्रवाई की है। एमसीडी प्रशासन ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि एमसीडी टीम ने तुकमीरपुर (शेरपुर गांव) में संचालित एक अवैध जींस डाइंग यूनिट को सील कर दिया, जो पर्यावरणीय और नागरिक मानकों का उल्लंघन करते हुए संचालित की जा रही थी। एमसीडी अधिकारियों के अनुसार, शाहदरा नॉर्थ जोन में इस माह अब तक कुल 37 अवैध औद्योगिक इकाइयों को सील किया जा चुका है, जिनमें 17 जींस डाइंग यूनिट शामिल हैं। ये इकाइयां बिना संबंधित अनुमति के चल रही थीं और क्षेत्र में जल व वायु प्रदूषण फैलाने का कारण बन रही थीं, जिससे स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। निगम ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई नियमों के सख्त अनुपालन, प्रदूषण नियंत्रण और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के प्रति एमसीडी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अधिकारियों ने कहा कि अवैध औद्योगिक गतिविधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। एमसीडी का लक्ष्य राजधानी को 'स्वच्छ, हरित और सुरक्षित दिल्ली' बनाना है। इसके लिए पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली किसी भी गतिविधि के प्रति 'जीरो टॉलरेंस नीति'' अपनाई जाएगी और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।



### गुरुद्वारा कमेटी 27 को मनाएगी गुरु पर्व

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलों ने घोषणा की है कि गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर 27 दिसंबर 2025 को गुरु पर्व मनाएगी। जबकि 25 दिसंबर को नगर कीर्तन सजाया जाएगा और छोटे साहिबजादों और माता गुजरी के शहीदी दिवस पर 26 दिसंबर को समागम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह फैसले श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों का पालन करते हुए लिए गए है। उन्होंने बताया कि प्रकाश पर्व के संबंध में नगर कीर्तन 25 दिसंबर को गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब से सुबह 10 बजे आरंभ होकर दिल्ली के विभिन्न इलाकों से होता हुआ गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, एल-ब्लॉक, आनंद विहार हरि नगर में संपन्न होगा। जबकि 27 दिसंबर को गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में दीवान सजाए जाएंगे।


## कर्मचारी, गाड़ियों और संसाधनों की कमी से जूझ रहा विजय विहार वार्ड, जनता बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम में कर्मचारी, गाड़ियां और संसाधनों की कमी होने से जनता बेहाल है और सुननी पार्षद को पड़ रही है। दिल्ली नगर निगम में विजय विहार वार्ड 24 से पार्षद पुष्पा सोलंकी ने हाल ही में निगम मुख्यालय में आयोजित सदन बैठक में यह मामला महापौर के सामने उठाया। उन्होंने बताया कि उनके क्षेत्र के साथ खुला ''भेदभाव'' किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हालात यह हैं कि तीन वार्डों का कूड़ा उनके वार्ड में आकर डाला जाता है, जिससे स्थिति और भी भयावह हो गई है। उन्होंने कहा कि उनके वार्ड में न तो पर्याप्त सफाई कर्मचारी हैं, न मलेरिया विभाग का स्टाफ और न ही उद्यान विभाग में कर्मचारियों की कोई व्यवस्था मौजूद है।

पार्षद पुष्पा सोलंकी ने बताया कि जहां आसपास के वार्डों में 15-15 कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां उपलब्ध हैं, वहीं उनके वार्ड को महज तीन गाड़ियां दी गई हैं, जिनमें से एक अक्सर खराब रहती है। ऐसे में इतने बड़े इलाके में नियमित सफाई कराना लगभग असंभव हो गया है। उन्होंने कहा कि वार्ड में न तो सफाई के लिए रिक्शा उपलब्ध कराए गए हैं और न ही तय मानक के अनुसार कर्मचारी तैनात किए गए हैं। वार्ड की कई कॉलोनियां अनधिकृत हैं, जहां कचरा लंबे समय तक सड़कों पर पड़ा रहता है।

पार्षद ने अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार वार्ड समिति बैठकों में मुद्दा उठाने के बावजूद केवल आश्वासन दिए जाते हैं, ज़मीनी स्तर पर कोई काम नहीं होता।



■ तीन वार्डों का कूड़ा हमारे वार्ड में आकर डाला जाता : पुष्पा

## हरिभूमि में खबर छपने के बाद जागी सरकार फिलहाल 12 पीयूसीसी सेंटरों पर लिया सख्त एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में नो पीयूसी, नो फ्यूल के नियम कठोरता से लागू करने के दावों के बावजूद दिल्ली में पीयूसीसी संचालक अवैध वसूली में लगे है। ऐसे में हरिभूमि समाचार पत्र ने 20 दिसंबर 2025 को थर्ड रजिस्ट्रेशन मार्क से पीयूसी संचालकों की चांदी, 1-2 हजार में बना रहे है दिल्ली से बाहर का प्रमाण पत्र, के नाम से प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। इस खबर के बाद दिल्ली का परिवहन विभाग अलर्ट हुआ और विभिन्न पीयूसी केंद्रों की जांच शुरू की। परिवहन विभाग की टीमों को कई पीयूसी केंद्रों पर ऐसा देखने को मिला, इसके अलावा भी कुछ और कमियों देखने को मिली। जिसके बाद परिवहन विभाग ने रिपोर्ट संबंधित मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा को सौंपी, तथा रिपोर्ट पर संज्ञान लेने के बाद उन्होंने सख्त कार्रवाई के आदेश दिए है। मंत्री के आदेश पर परिवहन विभाग ने शुरुआत में लगभग 12 पीयूसीसी केंद्रों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने की बात कही है। बताया जा रहा है कि अभी कई और पीयूसी केंद्र परिवहन विभाग के निशाने पर है, उन पर भी जल्द कार्रवाई हो सकती है। सनद रहे कि दिल्ली में लगातार बढ़ते प्रदूषण के कारण सरकार कई कठोर कदम उठा रही है। इनमें नो पीयूसी, नो फ्यूल एक महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन भ्रष्टाचार के चलते दिल्ली के कई पीयूसी केंद्र अवैध वसूली करके हाथों हाथ बाहरी पीयूसी प्रमाण पत्र बना रहे थे। इसके अलावा अधिक वसूली करना, वाहन द्वारा प्रदूषण फैलाने के बावजूद पीयूसी प्रमाणपत्र जारी करना आदि का खेल चल रहा है।



हरिभूमि

सीएनजी, पेट्रोल व डीजल वाहनों के लिए अनिवार्य है स्टिकर

थर्ड रजिस्ट्रेशन मार्क से पीयूसी संचालकों की चांदी, 1-2 हजार में बना रहे है दिल्ली से बाहर का प्रमाण पत्र

### किसान दिवस पर किसानों ने कृषि वैज्ञानिकों के साथ की चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत के पांचवें पूर्व प्रधानमंत्री एवं महान किसान नेता चौधरी चरण सिंह की जयंती (राष्ट्रीय किसान दिवस) के अवसर पर मंगलवार को पूरे देश में किसान दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आईएआरआई नवोन्मेषी किसान कॉन्क्लेव कार्यक्रम मंगलवार को पूसा कृषि संस्थान परिसर स्थित कृषि इंजीनियरिंग डिवीजन के ऑडिटोरियम में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। वहीं, कृषि विज्ञान केंद्र उजवा में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. डी. के. राणा ने बताया कि यहां परिसर में किसानों ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का संबोधन सुना। पूसा परिसर में देश के नवोन्मेषी किसानों ने कृषि वैज्ञानिक के साथ मन की बात पर चर्चा की। कार्यकम में देश से आए किसान प्रकाश मोहनलाल फाफना, युवा किसान अभिषेक धामा, राजीव कुमार सिंह, गद्दे सतीश बाबू (आंध्र प्रदेश), शितेंद्र कुमार सिंह जोगी ने अपने कृषि अनुभवों को साझा किया।




# एलजी ने केजरीवाल पर फोड़ा प्रदूषण लेटर बम दोहरे रवैये की आलोचना कर गिनाई कमियां

### केजरीवाल को उपराज्यपाल द्वारा लिखा पत्र जनता की पीड़ा दर्शाता है : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल को लिखा 56 सूत्री पत्र बेशक लिखा उपराज्यपाल सक्सेना ने जरूर है पर उसका हर शब्द दिल्ली की जनता जो 10 साल जन समस्याएं झेलती रही थी उसके नागरिकों की पीड़ा को दर्शाता है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए उक्त बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि यह पत्र अरविंद केजरीवाल की दस साल की भ्रष्टाचार में लिप्त नकारात्मक राजनीतिक एवं प्रशासनिक कार्यशैली की समीक्षा करता है और उन्हें राजनीतिक आईना दिखाता है।

### दिल्ली को भयंकर प्रदूषण में छोड़ गुजरात में मौज मस्ती कर रहे एलजी : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना द्वारा प्रदूषण को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चिट्ठी लिखने पर तीखा पलटवार किया है। आप ने कहा कि एलजी दिल्ली वालों को भयंकर प्रदूषण में छोड़ गुजरात में मौज मस्ती कर रहे हैं। लगता है प्रदूषण का असर एलजी के दिमाग पर हो गया है और उनकी याददाश्त चली गई है। तभी तो मौजूदा सीएम की बजाए पूर्व सीएम को पत्र लिख रहे हैं। आप ने कहा कि कैमरा जीवी एलजी को खुद की सरकार भाव नहीं दे रही है तो मीडिया में बने रहने के लिए लेटरबाजी कर रहे हैं। एलजी को बताना चाहिए कि रेखा गुप्ता सरकार से दिल्ली के प्रदूषण पर कब सवाल पूछेंगे? भाजपा सरकार प्रदूषण रोकने में फेल हो गई तो अब लोगों का ध्यान भटकाने के लिए अपने एलजी से लेटर लिखवा रही है।

### एलजी की केजरीवाल को चिट्ठी साबित करती है प्रदूषण पर भाजपा-आप की नूरा कुश्ती: यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने एलजी द्वारा पूर्व सीएम को लिखे पत्र को लेकर भाजपा व आम आदमी पार्टी को कटघरे में खड़ा किया है। यादव ने तीखा हमला करते हुए कहा कि एलजी ने पत्र लिखकर साबित किया है कि भाजपा और आम आदमी पार्टी प्रदूषण नियंत्रण पर केवल नूरा कुश्ती कर रही है। क्योंकि दोनों ने दिल्ली का दम घोटने वाले प्रदूषण पर दिखावे के अलावा कुछ नही किया। दिल्ली के 3 करोड़ से अधिक लोगों को खतरनाक गंभीर प्रदूषण से राहत दिलाने के लिए भाजपा की चार इंजन की सरकार भी पूरी तरह असंवेदनशीलता का परिचय दे रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में वायु प्रदूषण को लेकर इस बार उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पूर्व सीएम व आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल पर प्रदूषण को लेकर लेटर बम फोड़ा है। एलजी सक्सेना ने पूर्व सीएम केजरीवाल को खुला पत्र लिखते हुए कहा कि बतौर सीएम केजरीवाल के दोहरे रवैये की आलोचना करते हुए कई कमियां गिनाई है। एलजी ने प्रमुखता से लिखा कि आपने सीएम रहते हुए कभी भी दिल्ली में प्रदूषण को गंभीरता से नहीं लिया। एलजी ने साफ लिखा कि क्योंकि जब मैं आपसे प्रदूषण पर चर्चा व इससे निपटने की बात करता तो केजरीवाल जी आपने साफ कहा था कि ''सर, यह हर साल होता है, 15-20 दिन मीडिया में उठता है, एक्टिविस्ट और कोर्ट मुद्दे बनाते है, और फिर बाद में सब भूल जाते है आप भी इस पर ज्यादा ध्यान मत दीजिए। एलजी ने पत्र में लिखा कि राजधानी में आपातकालीन वायु स्थिति के लिए आप और आपकी सरकार की 11 साल की उपेक्षा और आपराधिक निष्क्रियता ज़िम्मेदार है। उन्होंने लिखा कि सालों से पूरी तरह से खराब पड़ी सड़कों ने धूल प्रदूषण (पीएम 10 और 2.5) को अभूतपूर्व रूप से बढ़ा दिया। एलजी ने लिखा कि केजरीवाल आपने मेट्रो फ़ेज़-चार और आरआरटीएस को रोक दिया जो सार्वजनिक परिवहन को बेहतर बनाने और वायु प्रदूषण को कम करने के लिए बेहद ज़रूरी थे। आपने भारत सरकार द्वारा दिल्ली की सड़कों के लिए फंड की गई ई-बसों को रोक दिया, सिर्फ़ इसलिए क्योंकि आप उन पर अपनी तस्वीर चाहते थे। यमुना और नाले भी 11 सालों तक आपकी उदासीनता के कारण बंद पड़े रहे। साल दर साल, यमुना की सफाई के दावे झूठे साबित हुए। एक दशक से ज़्यादा समय से सीवर लाइनों और नालों की डी-सिल्टिंग तक नहीं कराई आपने, जिससे इनमें 80-90 प्रतिशत ब्लॉकेज हुई जिससे शहर में बाढ़ आ गई थी। आपने खुद स्वीकार किया था कि दिल्ली का 58 प्रतिशत पानी ट्रांसमिशन में बर्बाद हो जाता है। वजीराबाद वॉटर रिजर्वॉयर 96 प्रतिशत तक गाद से भर गया फिर भी, आप दिल्ली की पानी की समस्याओं के लिए हरियाणा और यूपी को दोष देते रहे। एलजी ने लिखा कि मैं न चाहते हुए भी आपको लिख रहा हूँ, ताकि आपने अपने बारे में जो झूठी पब्लिक इमेज बनाई है, वह लोगों को पता चले क्योंकि जनता ही हमारे लोकतंत्र में अंतिम जज हैं।



# कृष-4 में रजत बेदी करेगा खूंखार विलेन का रोल!

**मुंबई।** ऋतिक रोशन की फिल्म कृष-4 बॉलीवुड की कुछ मोस्ट अवेटेड फिल्मों में शुमार है। फिल्म के पिछले सभी पार्ट ब्लॉकबस्टर हिट रहे हैं और चौथे पार्ट का दर्शक काफी वक्त से इंतजार कर रहे हैं। इस बार कई चीजें अलग होने वाली है, लेकिन जिस सवाल का जवाब दर्शक काफी वक्त से जानना चाह रहे हैं वो यह, कि इस बार कौन विलेन का रोल प्ले करता नजर आएगा? इस बार खबर है कि रजत बेदी फिल्म में विलेन का रोल प्ले करते नजर आ सकते हैं। रजत बेदी ने फिल्म 'कोई मिल गया' में निगेटिव रोल प्ले किया था और उनके काम की काफी तारीफ हुई थी।

## लाइफ Style



# कियारा

## किसी भी इंडस्ट्री में तनाव अच्छा नहीं

दीपिका पादुकोण के आठ घंटे काम करने की मांग करने के बाद इस मुद्दे को लेकर इंडस्ट्री में एक बहस चल रही है। हालांकि, इस मामले पर दीपिका को इंडस्ट्री के कई लोगों का समर्थन भी मिला है। अब इस बहस में नई-नवेली मां बनीं कियारा आडवाणी ने भी एंट्री की है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

मां बनने के बाद पहली बार कियारा ने अब आठ घंटे काम करने के मुद्दे पर अपनी राय दी है। उन्होंने प्रोफेशनल जिंदगी और पर्सनल जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया है। एक बातचीत में कियारा आडवाणी ने मां बनने के बाद काम और व्यक्तिगत जिंदगी में संतुलन के महत्व को लेकर बात की। आठ घंटे की शिफ्ट पर चल रही बहस के बारे में पूछे जाने पर कियारा ने कहा कि किसी भी इंडस्ट्री में अत्यधिक तनाव किसी के लिए भी अच्छा नहीं होता। मेरे काम करने का तरीका प्रमुख रूप से तीन प्वॉइंट्स पर निर्भर रहता है। ये हैं- गरिमा, संतुलन और सम्मान। ये तीनों आधार मेरे घर पर और मेरे प्रोफेशनल स्टाफ पर भी लागू होते हैं। अपने काम को लेकर कियारा ने बताया कि वह नई स्क्रिप्ट की तलाश कर रही हैं और आने वाली एक बायोपिक को लेकर खासा उत्साहित हैं। एक्ट्रेस का मानना है कि अब उनके किरदार शैली से ज्यादा कहानी की गहराई पर आधारित होते हैं। अब वह स्क्रिप्ट का चयन कहानी को देखकर करती हैं। उसके जॉनर से कोई लेना-देना नहीं है। बेटी के जन्म के बाद काम को कैसे मैनेज करती हैं, इस पर कियारा ने कहा कि सरायाह के जन्म के बाद से मेंटल हेल्थ मेरी सबसे प्रमुख प्राथमिकता बन गई है।

## हॉलीवुड मसाला



# परिवार संग आउटिंग पर निकले

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ियों में शुमार जेंडाया और टॉम होलैंड एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह कोई फिल्म या रेड कार्पेट नहीं, बल्कि एक बेहद सादगी भरा फैमिली मोमेंट है। सगाई के बाद दोनों को पहली बार टॉम होलैंड के पूरे परिवार के साथ एक वीकेंड आउटिंग पर देखा गया, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। यह खास आउटिंग लॉस एंजेलिस में आयोजित 'द ट्रेटर्स- लाइव एक्सपीरियंस' के दौरान हुई।



# क्रिस्टोफर की द ओडिसी का ट्रेलर रिलीज...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'द ओपेनहाइमर' के बाद क्रिस्टोफर नोलन एक और धमाकेदार फिल्म लेकर दर्शकों के बीच पहुंचने वाले हैं। फिल्म का नाम है, 'द ओडिसी'। इस फिल्म का जब से ऐलान हुआ है, दर्शकों के बीच खासा उत्साह देखा जा रहा है। ट्रेलर में एक्टर मैट डैमन को इथाका के राजा ओडीसियस के रूप में दिखाया गया है, जो ट्रोजन युद्ध के बाद अपने सैनिकों को घर ले जा रहे हैं। 'द ओडिसी' के ट्रेलर में समुद्री दृश्य काफी ज्यादा देखने को मिले हैं, जिन्हें बेहद खूबसूरती से फिल्माया गया है। युद्ध के बाद घर लौटते सैनिक हों या फिर युद्ध के दौरान के हालात। नाव पर सवार सैनिकों के जत्थे वाला सीन रोंगटे खड़े कर देता है। वहीं, ट्रेलर के आखिर में सैनिक की पार्टनर द्वारा लिया गया घर वापसी के वादे वाला सीन काफी मार्मिक है।



# एनिमल के दूसरे पार्ट में भी आएंगी नजर

**मुंबई।** रणबीर कपूर की ऑलटाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' तमाम आलोचनाओं के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। मेकर्स ने पहली फिल्म के अंत में ही फिल्म के दूसरे पार्ट 'एनिमल पार्क' की घोषणा कर दी थी। एनिमल में रणबीर कपूर की बड़ी बहन का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री सलोनी बत्रा हाल ही में अमेजन एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज 'भय' में नजर आई हैं। अब सलोनी बत्रा ने रणबीर कपूर की आगामी फिल्म 'एनिमल पार्क' को लेकर बात की। इस दौरान अभिनेत्री ने कंफर्म किया कि वो एनिमल पार्क का हिस्सा होंगी। अपने रोल को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि मैं 'एनिमल 2' में जरूर रहूंगी। लोगों को एनिमल पसंद आई थी, इसलिए मेकर्स एंटरटेनमेंट और एक्शन के लिए इस तरह की फिल्में बनाना चाहते हैं।



# बेटी आराध्या संग न्यू ईयर मनाने निकले

**मुंबई।** बॉलीवुड के सबसे चर्चित और पसंदीदा कपल्स में शुमार ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन एक बार फिर अपनी पारिवारिक बॉन्डिंग को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में दोनों को अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया, जहां यह कपल फैमिली वेकेशन के लिए रवाना होते नजर आया। एयरपोर्ट पर तीनों का अंदाज बेहद स्टाइलिश, लेकिन कम्फर्टेबल रहा। ऐश्वर्या, अभिषेक और आराध्या तीनों ही ब्लैक आउटफिट में नजर आए, जिसने सोशल मीडिया पर फैंस का ध्यान खींच लिया। हमेशा की तरह ऐश्वर्या ने पैपराजी की मौजूदगी को सहजता से हैंडल किया और मुस्कुराते हुए हाथ हिलाकर अभिवादन किया। हालांकि, अभी ये साफ नहीं हो पाया है कि आखिर बच्चन फैमिली छुट्टियां मनाने के लिए कहां गई है।

## टीवी मसाला



# नागिन 7 में प्रियंका के साथ अब साहिल आएगा नजर...

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया में अगर किसी शो का सबसे ज्यादा इंतजार होता है, तो वो है एकता कपूर का सुपरनैचुरल ड्रामा 'नागिन'। इस शो के अब तक 6 सीजन आ चुके हैं और हर सीजन ने टीआरपी के मामले में झंडे गाड़े हैं। अब बारी है 'नागिन 7' की, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त बज बना हुआ है। यह शो 27 दिसंबर को कलर्स टीवी पर दस्तक देने जा रहा है। हाल ही में इस शो को लेकर एक बहुत बड़ी अपडेट सामने आई है, जिसे सुनकर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। यह कन्फर्म हो चुका है कि बिग बॉस 16 और उडारियां फेम प्रियंका चाहर चौधरी इस बार नागिन बनकर पर्दे पर आग लगाने वाली हैं। अब नागिन 7 में टीवी के मशहूर एक्टर साहिल उप्पल की भी एंट्री हो गई है। साहिल उप्पल, जिन्हें आपने 'पिंजरा खूबसूरती का' जैसे शोज में देखा है, अब 'नागिन 7' में एक अहम रोल निभाते नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि साहिल इस शो में पैरेलल लीड के तौर पर दिखेंगे। हालांकि, साहिल की तरफ से अभी इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन गलियारों में इसकी चर्चा जोरों पर है। सिर्फ प्रियंका और साहिल ही नहीं, इस बार मेकर्स ने कास्टिंग पर काफी मेहनत की है। शो में 'इश्क का रंग सफेद' फेम ईशा सिंह और 'एक दीवाना था' फेम नमिक पॉल भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा विहान वर्मा, रिब्बू मेहरा, कुशाग्र दुआ, प्रतीक्षा राय, निवेदिता पाल और आफरीन दबेस्तानी जैसे कलाकार भी अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरेंगे।

### मॉडलिंग से की थी कॅरियर की शुरुआत

**नई दिल्ली।** इंडियन टेलीविजन इंडस्ट्री में चार्म, टैलेंट और अपने दमदार काम के लिए मशहूर रवि दुबे ने अपने कॅरियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। रवि ने कभी नहीं सोचा था कि वह टीवी और फिल्म इंडस्ट्री को अपना फुलटाइम पेशा बना पाएंगे, क्योंकि उनके पिता का मानना था कि पढ़ाई एक्टिंग से ज्यादा जरूरी है। टीवी शो सास बिना ससुराल और जमाई राजा में दामाद के किरदार ने रवि दुबे को दर्शकों का चहेता बना दिया। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में जन्मे रवि एक साधारण परिवार से आते हैं। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का शौक था। उनके पिता सिविल इंजीनियर हैं और मां हाउसवाइफ हैं।



साल 2006 रवि दुबे के लिए खास रहा, क्योंकि इसी साल उन्हें शो स्त्री तेरी कहानी मिला। इसके बाद उन्होंने डोली सजा के और यहां के हम सिकंदर जैसे शोज में काम किया। काम तो लगातार मिलता रहा, लेकिन असली पहचान का सफर थोड़ा लंबा था। साल 2010 में आए टीवी सीरियल सास बिना ससुराल से रवि दुबे को पहचान मिली।

# अगस्त्य पर नजरें टिक जाती हैं

## इक्कीस देखकर भावुक हुए अमिताभ

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने अपनी नाती अगस्त्य नंदा की आने वाली फिल्म 'इक्कीस' देखने के बाद भावनाएं साझा कीं। बिग बी फिल्म देखने के बाद काफी भावुक हो गए और उनकी फीलिंग्स साफ तौर पर छलक पड़ीं। उन्होंने इसे केवल एक नाना की प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि सिनेमा को गंभीरता से देखने वाले दर्शक की राय बताया। उन्होंने लिखा कि अगस्त्य को स्क्रीन पर देखकर उनके मन में बीते वर्षों की कई यादें एक साथ उमड़ पड़ीं- जन्म से लेकर बड़े होने तक का सफर। लेकिन इन भावनाओं से अलग, उन्होंने अगस्त्य के अभिनय की भी खुलकर सराहना की। बिग बी के मुताबिक, अगस्त्य का अभिनय परिपक्व, सधा हुआ और पूरी तरह किरदार में ढला हुआ है। उन्होंने कहा कि अगस्त्य ने अरुण खेत्रपाल के किरदार को बिना किसी बनावट के निभाया है, जो सीधे दिल तक पहुंचता है। बिग बी ने यह भी कहा कि जब अगस्त्य फ्रेम में होते हैं, तो दर्शक अनायास ही सिर्फ उन्हें देखने लगते हैं। उनके अनुसार, यह किसी पारिवारिक रिश्ते की वजह से कही गई बात नहीं है,



बल्कि एक अनुभवी दर्शक की ईमानदार प्रतिक्रिया है। फिल्म की कहानी, लेखन और निर्देशन को भी उन्होंने लगभग बेदाग बताया और कहा कि फिल्म खत्म होने के बाद आंखें गर्व और खुशी के आंसुओं से भर जाती हैं। 'इक्कीस' भारतीय सेना के जांबाज अफसर सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के असाधारण जीवन पर आधारित एक बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा है। यह फिल्म उस वीर सैनिक की कहानी कहती है, जिन्हें 1971 के भारत-पाक युद्ध में अद्भुत साहस दिखाने के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। खास बात यह है कि अरुण खेत्रपाल भारत के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता थे। फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक श्रीराम राघवन ने किया है और यह 1 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# धुरंधर की सफलता से बदले रणवीर के तेवर, डॉन 3 से खींचा हाथ...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह छाए हुए हैं। उनकी फिल्म 'धुरंधर' कमाई के मामले में सबसे आगे निकल चुकी है और साल 2025 की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बन गई है। हमजा और जसकीरत के रोल में उन्हें खूब पसंद किया जा रहा है। इस फिल्म के बाद फैंस उन्हें 'डॉन 3' में देखने के लिए बेकरार हो रहे थे, जो लंबे समय से रुकी हुई है। पर ऐसा लग रहा है कि ये इंतजार और लंबा हो सकता है या फिर ये इंतजार कभी खत्म ही ना हो! जी हां, ये खबर आ रही है कि रणवीर ने फरहान अख्तर की इस फिल्म से किनारा कर लिया है। ऐसे में मेकर्स को नए हीरो की तलाश करनी होगी। एक सूत्र ने कहा, 'धुरंधर की अपार सफलता के



बाद रणवीर को यह बिल्कुल स्पष्ट है कि वह आगे किस तरह की फिल्में करना चाहते हैं। वह संजय लीला भंसाली, लोकेश कनगराज और एटली जैसे फिल्म निर्माताओं के साथ काम करने के इच्छुक हैं। वो लगातार गैंगस्टर फिल्मों में नजर नहीं आना चाहते। खासकर तब जब 'धुरंधर' पहले ही इस स्टाइल अपनी पहचान बना चुकी है। यही एक कारण है कि उन्होंने जय मेहता से 'प्रलय' की शूटिंग पहले शुरू करने के लिए कहा है। रणवीर इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने और योजना से पहले ही इसकी शूटिंग शुरू करने के लिए एक्साइटेड हैं।'

### प्रलय की शूटिंग को दी प्राथमिकता

*'प्रलय' अपलॉज एंटरटेनमेंट की फिल्म 'जॉम्बी' पर आधारित है। ये एक मानवीय कहानी बयां करती है कि कैसे एक आदमी सबसे मुश्किल हालातों में भी अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। सूत्र ने बताया, 'अब जब सिंह ने 'डॉन 3' के बजाय अन्य प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी है, तो वे जय मेहता की फिल्म की शूटिंग की तारीखों और शेड्यूल को तय करने में पर्सनली शामिल हैं, ताकि फिल्म का काम तेजी से आगे बढ़ सके।'*

### डॉन 3 हुई पोस्टपोन

*डॉन 3 की बात करें तो एक अंदरूनी सूत्र ने पुष्टि की है, धुरंधर की रिलीज के तुरंत बाद रणवीर को डॉन 3 की तैयारी शुरू करनी थी। हालांकि, मौजूदा हालात को देखते हुए, फिल्म को अब पोस्टपोन कर दिया गया है।' इस एक्शन थ्रिलर मूवी में कृति सेनन हैं। ग्रैंड पैमाने पर बनने वाली इस मूवी की शूटिंग यूरोप की कई लोकेशन पर होगी।*

## न्यू ईयर के लुक के लिए ले सकते हैं टिप्स

# इन सितारों का 2025 में फैशन रहा एकदम टॉप क्लास

*नई दिल्ली। जब बात फैशन की आती है, तो लड़की हो या फिर लड़का हर कोई परफेक्ट दिखने के साथ-साथ कॉन्फिडेंट भी लगना चाहता है। खास तौर पर किसी स्पेशल फंक्शन पर। हम सब भी दिसंबर के अंतिम दिनों में पहुंच चुके हैं और नए साल में एंट्री करने जा रहे हैं। अगर आपका वेकेशन या पार्टी प्लान है और आप ये डिसाइड नहीं कर पा रहे हैं कि न्यू ईयर पर सिम्पली कैसे ब्यूटीफुल या हैंडसम दिखा जाए, तो आज हम अपने इस आर्टिकल में आपको उन सितारों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका फैशन गेम 2025 में एकदम हाई रहा है, उनकी एक झलक देखकर फैंस की आंखें उनके खूबसूरत अटायर पर टिक गई।*

**शाहरुख** : शाहरुख खान बॉलीवुड के बादशाह तो पहले से ही थे, लेकिन साल 2025 में वह फैशन गेम के भी किंग बन गए। उन्होंने इस साल मेट गाला में रेड कारपेट पर डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने सभ्यसाची के डिजाइनिंग क्लोथ पहने। ऑल ब्लैक लुक के सह उन्होंने गले में चैन, एक डायमंड ब्रोच और 18 कैरेट सोने की टाइगर कैन थी। उनके इस लुक की काफी चर्चा हुई।

**आलिया** : आलिया भट्ट को अक्सर दीपिका पादुकोण जैसे सिमिलर कपड़े पहनने के लिए सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता था। हालांकि, इस बार उन्होंने सबकी बोलती बंद की, जब वह कांस फिल्म फेस्टिवल 2025 में गुच्ची गाला आउटफिट में रेड कारपेट पर उतरीं। बेज रंग के इस ब्लाउज के साथ उनकी स्कर्ट में आलिया बहुत ही खूबसूरत लगीं। उन्होंने अपने इस लुक के साथ मिनिमल मेकअप रखा।

**नीता अंबानी** : भारत की सबसे अमीर शख्सियत में से एक नीता अंबानी की डिजाइनर साड़ियां फैंस को बहुत लुभाती हैं। लंदन के ब्रिटिश म्यूजियम बॉल में इंडियन कल्चर एम्बेसडर बनकर पहुंचीं नीता अंबानी ने इस खास मौके पर कांजीवरम साड़ी पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने सिल्वर एम्ब्रायडरी वाला ब्लाउज कैरी किया हुआ था। अगर आप अपने वेस्टर्न लुक से बोर हो गए हैं, तो नीता अंबानी के इस ट्रेडिशनल लुक को जरूर अपना सकते हैं।



**दिलजीत** : दिलजीत दोसांझ इस बार जब मेट गाला में महाराजा इंस्पायर्ड लुक धारण करके आए थे, तो फैंस उन्हें बस एकटक निहारते ही रह गए थे। प्रबल गौरांग के डिजाइन किए गए व्हाइट शेरवानी के साथ दिलजीत ने टर्बन और तलवार ली थी। उनके इस लुक को अभी तक किसी भी भारतीय के इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर बेस्ट लुक बताया गया था। अगर आप नए साल पर थीम पार्टी का प्लान कर रहे हैं, तो ये लुक जरूर अपना सकते हैं।

**अनन्या** : अनन्या पांडे वेस्टर्न ड्रेस पहने या फिर इंडियन फैंस उनके दीवाने हो ही जाते हैं। 2025 में उनका फैशन गेम भी ऑन रहा, खास तौर पर जब फैंस ने उन्हें एक इवेंट पर ऑरेंज रंग की बनारसी साड़ी में देखा, तो बस एक नजर देखते ही रह गए।

**रणवीर** : साल 2025 में रणवीर सिंह ने अपने अतरंगी फैशन को छोड़कर कुछ ऐसा अपनाया जिससे लोग हैरान रह गए। धुरंधर एक्टर ने कपड़ों की भरपूर लेयरिंग, एक्सपेरिमेंटल सिलुएट्स और बेबाक रंगों का इस्तेमाल किया, जिसने मीम कल्चर और पैपराजी की रील्स दोनों में दबदबा कायम रखा।

**कियारा** : साल 2025 में कियारा आडवाणी ने न सिर्फ रेड कारपेट पर अपना पहला अपीरियंस दिया, बल्कि उन्होंने एक कहानी भी गढ़ दी। गर्भवती होने के बावजूद मेट गाला में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराते हुए, कियारा ने फैशन की सबसे चर्चित शाम को एक ऐसे कल्चरल मोमेंट बना दिया। ब्लैक एंड व्हाइट गाउन पर गोल्डन रंग का हार्ट उनके इस लुक को और भी खास बना रहा था। इस लुक ने फैंस को काफी आकर्षित किया था।

## खबर संक्षेप

### घरौनी से घर का कानूनी मालिकाना हक

**लखनऊ।** यूपी विधानमंडल के में विधान सभा में पेश उत्तर प्रदेश ग्रामीण आबादी अभिलेख



विधेयक-2025 पास हो गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्र में खरीद , बिक्री, नामांतरण जैसी प्रक्रियाओं को आसान बनाने, मालिकाना हक को सुरक्षित करने विधेयक महत्वपूर्ण है। अब घरौनी को ही आधिकारिक दस्तावेज माना जाएगा। विक्रय या अन्य कारणों से घरौनी में नाम बदलने व सुधार की प्रक्रिया आसान हो गई।

### हेमंत सरकार फ्री में दे रही जेई, नीट की कोचिंग

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार विद्यार्थियों को सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए



कोचिंग दिलाएगी। सरकार की इस नई पहल का आगाज सोमवार को रांची के हिंदपीढ़ी में दिशोम गुरु शिबू सोरेन इंजीनियरिंग (जेईई) और मेडिकल (नीट) कोचिंग संस्थान के रूप में हुआ। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। इस संस्थान में 300 अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं को कोचिंग दी जाएगी।

### सांसदों-विधायकों के लंबित केस जल्दी निपटाएं

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एमपी/एमएलए के खिलाफ दर्ज



आपराधिक मामलों के त्वरित निस्तारण को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। जस्टिस आर मुखोपाध्याय और जस्टिस पीके श्रीवास्तव की खंडपीठ में स्वतः संज्ञान से दर्ज मामले की सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने सीबीआई के पास लंबित 11 मामलों की अद्यतन रिपोर्ट तलब की है।

# अब ब्रह्मानंद माजरा के नाम से जाना जाएगा चुहड़ माजरा

## गुरु ब्रह्मानंद जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह, मुख्यमंत्री ने किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढांड (कैथल)

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कहा कि जगद् गुरु ब्रह्मानंद सरस्वती संपूर्ण मानवता के मार्गदर्शक थे। उनका पूरा जीवन मानव सेवा, धर्म, त्याग और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रहा। वे ऐसे प्रकाशस्तंभ थे, जिनके ज्ञान की किरणें आज भी हमारे विचारों, हमारी संस्कृति और समाज को दिशा प्रदान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए गांव चुहड़ माजरा का नाम बदलकर ब्रह्मानंद माजरा करने की आधिकारिक घोषणा की। साथ ही उन्होंने कई बड़ी विकास परियोजनाओं की घोषणा कर विकास का पिटारा खोल दिया।



### ज्ञान, भक्ति और समरसता का मार्ग दिखाया

नायब सिंह सैनी मंगलवार को कैथल जिले के गांव चुहड़ माजरा में हरियाणा सरकार द्वारा जगत गुरु ब्रह्मानंद जी जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने की। समारोह में हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा, कैबिनेट मंत्री शरणबीर गंगवा, महीपाल ढांडा, राव नरबीर सिंह, सांसद नवीन जिंदल एवं विधायक सतपाल जांबा सहित, राम कुमार कश्यप, योगेंद्र राणा, भगवानदास कबीरपंथी अन्य विधायकगण व पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक सहित समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गांव चुहड़ माजरा में पहुंचने पर सबसे पहले गांव में गुरु ब्रह्मानंद मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से गुरु ब्रह्मानंद जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### पर्यावरण संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा दे रही सरकारः नायब सिंह

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पर्यावरण और पर्यटन को बढ़ावा देने को प्राथमिकता दी है। सरस्वती आद्रभूमि जलाशय और सरस्वती जंगल सफारी जैसी परियोजनाएं प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण के साथ-साथ पर्यटन के लिए भी नए अवसर सृजित करेंगी। मुख्यमंत्री संत कबीर कुटीर निवास स्थान पर नागरिकों को सम्बोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे आबियाने को जड़ से खत्म किया है। प्रदेश में जमीनों व सम्पत्तियों का पेपरलेस रजिस्ट्रेशन शुरू किया गया है। अब रजिस्ट्री का काम पूरी तरह डिजिटल हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में तिगुणी ऊर्जा के साथ जनकल्याण में जुटी हुई हैं। इसलिए हम सब मिलकर हरियाणा को देश का सबसे विकसित राज्य बनाने का संकल्प लें।

## किसान सम्मान दिवस: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों को सौंपी ट्रैक्टर की चाबी

# किसान जब ऊर्जा का प्रवाह करता है तो धरती मां उगलने लगती है सोना

पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह की जयंती पर लखनऊ में किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों को ट्रैक्टर की चाबी सौंपते हुए उनकी मेहनत को नमन किया।


एजेंसी ⏭ लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने किसान सम्मान दिवस पर किसानों का उत्साह बढ़ाते हुए उनकी मेहनत को प्रणाम किया। सीएम ने किसान समृद्धि योजना के तहत ट्रैक्टर पाने वाले किसानों के चेहरे की चमक का जिक्र किया। बोले-कोई किसान अपनी मां तो कोई पत्नी को ट्रैक्टर में बिठाकर ले जा रहा है। यही किसान की ताकत होती है, सर्दी, गर्मी की परवाह किए बिना जब वह पसीना बहाता है और सर्दी को अपनी अस्थियों में समाहित कर ऊर्जा का प्रवाह धरती मां के साथ करता है तो खेती अन्न उत्पादन के रूप में सोना उगलती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस पर विधान भवन प्रांगण स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। सीएम ने 'किसान सम्मान दिवस' पर किसानों को ट्रैक्टर की चाबी दी। साथ ही किसानों, वैज्ञानिकों, एफपीओ आदि को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह सीड पार्क अटारी लखनऊ के प्लॉट आवंटन प्रक्रिया का बटन दबाकर शुभारंभ किया।

**खास बातें**

- बंपर उपज वालों को एक-एक लाख रुपए
- कार्यक्रम स्थल से 25 ट्रैक्टरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया




### 2014 में पहली बार किसान सरकार के एजेंडे का हिस्सा बना

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपनी मेहनत से किसानों ने प्रगति की है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब पहली बार किसान भी सरकार के एजेंडे का हिस्सा बना। धरती हमारी मां और हम सभी इसके पुत्र हैं, इसलिए पुत्र का दायित्व है कि जब मां बीमार या संकट में हो तो पुत्र उसे संकट से उबारने में योगदान देता है। पहली बार स्वायल हेल्थ कार्ड के माध्यम से पीएम मोदी ने 2014 में धरती मां की सेहत के बारे में हर किसी को जागरूक किया। अन्नदाता किसानों को प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना से जोड़ा, फिर प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से लेकर पीएम किसान सम्मान निधि, एमएसपी की गारंटी हो या बीज से लेकर बाजार तक किसानों की सुविधाओं को बढ़ाया गया।

### अब किसानों को मिलता है शासन की हर योजना का लाभ

सीएम योगी ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री व यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी चरण सिंह को 'भारत रत्न' देकर किसानों का मान बढ़ाया। लघु व सीमांत किसानों के लिए कृषि ऋण मोचन कार्यक्रम लागू किया। पहले किसान शासन की किसी भी योजना का अंग नहीं था, लेकिन आज किसान को शासन की हर योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। आज बिचौलिया किसानों की फसल का दाम नहीं तय करता। यदि किसान को बाजार में फसल का अच्छा दाम मिला तो ठीक वरना सरकार उसे खरीदेगी।

## स्वागत में सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब

# भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन पहुंचे पटना



एजेंसी ⏭ पटना

भाजपा के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन पद संभालने के बाद पहली बार पटना पहुंचे । पटना एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया।. बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समेत पार्टी के तमाम नेता और कार्यकर्ता एयरपोर्ट पर मौजूद थे। एयरपोर्ट के बाहर भाजपा के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष के स्वागत के लिए जन सैलाव उमड़ा। हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता रोड शो में शामिल हुए ।

### जाम में फंसे उप मुख्यमंत्री

पटना एयरपोर्ट के आसपास की सड़कों पर कई किमी का लंबा जाम लगा, जिसमें हर कोई फंसा नजर आए। नितिन नबीन के स्वागत में पटना का ट्रैफिक पूरी तरह ठप हो गया। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा सहित कई मंत्री जाम में फंस गए और आखिरकार पैदल एयरपोर्ट पहुंचे। उप मुख्यमंत्री के अलावा मंत्री दिलीप जायसवाल, मंगल पांडेय सहित ऋतुराज सिन्हा, संजीव चौरसिया आदि वाहन से उतर गए।

### मखाने की माला से किया स्वागत

हवाई अड्डे पर भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने मखाना की माला पहनाकर नितिन नबीन का स्वागत किया। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शॉल और पुष्प गुच्छ भेंटकर नितिन नबीन का गर्मजोशी से स्वागत किया। पटना एयरपोर्ट से निकलते ही कार्यकर्ताओं का सैलाब, भगवा झंडे, ढोल-नगाड़े और नारों के साथ उनका काफिला शहर की सड़कों से गुजरता रहा। यह रोड शो केवल स्वागत यात्रा नहीं, बल्कि यह पैग़ाम भी दिया कि बिहार भाजपा में नितिन नबीन की हैसियत और भूमिका कितनी अहम है।

# यूपी भाजपा अध्यक्ष बोले: कार्यकर्ता ही सब कुछ, उनके मान सम्मान के लिए काम करूंगा

एजेंसी ⏭ लखनऊ

भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने संगठन की टीम और कार्यकर्ताओं के संबंध में अपना नजरिया स्पष्ट किया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि उनके काम करने का तरीक अलग है। वे लंद-फंद वाले नेता नहीं है। जो भी करेंगे सबकी सहमति से और पारदर्शी तरीके से करेंगे। उनकी नजर में कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान ही सर्वोपरि है। मैं अपनी पूरी टीम के सभी सदस्यों को साथ लेकर चलने का प्रयास करूंगा। मेरे लिए कार्यकर्ता ही सब कुछ है और उनके मान सम्मान के लिए काम करना ही मेरा लक्ष्य है।

### कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़

प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व संभालने के बाद मंगलवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में अपने पहली प्रेस कांफ्रेस में चौधरी ने संगठन के कामकाज की प्राथमिकताएं गिनाए। यूपी जैसे बड़े राज्य में पार्टी के संगठन का मुखिया बनाए जाने के लिए केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह मिलना उनके लिए गौरव का विषय है। संगठन में फेरबदल के सवाल पर उन्होंने कहा, उनका काम करने का तरीका कुछ हटके हैं। 35 साल के राजनीतिक जीवन के अनुभव से उन्होंने यही सीखा है कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है। इसलिए वह उनकी प्राथमिकता में कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान के लिए काम करेंगे।

### 25 से 31 दिसंबर तक मनाएंगे सुशासन दिवस

प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि 25 दिसंबर को भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के उपलक्ष्य में 25 से 31 दिसंबर तक सुशासन दिवस मनाया जाएगा। इसी कड़ी में 25 दिसंबर को पीएम नरेन्द्र मोदी प्रेरणा स्थल का लोकार्पण कर रहे हैं। अगले ही दिन 26 दिसंबर को पार्टी ने वीर बाल दिवस समारोह मनाएगी। एसआईआर में भी कार्यकर्ता जोर-शोर से लगे हैं।

### जरूरत के हिसाब से मिलता है पद

गोरखपुर क्षेत्र से सरकार और संगठन के मुखिया बनाए जाने से जुड़े सवाल पर चौधरी ने भाजपा में कार्यकर्ताओं की क्षमता के आधार पर जिम्मेदारी दी जाती है। बाहरी लोगों को पद दिए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा में आवश्यकता के अनुसार लोगों को पद मिलता है। जहां जैसी जरूरत होती है, वहां वैसे कार्यकर्ताओं की तैनाती की जाती है।

### परिवार दल एलायंस है पीडीए

सपा के पीडीए पर चौधरी ने कहा कि सपा के पीडीए एक पारिवारिक दल अलांयस है। एनडी अलांयस में शामिल सभी दल पारिवारिक दल हैं। यूपी, बिहार, बंगाल समेत हर जगह पारिवारिक दल हैं। वहीं, लोकतांत्रिक परंपरा सिर्फ भाजपा में है। इसके उदाहरण कल्याण सिंह हैं, जिन्हें भाजपा ने 1984 में नेता विरोधी दल और 1991 में सरकार बनने पर मुख्यमंत्री बनाया था। जबकि सपा की सरकार बनी तो आजम खां जैसे वरिष्ठ नेता होते हुए अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बने।

## योगी सरकार का बड़ा एक्शन

# आरोपी डॉक्टर सस्पेंड कैंपस में एंट्री पर भी बैन



एजेंसी ⏭ लखनऊ

राजधानी की किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में पैथोलॉजी विभाग के रेजिडेंट डॉ. रमीजुद्दीन नायक ने अपनी सहकर्मी हिंदू महिला डॉक्टर को प्रेम जाल में फंसाकर धर्मांतरण का दबाव बनाया। आरोपी ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया और सच्चाई छिपाकर पीड़िता पर इस्लाम कुबूल करने का दबाव डाला। मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने 17 दिसंबर को हॉस्टल में जहरीली गोलियां खाकर आत्महत्या की कोशिश की। शिकायत मिलने पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने निष्पक्ष जांच के आदेश दिए, जिसके बाद केजीएमयू प्रशासन ने आरोपी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर उसके कैंपस प्रवेश पर रोक लगा दी है।

### गैंग बनाकर धर्मांतरण कराने का संगीन आरोप

पीड़ित महिला ने खुद सीएम योगी से मुलाकात कर अपनी आपबीती सुनाई। पीड़िता का आरोप है कि रमीजुद्दीन नायक अकेला नहीं है, बल्कि वह केजीएमयू परिसर में एक पूरा गैंग चला रहा है जो धर्मांतरण के काम में जुटा है। सीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए केजीएमयू प्रशासन से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। योगी सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि पूरे प्रकरण में कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाएगा और एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। परिजनों के अनुसार आरोपी ने पीड़िता से यह बात छिपाकर रखी थी कि वह इसी साल फरवरी में एक अन्य हिंदू लड़की का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कर चुका है। जब पीड़िता को इसकी भनक लगी, तो आरोपी ने पहली पत्नी को छोड़ने का वादा किया, लेकिन शर्त रखी कि पीड़िता को भी धर्म बदलना होगा।

## 12.69 करोड़ वोटर, 30 दिसंबर तक आपत्तियां दर्ज

# यूपी पंचायत चुनाव की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की गई



एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी में पंचायत चुनाव की ड्राफ्ट मतदाता सूची मंगलवार को जारी कर दी गई। उत्तर प्रदेश पंचायत मतदाता सूची में कुल 12.69 करोड़ वोटर हैं। पंचायत चुनाव मतदाता सूची में इस बार 40.19 लाख वोटर बढ़े हैं। अब बुधवार से 30 दिसंबर तक इस सूची पर दावे और आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी। इसके बाद 31 दिसंबर से छह जनवरी 2026 तक इन दावे और आपत्तियों का निस्तारण होगा। इसके बाद छह फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची जारी होगी।

### समर्पित पिछड़ा वर्ग गठित किए बिना चुनाव कराया जाना संभव नहीं

पंचायती राज निदेशालय की ओर से पहले ही प्रस्ताव और फिर शासन को रिमांडर भेजा जा चुका है। समर्पित पिछड़ा वर्ग गठित किए बिना चुनाव कराया जाना संभव नहीं है। यही ट्रिपल टेस्ट कर ओबीसी आरक्षण तय करेगा और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुसार इसका विधिवत गठन किया जाना है। अब उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव की गाड़ी सिर्फ इसीलिए अटकी है कि अभी तक यह आयोग गठित नहीं किया गया।
ऐसे में अब अगर और देरी हुई तो समय पर पंचायत चुनाव कराना चुनौती होगा।

# पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह को 11 साल बाद एमपी-एमएलए कोर्ट से मिली राहत

एजेंसी ⏭ सारण

महाराजगंज के पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह को व्यवहार न्यायालय छपरा से बड़ी राहत मिली है। लगभग 11 वर्ष पुराने आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट ने उन्हें साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। इस फैसले के बाद उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। छपरा स्थित एमपी- एमएलए न्यायालय सह एसीजेएम प्रथम संजय कुमार की अदालत ने छपरा नगर थाना कांड संख्या- 121/14 विचारण संख्या- 05/25 में मशरख थाना क्षेत्र निवासी सह पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह एवं सह अभियुक्त उनके निजी सचिव जितेंद्र कुमार सिंह को आरोपमुक्त कर दिया है। इस संबंध में न्यायालय ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को प्रमाणित करने में असफल रहा, जिस कारण दोनों अभियुक्तों को संदेह का लाभ देते हुए बरी किया जाता है।

### आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया था

घटना के संबंध में बताया जाता है कि यह मामला वर्ष- 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान 15 अप्रैल 2014 को महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी प्रभुनाथ सिंह अपने समर्थकों के साथ नामांकन करने सारण जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय परिसर पहुंचे थे। इस दौरान नगर पालिका चौक स्थित संग्रहालय के पास प्रशासन द्वारा बांस और बल्ले से बैरिकेडिंग कर सड़क को रोका गया था।

आरोप है कि प्रभुनाथ सिंह एवं उनके समर्थकों ने बैरिकेडिंग को तोड़ते हुए संग्रहालय परिसर में प्रवेश किया, जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना गया। उक्त घटना को लेकर तत्कालीन सारण के उपसमाहर्ता शैलेंद्र कुमार के बयान पर स्थानीय नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## हेमंत कैबिनेट बैठक में 39 प्रस्तावों पर मुहर

# पेसा नियमावली को मिली स्वीकृति

एजेंसी ⏭ रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 39 अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने मंत्रिपरिषद के निर्णयों की जानकारी पत्रकारों को दी। कैबिनेट सचिव ने बताया कि झारखंड में लंबे समय से प्रतीक्षित पेसा कानून की नियमावली को मंत्रिपरिषद की स्वीकृति मिल गई है। अधिसूचना जारी होते ही यह कानून राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों में लागू हो जाएगा। इसके अंतर्गत राज्य के 15 जिले आएंगे। पेसा नियमावली के तहत ग्राम सभाओं को प्राथमिकता दी गई है। विकास योजनाओं के निर्माण में ग्राम सभाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। पारंपरिक ग्राम सभाओं को अधिकार दिए गए हैं तथा सभी ग्राम सभाएं अपनी परंपराओं को अधिसूचित करेंगी।

### 31 करोड़ से दुमका में बनेगी सड़क

बैठक में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों के पुनर्गठन का निर्णय लिया गया। इसके तहत 38 नए पदों का सृजन किया गया है, जिस पर लगभग 10 करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यय होगा। मंत्रिपरिषद ने दुमका में 7 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 31 करोड़ रुपये तथा जमशेदपुर में सड़क निर्माण के लिए 41 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की।

टेक होम राशन योजना के अंतर्गत सामग्री आपूर्तिकर्ता की अवधि बढ़ाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में बाल कल्याण वात्सल्य योजना की मार्गदर्शिका को मंजूरी दी गई। प्री-बजट कार्यशाला के आयोजन के लिए डॉ. सीमा अखौरी की टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई है।


## 15 शवों की पहचान के लिए डीएनए सैंपल लिए गए थे

# यमुना एक्सप्रेसवे हादसे में राख हो गए थे 19 लोग, डीएनए मैच से 9 शवों की हुई पहचान

डीएम ने शवों को भिजवाने के एंबुलेंस मुहैया कराई

एजेंसी ⏭ मथुरा

उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर 16 दिसम्बर को हुए भयानक सड़क हादसे में जिंदा जल गए सभी लोगों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। इस बीच नौ शवों के डीएनए मैच हो गए हैं। ये शव उनके परिवारीजनों को मंगलवार को सौंप दिए गए। डीएम ने शवों को भिजवाने के एंबुलेंस मुहैया कराई। इस हादसे में 19 लोगों की मौत हुई थी जिनमें से 15 शवों की पहचान के लिए डीएनए सैंपल लिए गए थे। 9 शवों की पहचान के बाद अभी भी 6 शवों की रिपोर्ट आना बाकी है। अन्य की पहचान हो गई थी। जिन 9 शवों की पहचान हुई है उनमें हमीरपुर के रहने वाले



शैलेंद्र, संभल के रहने वाले पंकज, जालौन के रहने वाले राघवेंद्र, इटावा के रहने वाले सलीम, कानपुर के रहने वाले मोहम्मद सलीम रिजवी और अनुज श्रीवास्तव, अंबेडकर नगर के रहने वाले सुनील, अयोध्या के रहने वाले प्रदीप और बांदा के रहने वाले ऋषभ विश्वकर्मा शामिल हैं।

### सुनील को खोजते हुए उनकी पत्नी और दिव्यांग भाई सुभाष मथुरा गए

अंबेडकरनगर के राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के इटौरी बुजुर्ग गांव के रहने वाले सुनील कुमार (उम्र 40 वर्ष) आजमगढ़ जिले में संविदा परिचालक थे। यमुना एक्सप्रेसवे हादसे के बाद से ही उनका कुछ पता नहीं चल रहा था। मंगलवार को जिन नौ शवों की डीएनए टेस्ट मैच होने की रिपोर्ट आई उसमें सुनील का भी नाम है। सुनील को खोजते हुए उनकी पत्नी अनीता और दिव्यांग भाई सुभाष मथुरा गए थे। वहां डीएनए टेस्ट के लिए उनका भी सैंपल लिया गया था। सुनील कुमार की मौत की पुष्टि होने के बाद परिवारीजनों में कोहराम मच गया।

## चिंतन

# बांग्लादेश संकट को भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाए

बांग्लादेश इस समय हिंसा, अराजकता और अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। वहां हिंदू समुदाय पर लगातार बढ़ते अत्याचार भारत की चिंताओं को बढ़ा रहे हैं। मंदिरों पर पथराव और हिंदुओं के घरों में आगजनी जैसी घटनाएं हिंदू समाज के बीच दहशत पैदा कर रही हैं। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश में सत्ता की बागडोर संभालने वाले मुहम्मद यूनुस बुरी तरह विफल साबित हुए हैं। यहां हिंदू समुदाय पर हमले थमने का नाम नहीं ले रहे। मंदिरों पर पथराव, घरों में आगजनी, महिलाओं पर अत्याचार जैसी घटनाएं अब रोजमर्रा की हकीकत बन चुकी है। ऐसे समय में भारत को इस मामले को लेकर कूटनीतिक कदम उठाने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह मुद्दा उठाया जाना चाहिए। भारत ने बांग्लादेश सरकार से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पड़ोसी देश में हालात इतने खराब हो चुके हैं कि वहां 'लोकतंत्र का स्थान भीड़तंत्र ने ले लिया है। वहीं, अब भारत में भी बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। कोलकाता और नई दिल्ली में बांग्लादेशी उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन जारी है। इससे घबराए बांग्लादेश मिशन ने नई दिल्ली और अगरतला में अपने सभी काउंसलर और वीजा सर्विस को बंद कर दिया। कोलकाता में भी वीजा के लिए आवेदन केंद्र को बंद करने का फैसला लिया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने राजनयिक मिशनों की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को लेकर भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया और और उन्हें नई दिल्ली, कोलकाता और अगरतला स्थित बांग्लादेशी उच्चायोग की सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी ली। हालांकि देखा जाए तो यह संकट कोई नया नहीं है। 1947 के बंटवारे के समय बंगाल के पूर्वी हिस्से में हिंदू अल्पसंख्यक सुरक्षित थे, लेकिन पाकिस्तान बनने के बाद उत्पीड़न शुरू हो गया। 1971 के युद्ध में भारत ने 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों को हराकर बांग्लादेश को आजादी दिलाई। इंदिरा गांधी की दूरदर्शिता ने करोड़ों हिंदुओं को बचाया, लेकिन आजादी के बाद की सरकारों ने हिंदुओं को अधिकारों से वंचित रखा। वक्फ कानून के तहत उनकी जमीनें हड़पी गईं। आंकड़े बताते हैं कि बांग्लादेश में हिंदू आबादी कभी 22 प्रतिशत थी, जो आज घटकर महज 8 प्रतिशत रह गई है। 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के बाद भी इस समुदाय पर अत्याचार जारी रहा। शेख हसीना ने कुछ सुरक्षा दी, लेकिन उनके खिलाफ भड़के आक्रोश ने अल्पसंख्यकों को और असुरक्षित कर दिया। आज वहां कट्टरपंथी ताकतें हावी हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक अगस्त 2024 से नवंबर 2025 तक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की 2,000 से अधिक घटनाएं दर्ज की गईं। इन हालातों ने पूरे दक्षिण एशिया की सुरक्षा और मानवीय मूल्यों पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। कट्टरपंथी ताकतों के बेकाबू होने, भीड़ हिंसा की घटनाओं में बढ़ोतरी और कानून-व्यवस्था के चरमराने से सबसे अधिक असुरक्षा का वातावरण अल्पसंख्यकों में है। चटगांव की हृदयविदारक घटना ने इस सच्चाई को और भी निर्मम रूप में उजागर कर दिया, जहां मामूली विवाद को धार्मिक रंग देकर एक निर्दोष व्यक्ति को भीड़ के हवाले कर दिया गया और उसे पेड़ से बांधकर जिंदा जला दिया गया। यह घटना केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी है कि जब कट्टरता को खुली छूट मिलती है तो मानवता सबसे पहले मरती है।

# भारत के धैर्य और कूटनीति की परीक्षा



बांग्लादेश हिंसा
योगेंद्र माथुर

**बांग्लादेश के ताजा हालात के पीछे भी षड्यंत्र की बू आ रही है। पाकिस्तान के नए नवेले चीफ ऑफ डिफेंस फॉर्स आसिम मुनीर के मार्गदर्शन में आईएसआई व बांग्लादेश की जमाते इस्लामी के कट्टरपंथियों के साथ चीन और कुछ अन्य देश प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से भारत विरोधी षडयंत्र का जाल बुनने में भूमिका निभा रहे हैं। भारत के विकास की राह को बाधित कर भारत को रूस की तरह लंबे युद्ध में उलझाने के प्रयास हो रहे हैं। इसके बावजूद बांग्लादेश पर कार्रवाई न करने के पीछे संभवत: भारत की यह सोच भी काम कर रही है कि पड़ोस में एक ओर शत्रु बनाना उचित नहीं है। भारत कोई जल्दबाजी या हड़बड़ाहट न दिखाते हुए कदम फूंक-फूंक कर रख रहा है और धैर्यपूर्वक इस स्थिति से निपटने पर मंथन कर रहा है।**

बांग्लादेश हिंसा की आग में धधक रहा है। सड़कों पर उपद्रवियों का कब्जा है और चारों तरफ अराजकता का माहौल दिखाई दे रहा है। गत वर्ष अगस्त में प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्ता पलट के बाद यह दूसरा अवसर है जब समूचा बांग्लादेश अनियंत्रित उपद्रवियों के कब्जे में आ गया दिखता है। ताजा हिंसा का कारण छात्र नेता व इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी को 12 दिसंबर को गोली मारने और 18 दिसंबर को सिंगापुर में उनकी मौत होना बताया जा रहा है। उस्मान हादी गत वर्ष जुलाई में शेख हसीना सरकार के विरुद्ध हुए आंदोलन व तख्तापलट के सूत्रधार नेताओं में प्रमुख नेता थे।

उस्मान हादी ने ही भारत विरोधी बयान देते हुए भारत के सिलीगुड़ी कॉरिडोर क्षेत्र को काटकर सेवन सिस्टर्स (पूर्वोत्तर के 7 राज्य-अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड व त्रिपुरा) को बांग्लादेश में मिलाने और ग्रेटर बांग्लादेश या सल्तनत-ए-बांग्ला बनाने की बात कही थी। हादी ने इस सिराजुद्दौला साम्राज्य प्लान का एक नक्शा और वीडियो भी जारी किए थे। हादी के नेतृत्व में ही अगस्त 2024 में शेख हसीना के कथित छात्र विरोधी निर्णय के विरोध और संविधान में संशोधन की मांग को लेकर शुरू हुआ छात्र आंदोलन पहले कथित जेन जी आंदोलन में बदला था। जमाते इस्लामी के कट्टरपंथियों के लिए देश में शरीयत का कानून लागू करने के मंसूबों को अंजाम देने का यह सुनहरा अवसर मालूम हुआ था और वे भी इस हिंसा व अराजकता फैलाने वालों की उन्मादी भीड़ में चेहरे छुपाकर शामिल हो गए थे। आंदोलनकारियों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के निवास सहित सरकारी इमारतों, स्मृति चिन्हों व नेताओं को निशाना बनाया था। प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपने पद से त्यागपत्र देकर देश छोड़कर भारत में शरण लेना पड़ी थी। उस समय सेना व कुछ विपक्षी नेताओं के दखल के बाद आंदोलन समाप्त हुआ और नोबेल पुरस्कार प्राप्त मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार सत्ता पर काबिज हुई थी। यूनुस का रवैया सदैव भारत विरोधी ही देखा गया है, लेकिन सब कुछ जानते-समझते हुए भी भारत द्वारा यूनुस सरकार से मधुर संबंध बनाने की कवायदें बीते समय में की जाती रहीं। लेकिन यूनुस के व्यवहार में बदलाव नजर नहीं आया। उनके शासन में भारत विरोधी षडयंत्र व प्रयास होते रहे।

गत नवंबर माह में ही शेख हसीना को मौत की सजा सुनाई गई थी और उसके बाद यूनुस ने भारत से हसीना को वापस बांग्लादेश भेजने की मांग की थी। शेख हसीना के तख्ता पलट के बाद बांग्लादेश के हालत और भारत के साथ संबंधों को लेकर विगत दिनों विदेश मामलों की संसद की स्थायी समिति भी चिंता जता चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली समिति ने कई देशों का दौरा किया था। बाद में संसद में पेश रिपोर्ट में समिति ने चेतावनी दी कि बांग्लादेश की बदलती राजनीतिक स्थिति भारत के लिए 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद सबसे गंभीर रणनीतिक चुनौती बन गई है। बांग्लादेश में हुई विगत वर्ष व ताजा, दोनों दौर की हिंसा के पीछे मुख्य निशाना भारत ही रहा है। वहां दुष्प्रचार किया जा रहा है कि उस्मान हादी की हत्या के पीछे भारत दोषी है और उनके हत्यारे भी भारत के



सहयोग से भागने में सफल रहे हैं या भारत में छुपे हुए हैं। हालांकि भारत इस बात को खारिज कर चुका है, लेकिन वहां सक्रिय जमाते इस्लामी के कट्टरपंथी, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और अन्य भारत विरोधी विदेशी शक्तियां इस आग को भड़काने में लगी हैं। पूरी तरह से अगस्त 2024 की हिंसा व अराजकता का दोहराव होता हुआ दिख रहा है।

बांग्लादेश की इस स्थिति पर मोहम्मद यूनुस ने अब तक किसी प्रकार का खेद नहीं जताया है। स्पष्ट मालूम पड़ता है कि मोहम्मद यूनुस कट्टरपंथियों के साथ-साथ भारत विरोधी विदेशी ताकतों के हाथों में खेल रहे हैं। इधर प्रश्न उठाया जा रहा है कि भारत हस्तक्षेप क्यों नहीं कर रहा? इसका जवाब पाने के लिए हमें समझना बहुत जरूरी है कि भारत आज दुनिया की एक तेजी से उभरती आर्थिक शक्ति है। दुनिया की कई महाशक्तियां, पड़ोस में बैठे दुश्मन और कट्टरपंथी भारत के तेजी से हो रहे उभार को पचा नहीं पा रहे हैं और भारत को विकास की राह से डिगाने के षडयंत्र रचे जा रहे हैं। बांग्लादेश के ताजा हालात के पीछे भी षडयंत्र की बू आ रही है। यहां पाकिस्तान के नए नवेले चीफ ऑफ डिफेंस फॉर्स आसिम मुनीर के मार्गदर्शन में आईएसआई व बांग्लादेश की जमाते इस्लामी के कट्टरपंथियों के साथ चीन और कुछ अन्य देश प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से भारत विरोधी षडयंत्र का जाल बुनने में भूमिका निभा रहे हैं। भारत के विकास की राह को बाधित कर भारत को रूस की तरह लंबे युद्ध में उलझाने के प्रयास हो रहे हैं। हादी की मौत पर जिस प्रकार अमेरिका सहित विभिन्न देशों ने शोक जताया है, उससे आसानी से समझा जा सकता है कि भारत विरोधी षड्यंत्रकारियों के तार कहां-कहां जुड़े हुए हैं। दूसरी बात यह समझने की है कि बांग्लादेश हमारा परंपरागत शत्रु नहीं है बल्कि उसके साथ हमारे संबंध हर तरह से मधुर व सहयोगपूर्ण ही रहे हैं। हमारे ही सैन्य हस्तक्षेप व सहायता से पूर्वी पाकिस्तान सन 1971 में बांग्लादेश के रूप में अस्तित्व में आया है। शेख हसीना को अपदस्थ करने के पीछे भारत से निकटता भी एक वजह मानी गई है। हालांकि खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की सरकार भी वहां सत्ता में आने पर बांग्लादेश से हमारे संबंध दोस्ताना भले ही नहीं रहे हों, शत्रुतापूर्ण भी नहीं रहे हैं। पड़ोसी देश होने के नाते भारत ने बांग्लादेश को समय-समय पर सहयोग व सहायता ही दी है। संभवतः इसीलिए पड़ोसी देश के हालात भारत के लिए चिंताजनक होते हुए भी भारत, बांग्लादेश में यथासंभव सैन्य हस्तक्षेप करने व संघर्ष जैसी अन्य अप्रिय स्थिति से बचने की कोशिश कर रहा है। बांग्लादेश पर कोई सख्त कार्रवाई न करने के पीछे संभवतः भारत की यह सोच भी काम कर रही है कि पड़ोस में एक ओर शत्रु बनाना भारत की सुरक्षा व हितों के मान से उचित नहीं है। हालांकि भारतीय राजनयिकों व बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा के संदर्भ में भारत ने वहां की सरकार के सामने अपना विरोध दर्ज करा दिया है और इन्हें पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। दूसरी ओर स्थिति पर भारत पैनी दृष्टि लगाए हुए है और समयोचित सतर्कता व सुरक्षा उपायों की समीक्षा भी लगातार की जा रही है।

देखा जाए तो यह समय भारत की सुरक्षा के साथ विदेश नीति व कूटनीति की परीक्षा का समय है। समझा जा सकता है कि भारत इस संवेदनशील स्थिति में कोई जल्दबाजी या हड़बड़ाहट न दिखाते हुए कदम फूंक-फूंक कर रख रहा है और धैर्यपूर्वक इस स्थिति से निपटने या भारत के हितों के अनुकूल समाधान के लिए कूटनीतिक व अन्य वैकल्पिक उपायों पर मंथन किया जा रहा है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में सोच समझ कर कदम उठाने में ही भारत का हित है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



तमिलनाडु के थेनी जिले में स्थित मेघामलाई एक खूबसूरत पहाड़ी शहर है जिसे लोकप्रिय रूप से हाईवेविस पर्वत भी कहा जाता है। तमिलनाडु के सबसे खूबसूरत हिल्स स्टेशन में से एक के रूप में जाना जाने वाला मेघामलाई हिल्स स्टेशन प्राकृतिक सुंदरता का भंडार है।


## प्रसन्नता बन जाए परमात्मा



संकलित
**दर्शन**

व्यक्ति का चित्त प्रसन्न रहे तो परमात्मा के दर्शन हो जाएं। यह प्रसन्नता ही परमात्मा बन जाए। मगर आज के भागदौड़ भरे और तनाव के दौर में यह प्रसन्नता आए कैसे? तमाम लोग पैसा कमाने की भागदौड़ में लगे हैं। कोई भी ग्रंथ हो, धर्म हो, अध्यात्म हो, पैसा कमाने के लिए मना नहीं करता, लेकिन धन कमाते हुए भी यदि प्रसन्नता नहीं है तो कहीं पर ठहर कर कुछ विचार तो करना ही चाहिए। कथाओं में एक बात मैं अक्सर कहता रहता हूं। हमारे ग्रंथों में अपनी कुल आय का दशांश निकालने पर बल दिया गया। दशांश यानी जो भी आप महीने में कमा रहे हैं, उसका दस प्रतिशत हिस्सा समाज के लिए, जरूरतमंद लोगों के लिए खर्च किया जाना चाहिए। आप दो लाख रुपये कमा रहे हैं तो 20 हजार निकाल दें। आपको लगता है कि 20 हज़ार ज्यादा हैं, आप नहीं निकाल पाएंगे तो एक लाख ही कमाएं। फिर दस हजार ही निकालने होंगे। आपाधापी में लोग प्रसन्न रहना तो जैसे भूलते जा रहे हैं। अध्यात्म में प्रसन्न रहने का बहुत महत्व बताया गया है। हर व्यक्ति को प्रसन्न रहना चाहिए, क्योंकि प्रसन्नता परमात्मा तक पहुंचने का द्वार है। हमें प्रसन्न रहते हुए स्वयं की खोज करनी चाहिए। हम दूसरों को ढूंढ़ने और उनमें कमियां व खूबियाँ खोजने में लगे रहते हैं। एक नजर हमें खुद पर भी डालनी चाहिए। व्यक्ति स्वयं की खोज करें, समाज की सेवा करे और परमात्मा से प्रेम करे, उसका भजन करें, आज के समय में प्रसन्न रहने के लिए यह पर्याप्त है। बहुत ज्यादा साधनों में उलझने की आवश्यकता नहीं है।

## हनुमान जी ने सूर्य देव से हासिल किया था ज्ञान



संकलित
**प्रेरणा**

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है।

जयंती विशेष
अमित जोगी



# दो जन्मतिथियां, एक संदेश मसीह और बाबा गुरु घासीदास

दिसंबर का महीना हमें एक दुर्लभ और अर्थपूर्ण संयोग की याद दिलाता है। 18 दिसंबर को हम बाबा गुरु घासीदास जयंती मनाते हैं और 25 दिसंबर को क्रिसमस- प्रभु यीशु मसीह के जन्म का उत्सव। भिन्न भूगोल और संस्कृतियों में जन्मे इन दोनों महान आत्माओं के जीवन और संदेश में एक गहरी और आश्चर्यजनक समानता दिखाई देती है, जो आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। यीशु मसीह और बाबा गुरु घासीदास दोनों ही समाज के सबसे उपेक्षित और वंचित वर्गों के बीच प्रकट हुए। न उन्होंने सत्ता की खोज की, न शस्त्र उठाए, और न ही किसी प्रकार के बल या दमन का सहारा लिया। फिर भी उनका नैतिक प्रभाव असाधारण था। उनकी शक्ति उनके चरित्र, सत्य के प्रति अडिग निष्ठा और अत्यंत सरल जीवन से उत्पन्न हुई। यही कारण है कि लोग स्वेच्छा से उनके पीछे चले।

सुसमाचार में वर्णित है कि यीशु लोगों को इसलिए चकित करते थे क्योंकि वे "अधिकार के साथ" उपदेश देते थे- बिना भय और बिना दबाव के। औपनिवेशिक काल के ब्रिटिश प्रशासनिक अभिलेख बाबा गुरु घासीदास के संदर्भ में लगभग यही बात कहते हैं। उनमें यह उल्लेख मिलता है कि उनके अनुयायी दंड के भय से नहीं, बल्कि अंतरात्मा की पुकार से उनकी आज्ञा मानते थे। यह नैतिक अधिकार दोनों महान व्यक्तित्वों की साझा विशेषता थी।

दोनों के कार्य का मूल उद्देश्य उद्धार था। मसीह ने उन लोगों का उद्धार किया जिन्हें समाज ने हाशिये पर डाल दिया था और गरिमा, समानता तथा प्रेम पर आधारित एक नए नैतिक समुदाय की स्थापना की। बाबा गुरु घासीदास ने भी यही किया। उन्होंने उन लाखों लोगों को आत्मसम्मान और पहचान दी, जिन्हें सदियों से इससे वंचित रखा गया था। उन्होंने केवल अन्याय का विरोध नहीं किया, बल्कि समाज को भीतर से रूपांतरित किया। इसी गहरी समानता के कारण औपनिवेशिक काल के ईसाई मिशनरियों ने, सैद्धांतिक मतभेदों के बावजूद, बाबा की शिक्षाओं को praeparatio evangelica कहा- अर्थात सुसमाचार के लिए पूर्व-तैयारी। धर्मशास्त्रीय भाषा में यह एक महत्वपूर्ण स्वीकारोक्ति थी, जो यह दर्शाती है कि नैतिकता और एकेश्वरवाद की दृष्टि से बाबा की शिक्षाएँ मसीही मूल्यों के अत्यंत समीप थीं।

पूर्ण अभिसरण में बाधा नैतिक दूरी नहीं, बल्कि इतिहास की परिस्थितियाँ थीं। उन्नीसवीं सदी में ईसाई धर्म औपनिवेशिक सत्ता के साथ जुड़कर आया, जिससे वह कई भारतीयों को मुक्ति के बजाय शासक का धर्म प्रतीत हुआ। इस राजनीतिक छाया ने उस गहरे आध्यात्मिक साम्य को ढक दिया, जो दोनों परंपराओं के बीच स्पष्ट रूप से मौजूद था।फिर भी समानता असंदिग्ध है। बाइबिल के मसीह से परिचित ब्रिटिश पर्यवेक्षकों ने बाबा गुरु घासीदास के जीवन में मसीह-सदृश गुण देखे। जैसे मसीह ने उन लोगों का उद्धार किया जो ईसाई कहलाए, वैसे ही बाबा ने उन असंख्य लोगों का उद्धार किया जिन्हें मनुष्य होने का अधिकार तक नहीं मिला था। दोनों ने ऐसे समुदायों का निर्माण किया जो पहली बार ईश्वर और समाज के सामने आत्मविश्वास के साथ खड़े हो सके। इसलिए दिसंबर केवल दो महान जन्मतिथियों का स्मरण नहीं है। यह हमें यह भी याद दिलाता है कि महान आत्माएँ अलग-अलग सांस्कृतिक संदर्भों में जन्म लेकर भी एक ही सत्य का संदेश देती हैं। गुरु घासीदास जयंती और क्रिसमस को साथ स्मरण करना परंपराओं को मिलाना नहीं, बल्कि उस साझा नैतिक प्रकाश को पहचानना है, जो सत्य, गरिमा और सबसे कमजोर के उद्धार का मार्ग दिखाता है।

*-ये लेखक के अपने विचार हैं।*

## अंतर्मन




## आज की पाती

### देश-समाज को जगाने वालों पर सवाल क्यों?

किसी भी जीवंत समाज की पहचान यह नहीं होती कि वह कितनी परंपराओं का पालन करता है, बल्कि यह होती है कि वह परंपराओं को कितनी विवेकपूर्ण दृष्टि से देखता है। इतिहास गवाह है कि जिन समाजों ने प्रश्न पूछने वालों को सम्मान दिया, वही आगे बढ़े, और जिन्होंने उन्हें दबाने की कोशिश की, वे जड़ता और पतन का शिकार हुए। आज जब कोई व्यक्ति, संगठन या विचारक अंधविश्वास, पाखंड और झूठ के खिलाफ आवाज़ उठाता है, तो उसके इरादों पर सवाल खड़े कर दिए जाते हैं। उसे धर्म-विरोधी, संस्कृति विरोधी या समाज विरोधी ठहराने की कोशिश की जाती है। यह प्रवृत्ति स्वयं में एक गंभीर प्रश्न है- आखिर समाज को जगाने वालों पर सवाल क्यों? आस्था और अंधविश्वास का फर्क समझना जरूरी है।

*- विवेक उपाध्याय, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### अत्यंत दुःख हुआ



ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात लेखक विनोद कुमार शुक्ल जी के निधन से अत्यंत दुःख हुआ है। हिन्दी साहित्य जगत में अपने अमूल्य योगदान के लिए वे हमेशा स्मरणीय रहेंगे। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### चौधरी चरण सिंह को नमन



देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें सादर नमन। यह दिन राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में उस विचारधारा का स्मरण है, जिसने किसान को नीति और राष्ट्र के केंद्र में रखा।

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### देश हित में वीबी-जी राम जी



'यह कानून देश हित में उपयोगी है, क्योंकि यह खेती करने वाले समुदाय को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाता है। जहां 'वीबी-जी राम जी' मजदूरों के उत्थान का पूरा ध्यान रखता है, वहीं यह किसानों पर भी ध्यान केंद्रित करता है और सुनिश्चित करता है कि खेती के लिए पर्याप्त मजदूर मिलें। **-शिवराज सिंह चौहान, कृषि मंत्री**

### किसान दिवस की बधाई




किसानों, गरीबों एवं वंचितों के मसीहा कहे जाने वाले भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन। देश के सभी किसान भाइयों को किसान दिवस की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।

**-प्रियंका गांधी, कांग्रेस सांसद**

## करंट अफेयर

# सूडान के पीएम का अमेरिका से संघर्ष विराम का आग्रह


सूडान के प्रधानमंत्री ने प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बल के साथ लगभग 1,000 दिनों से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए सोमवार को एक शांति पहल का प्रस्ताव रखा लेकिन अमेरिका ने दोनों पक्षों से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के तत्काल मानवीय संघर्षविराम के आह्वान को स्वीकार करने का आग्रह किया। सूडान की असैन्य सरकार का नेतृत्व कर रहे कामिल इदरीस ने सुरक्षा परिषद को बताया कि उनकी योजना में संयुक्त राष्ट्र, अफ्रीकी संघ और अरब लीग की निगरानी में संघर्षविराम, अर्धसैनिक बलों की उनके कब्जे वाले सभी इलाकों से वापसी, उन्हें निगरानी वाले शिविरों में रखा जाना और उनका निरस्त्रीकरण शामिल है। अप्रैल 2023 में सूडान में उस समय अराजकता पैदा हो गई थी जब सेना और शक्तिशाली अर्धसैनिक 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज' के बीच सत्ता संघर्ष खुली लड़ाई में बदल गया और इस दौरान बड़े पैमाने पर हत्या एवं बलात्कार की घटनाएं हुईं तथा जातीय आधार पर हिंसा हुई। संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समूहों के अनुसार यह युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध की श्रेणी में आता है। यह असंभव प्रतीत होता है कि 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज' प्रधानमंत्री के इस प्रस्ताव का समर्थन करेगी क्योंकि इस प्रस्ताव से सरकारी बलों को मूलत: जीत मिल जाएगी।



## ऑफ बीट

# आपदा के समय घरेलू बैटरियां हो सकती हैं बेहद उपयोगी

आमतौर पर लोग घरेलू बैटरियों का इस्तेमाल बिजली बिल घटाने के लिए करते हैं। दिन में सौर ऊर्जा या सस्ती ग्रिड बिजली को जमा कर ऐसे समय पर उपयोग किया जाता है जब बिजली आपूर्ति महंगी या कठिन हो रही हो। केंद्र सरकार की 'चीपर होम बैटरीज़ प्रोग्राम' के तहत पांच महीनों में 1.46 लाख से अधिक बैटरियां लग चुकी हैं। लक्ष्य 2030 तक 10 लाख नई बैटरियां लगाने का है और हाल में कार्यक्रम का बजट बढ़ाया गया है। 2017 में प्यूर्टो रिको में आए तूफान मारिया के बाद सौर ऊर्जा और बैटरी की संयुक्त प्रणाली से बच्चों के एक अस्पताल में बिजली बहाल की गई थी। कैलिफोर्निया में 2025 की भीषण जंगल की आग के दौरान बैटरी समर्थित माइक्रोग्रिड ने जरूरी सेवाओं को चालू रखा। चक्रवात अल्फ्रेड के समय दक्षिण-पूर्व क्वींसलैंड में कुछ इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों ने अपनी कारों से घर के जरूरी उपकरण चलाए। ये उदाहरण दिखाते हैं कि घरेलू बैटरियां और स्थानीय ऊर्जा भंडारण समुदायों के लिए जीवनरेखा बन सकते हैं। बैटरियां 'आइलैंडिंग' मोड में ग्रिड से कटकर आवश्यक घरेलू उपकरण चला सकती हैं। कुछ प्रणालियां आपदा के समय राहत शिविरों या अस्थायी आवासों में रोशनी, रेफ्रिजरेशन और संचार जैसी जरूरतें भी पूरी कर सकते हैं।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## 'सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि' पुस्तक का विमोचन किया

# अटल बिहारी वाजपेयी व्यक्ति नहीं, एक संस्था थेः उपराष्ट्रपति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति निवास में 'सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि' पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक के लेखक राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी हैं। उपराष्ट्रपति ने पुस्तक के लेखन के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह कृति अत्यंत सामयिक और महत्वपूर्ण है, विशेषकर ऐसे समय में जब देश पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी मना रहा है।

इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि अपने आप में एक संस्था थे, जिनका संपूर्ण जीवन सिद्धांतों, मूल्यों और राष्ट्रसेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा। उन्होंने कहा कि अटलजी का नेतृत्व भारतीय लोकतंत्र और सुशासन की एक प्रेरक मिसाल है।

### अटलजी से जुड़े निजी संस्मरण साझा




उपराष्ट्रपति ने अटल बिहारी वाजपेयी के साथ अपनी व्यक्तिगत निकटता और संस्मरणों को साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री रहते हुए 12वीं और 13वीं लोकसभा के दौरान उन्हें अटलजी से बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला। उन्होंने जनसंघ काल की यादों का उल्लेख करते हुए बताया कि आपातकाल से पहले कोयंबटूर में अटलजी की एक विशाल जनसभा के आयोजन का अनुभव उनके जीवन पर गहरी छाप छोड़ गया।

### नए राज्यों का गठन और समावेशी विकास

उपराष्ट्रपति ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने क्षेत्रीय आकांक्षाओं को गहराई से समझते हुए छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और झारखंड जैसे नए राज्यों का गठन किया। यह निर्णय विकेंद्रीकरण और संवेदनशील शासन की दिशा में एक बड़ा कदम था। उन्होंने जनजातीय समुदायों के उत्थान के लिए जनजातीय कार्य मंत्रालय की स्थापना को भी अटलजी की दूरदर्शिता का उदाहरण बताया। झारखंड के राज्यपाल के रूप में अपने अनुभव साझा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि इन निर्णयों के दूरगामी सकारात्मक प्रभाव आज भी स्पष्ट रूप से देखे जा सकते हैं।

### पोखरण परमाणु परीक्षण ने दिखाई सशक्त भारत की तस्वीर

उपराष्ट्रपति ने राष्ट्र निर्माण में अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने कई क्षेत्रों में ऐतिहासिक प्रगति की। उन्होंने मई 1998 में ऑपरेशन शक्ति के तहत पोखरण में किए गए परमाणु परीक्षणों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस निर्णायक कदम ने वैश्विक मंच पर भारत के आत्मविश्वास, संकल्प और सामर्थ्य को प्रदर्शित किया। उन्होंने अटलजी के प्रसिद्ध नारे "जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान" को उद्धृत करते हुए कहा कि यह नारा उनके समग्र और संतुलित राष्ट्रीय दृष्टिकोण को दर्शाता है।

### सुशासन की विरासत

उपराष्ट्रपति ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने हमेशा सुशासन पर विशेष जोर दिया, इसी कारण उनकी जयंती को आज सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, गोल्डन क्वाड्रिलैटरल परियोजना, और बिजली क्षेत्र में किए गए सुधारों को अटलजी की दूरदृष्टि का परिणाम बताया, जिनसे भारत के विकास की मजबूत नींव पड़ी।

### गणमान्य लोग रहे उपस्थित

इस अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष एवं पुस्तक के लेखक वासुदेव देवनानी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### खबर संक्षेप

## दिल्ली हाई कोर्ट ने सेंगर को सशर्त जमानत दी



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को 2017 के उन्नाव बलात्कार मामले में जमानत दे दी है। कोर्ट ने कहा कि सेंगर की सजा पर फिलहाल रोक रहेगी, क्योंकि दोषसिद्धि के खिलाफ अपील लंबित है। सेंगर को आदेश दिया कि वह पीड़िता के 5 किलोमीटर के दायरे में न आएं।

## पूर्व प्रधान मंत्री सिंह की जयंती पर बिरला ने पुष्पांजलि अर्पित की



**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को पूर्व प्रधान मंत्री, भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में स्थापित उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री जयंत चौधरी, संसद सदस्यों, पूर्व सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी इस अवसर पर चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। लोक सभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह तथा राज्य सभा के महासचिव पीसी मोदी ने भी केंद्रीय कक्ष में चौधरी चरण सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की। लोक सभा सचिवालय द्वारा हिंदी और अंग्रेज़ी में प्रकाशित चौधरी चरण सिंह के जीवन पर आधारित एक पुस्तिका समारोह में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को भेंट की गई। इससे पूर्व, 'एक्स' पर साझा किए गए संदेश में लोक सभा अध्यक्ष ने चौधरी चरण सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें भारतीय राजनीति में गांव, किसान और श्रमिकों की आवाज़ बताया। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम स्वराज, कृषक सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय को अपने सार्वजनिक जीवन का ध्येय मानने वाले चौधरी चरण सिंह जी आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरक रहेंगे।

## विश्व हिंदू परिषद का बांग्लादेश हाई कमीशन पर जोरदार प्रदर्शन

# बंगाल में हिंदुओं पर टारगेटेड हमले हो रहेः सुधांशु

### दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की भरसक कोशिश भी की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




विश्व हिंदू परिषद की अगुवाई में नई दिल्ली में मंगलवार को बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों और हिंदू युवक दीपू दास की निर्मम हत्या के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन हुआ। विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के नेतृत्व में हुए इस विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लेकर आक्रोश जताया। विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने दीपू दास की हत्या की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि बंग्लादेश में हिन्दुओं पर हमले मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन हैं।

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने मंगलवार को एक बयान में कहा, 'बांग्लादेश में हिन्दू समाज पर हो रहे टारगेटेड हमले से हर कोई गुस्से में है। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार के खिलाफ देश भर में विरोध हो रहा है, लेकिन इंडिया गठबंधन शासित राज्यों में हिंदुओं की ओर से हो रहे विरोध प्रदर्शन पर भी हमला हो रहा है। ममता बनर्जी के राज में भी बंगाल में हिंदुओं पर टारगेटेड हमले हो रहे हैं।' बीजेपी प्रवक्ता त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि बंगाल में बांग्लादेश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस ने लाठी चार्ज किया है। उन्होंने कहा कि बंगाल में हिंदू प्रदर्शनकारियों पर लाठी चार्ज हुआ। ममता बनर्जी ने बंगाल में कई जगह मिनी पाकिस्तान बना दिए हैं। बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी जो कर रहा है वही हिंदुओं के साथ ममता राज में बंगाल में हो रहा है।

*विहिप ने पीड़ित परिवार को न्याय की गुहार लगाई*

*देशभर में बांग्लादेश के खिलाफ लोगों में भारी उबाल*



दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन करते लोग, जनाक्रोश दिखा

### हैदराबाद, कोलकाता, सूरत, पटना में भी लोग सड़कों पर उतरे



बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी हिंसा और हिंदू युवक की मॉब लिंचिंग के खिलाफ देशभर में गुस्सा और नाराजगी है। यही वजह है कि दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, सूरत, पटना समेत देश के कई शहरों में लोग बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और इसके साथ ही मोहम्मद यूनुस का पुतला फूंका।

### भीड़ ने पीटकर की थी हत्या

दीपू चंद्र दास पर कथित तौर पर ईशनिंदा का आरोप लगाकर भीड़ ने हमला किया था। आरोप है कि युवक को पहले बेरहमी से पीटा गया, फिर उसके शव को पेड़ से लटकाकर आग लगा दी गई। इस अमानवीय घटना ने पूरे देश में आक्रोश फैला दिया।

### अत्याचार के खिलाफ किया प्रदर्शन

कोलकाता में बांग्लादेशी अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के विरोध में सैकड़ों लोगों ने मार्च निकाला। कोलकाता में 'बोंगियो हिंदू जागरण' के बैनर तले सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने 'हिंदू हुंकार पदयात्रा' निकाली। भगवा झंडे लिए प्रदर्शनकारी सियालदह से बांग्लादेश उप उच्चायोग की ओर बढ़ रहे थे, जिन्हें बेकबागान इलाके में भारी पुलिस बल ने रोक दिया।

### पुलिस ने किया लाठीचार्ज

जब प्रदर्शनकारियों ने उप उच्चायोग के करीब जाने के लिए पुलिस बैरिकेड्स तोड़ने की कोशिश की, तो स्थिति तनावपूर्ण हो गई। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा। प्रदर्शनकारी बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा और हाल ही में हुई एक हिंदू युवक की लिंचिंग के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे।

### जम्मू में भी विरोध प्रदर्शन

जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने बांग्लादेश में एक हिंदू व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या किए जाने की घटना के विरोध में मंगलवार को प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपील की कि या तो हिंदुओं को भारत लाया जाए या वहां उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। वकीलों ने यह भी मांग की कि अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या शरणार्थियों को जम्मू से निकाला जाए।

### विहिप के कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया

इस बीच कार्यकर्ता बैरिकेडिंग हटाने लगे, जिस वजह से दिल्ली पुलिस ने कार्यकर्ताओं को खदेड़ने की कोशिश की। पुलिस ने कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। दिल्ली में कार्यकर्ताओं ने मोहम्मद यूनुस का पुतला फूंक दिया। बांग्लादेश में फंसे भारतीय नागरिकों, खासकर मेडिकल छात्रों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता गहराती जा रही है।

#### ढाका में भी दिखी उग्रता

### बांग्लादेश में भी दीपू के लिए न्याय की मांग

22 दिसंबर 2025 को बांग्लादेश में दीपू की हत्या के खिलाफ ढाका के नेशनल प्रेस क्लब के सामने हिंदू संगठनों और अल्पसंख्यक समूहों ने विरोध प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि दीपू निर्दोष था। उस पर झूठा आरोप लगाया गया कि उसने ईशनिंदा की है। इसके बाद कट्टरपंथियों ने उसे बुरी तरह पीटा, पेड़ से लटका दिया और फिर जिंदा जला दिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बांग्लादेश में हालात लगातार खराब हो रहे हैं। उनका दावा है कि इस साल जनवरी से अब तक 50 से ज्यादा गैर-मुस्लिमों की हत्या हो चुकी है और कई लोगों पर ईशनिंदा के झूठे मामले दर्ज किए गए हैं। बांग्लादेश के भालुका में धार्मिक अपमान के झूठे आरोप में गारमेंट वर्कर दीपू चंद्र दास की भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी और शव को जला दिया। जांच में उस पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का कोई सबूत नहीं मिला है। पुलिस का आरोप है कि फैक्ट्री प्रबंधन ने समय पर सूचना नहीं दी, जिससे दीपू की जान नहीं बचाई जा सकी।

#### अटल जी की प्रतिमा का करेंगे अनावरण

## *केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पंचकूला दौरा आज, मुख्यमंत्री सैनी ने तैयारियों का लिया जायजा*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के पंचकूला दौरे को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों की अंतिम तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती की पूर्व संध्या पर अमित शाह 24 दिसंबर को पंचकूला में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस दौरान वे कई महत्वपूर्ण, जनकल्याणकारी और राष्ट्र निर्माण से जुड़े कार्यक्रमों का उद्घाटन एवं निरीक्षण करेंगे। अपने दौरे के दौरान केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह एमडीसी सेक्टर-1 स्थित अटल पार्क में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके साथ ही वे अटल जी के जीवन एवं विचारों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे तथा एक विशाल रक्तदान शिविर का उद्घाटन कर रक्तदाताओं को बैज पहनाकर प्रोत्साहित करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अपने प्रवास के दौरान सेक्टर-3 स्थित ताऊ देवी लाल खेल स्टेडियम में आयोजित पुलिस पासिंग आउट परेड में भाग लेंगे, जहां वे पांच हजार से अधिक नव-नियुक्त पुलिस जवानों की परेड की सलामी लेंगे और उन्हें संबोधित कर राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सेक्टर-5 स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम पहुंचेंगे। यहां वे मेगा कोऑपरेटिव कॉन्फ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे और सहकारिता क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए सहकारिता आंदोलन को सशक्त बनाने पर अपने विचार साझा करेंगे। इसके बाद केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह पुनः सेक्टर-5 स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में वीर बाल दिवस के अवसर पर आयोजित 'साहिबजादों को नमन' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत वीर साहिबजादों के जीवन एवं अद्वितीय बलिदान पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन, सैंड आर्ट शो, केंद्रीय गृह मंत्री का संबोधन तथा साहिबजादों पर आधारित कॉफी टेबल बुक एवं विज़न डॉक्यूमेंट का विमोचन किया जाएगा। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के इस महत्वपूर्ण दौरे को लेकर जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं, ताकि सभी कार्यक्रम सुव्यवस्थित, सुरक्षित, गरिमामय एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सकें।

# अंकिता हत्याकांड में उत्तराखंड भाजपा प्रभारी का नाम सामने आने के बाद कांग्रेस हमलावर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने अंकिता भंडारी हत्याकांड में उत्तराखंड भाजपा प्रभारी का नाम सामने आने के बाद मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के जज की निगरानी में सीबीआई से कराने की मांग की है। पार्टी ने कहा है कि भाजपा सरकार दोषियों को बचाने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है।

इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, प्रदेश कांग्रेस के सह-प्रभारी सचिव सुरेंद्र शर्मा और मनोज यादव ने भाजपा को घेरते हुए कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा खोखला साबित हो रहा है। उत्तराखंड में महिलाओं की सुरक्षा गंभीर खतरे में है।

गोदियाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक वीडियो दिखाया, जिसमें खुद को भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश राठौर की पत्नी बताने वाली एक महिला यह दावा करती नजर आ रही है कि उसके पति की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग है, जिसमें अंकिता की हत्या का उल्लेख है। यह ऑडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो चुका है। इसमें सुरेश राठौर यह कहते सुनाई देते हैं कि अंकिता की हत्या इसलिए हुई क्योंकि उसके ऊपर उत्तराखंड भाजपा के प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम के साथ शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया जा रहा था।



कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा नेता बेटियों के प्रति कैसी नीयत रखते हैं, यह शर्मनाक सच्चाई इस मामले से उजागर होती है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के नाम सामने आए हैं, तो पूरी भाजपा सरकार उन्हें बचा रही है और खामोश बैठी हुई है। उन्होंने कहा कि अंकिता के लापता होने के बाद उसका शव मिलने से पहले ही उसके कमरे को बुलडोजर से तोड़ दिया गया और बिस्तर को जलाने की कोशिश हुई। यह पूरी कार्रवाई सबूतों को नष्ट करने की साजिश का हिस्सा थी। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि कार्रवाई करनी ही थी, तो होटल मालिक के निजी आवास पर क्यों नहीं की गई।

गोदियाल ने उत्तराखंड सरकार, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ता का दुरुपयोग कर इस केस को दबाने और प्रभावशाली लोगों को बचाने की कोशिश की गई। इस मामले में गठित एसआईटी ने निष्पक्ष जांच करने के बजाय गवाहों को डराने का काम किया।उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें और इसकी जांच सुप्रीम कोर्ट के किसी वर्तमान या सेवानिवृत्त जज की निगरानी में सीबीआई से कराई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अगले 10-12 दिनों में उत्तराखंड सरकार सीबीआई जांच की संस्तुति नहीं करती, तो कांग्रेस गढ़वाल मंडल मुख्यालय में बड़ा धरना-प्रदर्शन करेगी। गणेश ने कहा कि अंकिता को न्याय दिलाना सिर्फ एक परिवार का नहीं, बल्कि महिला सुरक्षा से जुड़ा सवाल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक दोषियों को सजा नहीं मिलती, कांग्रेस इस लड़ाई को पूरी मजबूती से जारी रखेगी।

## अरावली पर्वतमाला पर 'स्पष्टीकरण' पर नए सवाल

# जयराम ने उठाई पर्यावरणीय चिंताओं की गंभीर सूची

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने अरावली पर्वतमाला को लेकर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा दिए गए "स्पष्टीकरणों" पर तीखा सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि सरकार के दावे न केवल भ्रामक हैं, बल्कि इससे अरावली जैसे ऐतिहासिक और पर्यावरणीय रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र को बड़े पैमाने पर खनन और रियल एस्टेट के लिए खोलने का रास्ता भी साफ हो सकता है।

जयराम रमेश के अनुसार, मंत्री ने दावा किया है कि अरावली क्षेत्र के कुल 1.44 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में से केवल 0.19 प्रतिशत हिस्सा ही वर्तमान में खनन पट्टों के अंतर्गत है। लेकिन यह आंकड़ा अपने आप में चिंताजनक है, क्योंकि 0.19 प्रतिशत का अर्थ लगभग 68,000 एकड़ भूमि से है, जो किसी भी दृष्टि से छोटा क्षेत्र नहीं है।

### गलत आधार, भ्रामक आंकड़े

जयराम रमेश ने सरकार के आंकड़ों के आधार (डिनॉमिनेटर) पर सवाल उठाते हुए कहा कि 1.44 लाख वर्ग किलोमीटर का आंकड़ा स्वयं में भ्रामक है। यह क्षेत्र चार राज्यों के 34 जिलों के पूरे भू-भाग को जोड़कर निकाला गया है, जबकि वास्तविकता यह है कि इन जिलों का केवल एक हिस्सा ही अरावली पर्वतमाला के अंतर्गत आता है। उन्होंने कहा कि सही आधार उन जिलों के भीतर वास्तविक अरावली क्षेत्र को मानना चाहिए। यदि ऐसा किया जाए, तो 0.19 प्रतिशत का दावा बहुत बड़ा अंडर-एस्टिमेट साबित होगा।

### 15 जिलों में 33 फीसदी क्षेत्र अरावली

उन्होंने बताया कि जिन 34 जिलों में से 15 जिलों का आंकड़ा सार्वजनिक रूप से सत्यापित किया जा सकता है, उनमें अरावली क्षेत्र कुल भूमि का लगभग 33 प्रतिशत है। इसके बावजूद सरकार ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि नए प्रस्तावित 'संशोधित परिभाषा' के तहत अरावली के कितने हिस्सों को संरक्षण से बाहर कर दिया जाएगा और कितनी भूमि खनन व अन्य विकास गतिविधियों के लिए खोल दी जाएगी।

### ऊंची पहाड़ियां भी होंगी बाहर

जयराम रमेश ने चेतावनी दी कि यदि स्थानीय प्रोफाइल को आधार बनाया गया, जैसा कि मंत्री संकेत दे रहे हैं, तो 100 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली कई पहाड़ियाँ भी संरक्षित श्रेणी से बाहर हो जाएंगी। इससे अरावली की पारिस्थितिक संरचना को भारी नुकसान पहुंचेगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तगण **1. जय किशन, 2. मुकेश, पुत्रः जय प्रकाश, निवासीः 715, गली नंबर–8, अमर कॉलोनी, पूर्वी गोकुलपुरी, उत्तर पूर्व, दिल्ली** ने **FIR No.:510/2020, U/s: 498-A/406/34 IPC, पुलिस थाना नन्द नगरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. जय किशन, 2. मुकेश** मिल नहीं रहें है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. जय किशन, 2. मुकेश** फरार हो गऐं है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना नन्द नगरी, दिल्ली** के अभियुक्तगण **1. जय किशन, 2. मुकेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 20.02.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री निधि बाला
जेएमएफसी, महिला कोर्ट–03,
द्वतीय मंजिल, शाहदरा जिला, कमरा संख्या 08,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/17272/NE/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अकबर अली पुत्र इम्तियाज अली पताः बस स्टॉप एओ ब्लॉक झुग्गी शालीमार बाग दिल्ली और बाविसा फलिया सिलवासा दादरा नगर हवेली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 632/22 धारा 147/148/149/186/353 भा.द.स. के तहत** थानाः शालीमार बाग, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अकबर अली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अकबर अली** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 632/22 धारा 147/148/149/186/353 भा.द.स. के तहत थाना शालीमार बाग, दिल्ली के उक्त अकबर अली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
गौरव कटारिया
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07
उतरी पश्चिम, कमरा नं.208, द्वितीय तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/17039/NW/2025

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **सचिन उर्फ लाला पुत्रः राजू पताः सी–115, जे जे कॉलोनी, वज़ीरपुर, दिल्ली** ने **FIR No. 349/2024 U/s 25/54/59 A. Act थानाः केशव पुरम, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सचिन उर्फ लाला** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गई है कि उक्त अभियुक्त **सचिन उर्फ लाला** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 349/2024 U/s 25/54/59 A. Act थानाः केशव पुरम, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **सचिन उर्फ लाला** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री संयम जैन
जेएमएफसी–04, कमरा नंबर 112, पहली मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/17123/NW/2025
(Court Matter)

## खबर संक्षेप

### अमित शाह करेंगे राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन को संबोधित

**नई दिल्ली।** कृषि को बढ़ावा देने, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) की भूमिका के विस्तार, लघु एवं सीमांत किसानों की आय स्थिरता, सहकारिता आधारित कृषि मॉडल को जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के अनुरूप मजबूत बनाने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हेतु, कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा 24 दिसंबर को पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन सहकार से समृद्धि सतत कृषि में सहकारिता की भूमिका का आयोजन किया जा रहा है।

### रेल संपर्कों को मजबूत बनाने के लिए विशेष पहल

**नई दिल्ली।** अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय रेल सूचना द्वारा राजस्थान में रेल संपर्कों की कड़ी को सुदृढ़ करने के लिए राज्य के विभिन्न भागों में विशेष पहल की जा रही है। इसी कड़ी में राजस्थान के महत्वपूर्ण पर्यटन क्षेत्र उदयपुर में रेल सम्पर्क को बेहतर और सुदृढ़ करने के लिए उमरा - देबारी 25 किलोमीटर रेलखंड के दोहरीकरण कार्य के लिए 492 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है।

### तिरूपति-हिसार-तिरूपति साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन

**नई दिल्ली।** रेलवे द्वारा यात्रियो की सुविधा हेतु तिरूपति-हिसार-तिरूपति साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 07717, तिरूपति-हिसार साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 31.12.25 से 11.02.26 तक (07 ट्रिप) तिरूपति से प्रत्येक बुधवार को 23.45 बजे रवाना होकर षनिवार को 14.05 बजे हिसार पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 07718, हिसार-तिरूपति साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 04.01.26 से 15.02.26 तक (07 ट्रिप) हिसार से प्रत्येक रविवार को 23.15 बजे रवाना होगी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# खुदरा महंगाई की गणना में ई-कॉमर्स, ऑनलाइन स्रोत

**नई दिल्ली।** सरकार ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) की विश्वसनीयता, सटीकता और गुणवत्ता में पर्याप्त सुधार लाने के उद्देश्य से खुदरा मुद्रास्फीति की गणना में ऑनलाइन स्रोतों के साथ-साथ ई-कॉमर्स मंच को भी शामिल करने का प्रस्ताव किया है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) सीपीआई, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की गणना के लिए आधार वर्षों को संशोधित करने की प्रक्रिया में है। सीपीआई (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-आधारित मुद्रास्फीति) की नई श्रृंखला के आंकड़े (2024 =100) को आधार वर्ष मानते हुए 12 फरवरी, 2026 को जारी किए जाने की संभावना है। मंत्रालय के अनुसार, 'इन वैकल्पिक और डिजिटल डेटा स्रोतों को अपनाने से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की प्रतिनिधित्व क्षमता, विश्वसनीयता, सटीकता और समग्र गुणवत्ता में काफी सुधार होने की उम्मीद है।'

## सरकार सीपीआई की विश्वसनीयता, सटीकता व गुणवत्ता में सुधार लाएगी

### आईआईपी के नए आंकड़े 28 मई को जारी होंगे

वित्त वर्ष 2022-23 को आधार वर्ष मानकर राष्ट्रीय लेखा संबंधी आंकड़े 27 फरवरी, 2026 को जारी किए जाएंगे, जबकि 2022-23 को आधार वर्ष मानते हुए आईआईपी की नई श्रृंखला के आंकड़े 28 मई को जारी होंगे। मंगलवार को मंत्रालय ने सीपीआई, जीडीपी और आईआईपी के आधार वर्ष संशोधन पर परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया।

### नए आंकड़े भौतिक दुकानों से एकत्र किए जा रहे

मंत्रालय ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में नए आंकड़ा स्रोतों को शामिल करने के संबंध में कहा कि वर्तमान श्रृंखला में भौतिक दुकानों से एकत्र किए जा रहे आंकड़ों के अतिरिक्त, 25 लाख से अधिक आबादी वाले 12 चयनित शहरों में ई-कॉमर्स मंच से भी कीमत आंकड़े प्राप्त की जाएंगी।



### रेलवे व पेट्रोलियम के आंकड़े भी प्राप्त किए जाएंगे

रेल किराये के लिए रेलवे, ईंधन की कीमतों के लिए पेट्रोलियम मंत्रालय और डाक शुल्क के लिए डाक विभाग के साथ समन्वय में प्रशासनिक आंकड़े प्राप्त करने के भी प्रयास किए जाएंगे। एमओएसपीआई ने कहा कि हवाई किराये, दूरसंचार सेवाओं और ओटीटी (ओवर द टॉप) मंच के लिए, वेब-आधारित तरीकों का उपयोग करके ऑनलाइन स्रोतों से मूल्य आंकड़े संकलित करने का प्रस्ताव है।

## उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 42 अंक फिसला

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 42 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी मामूली लाभ में रहा। सूचना प्रौद्योगिकी और औषधि कंपनियो के शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 42.64 अंक टूटकर 85,524.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 85,704.93 अंक के उच्चतम स्तर तक गया और 85,342.99 अंक के निचले स्तर तक आया। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी मामूली 4.75 अंक बढ़कर 26,177.15 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''वैश्विक बाजार के मिले-जुले संकेतों के बीच घरेलू बाजार सीमित दायरे में रहा और स्थिर बंद हुआ। अधिकांश क्षेत्रों में बिकवाली का दबाव बना रहा। हालांकि वित्तीय और एफएमसीजी क्षेत्रों ने मामूली समर्थन प्रदान किया।

### वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ी

# चांदी की चमक के आगे फीका पड़ा सोना, इस साल कीमतों में 130 प्रतिशत से अधिक का उछाल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेश के सुरक्षित विकल्प और चुनिंदा उद्योगों में मांग बढ़ने से इस साल चांदी ने रिटर्न के मामले में परंपरागत निवेश विकल्प सोने और शेयर बाजार को भी पीछे छोड़ दिया है। स्थिति यह हो गई है कि सोने ने जहां करीब 70 प्रतिशत रिटर्न दिया है वहां चांदी 130 प्रतिशत से भी अधिक चढ़ी है। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में आगे और कटौती की उम्मीदों के बीच चांदी में अगले साल भी 15 से 20 प्रतिशत तक की तेजी बने रहने की उम्मीद है। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, दिल्ली में चांदी की कीमत सोमवार को 10,400 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़कर 2,14,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के अबतक के उच्चस्तर पर पहुंच गईं। चांदी की कीमत इस साल एक जनवरी को 90,500 रुपये प्रति किलोग्राम थी। इस तरह चांदी में 1,24,000 रुपये यानी 137 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। चांदी में आई तेजी के बारे में आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लि. के निदेशक नवीन माथुर ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय हाजिर बाजार में चांदी ने अब तक लगभग 130 प्रतिशत से अधिक रिटर्न दिया है।

**खास बातें**

- चांदी ने इस साल निवेश विकल्प सोना और शेयर बाजार को पीछे छोड़ दिया
- सोने ने करीब 70 प्रतिशत रिटर्न दिया तो चांदी 130 प्रतिशत से अधिक चढ़ी



### चांदी में उछाल संरचनात्मक कारकों के कारण

मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, ''चांदी की कीमतों में उछाल सट्टेबाजी का नहीं बल्कि संरचनात्मक कारकों का नतीजा है। आपूर्ति में लगातार कमी के साथ औद्योगिक मांग बनी हुई है। कृत्रिम मेधा (एआई), ईवी तथा स्वच्छ ऊर्जा जैसे नए क्षेत्रों में बढ़ती मांग कीमत में वृद्धि का प्रमुख कारण है।''

### चांदी की आपूर्ति में लगातार कमी आई

मांग और आपूर्ति से जुड़े सवाल के जवाब में माथुर ने चांदी उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाले वैश्विक निकाय सिल्वर इंस्टिट्यूट के अनुमान का हवाला देते हुए कहा कि चांदी की आपूर्ति में लगातार पांचवें वर्ष लगभग 9.5 करोड़ औंस (एक औंस बराबर लगभग 31.1 ग्राम) की कमी है। आने वाले वर्षों में चांदी की कीमतों में और अधिक सकारात्मक वृद्धि का कारण यह कमी ही रहेगी।

## सोना 1,40,850 रुपये के नए शिखर पर, चांदी का भी रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूत रुझानों के कारण, सोने की कीमतों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन बढ़त जारी रहीं। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोना 2,650 रुपये बढ़कर 1,40,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 1,38,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इस साल अब तक, घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में 61,900 रुपये, या 78.40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। 31 दिसंबर, 2024 को सोने का भाव 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी में भी लगातार दूसरे दिन तेजी आई, और यह 2,750 रुपये बढ़कर 2,17,250 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। पिछले सत्र में, चांदी 10,400 रुपये प्रति किलोग्राम की तेज वृद्धि दर्ज करने के बाद 2,14,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### पंजाब एंड सिंध बैंक द्वारा किसान दिवस का आयोजन

नई दिल्ली। दिनांक 23 दिसंबर को पंजाब एंड सिंध बैंक आंचलिक कार्यालय आगरा द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस की स्मृति में राष्ट्रीय किसान दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक के मुख्य महाप्रबंधक राजेश चंदन पाण्डेय, आंचलिक प्रबंधक अगम कुमार, स्थानीय शाखाओं के शाखा प्रभारी एवं सम्मानित ग्राहक उपस्थित रहे।

### रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 89.65 प्रति डॉलर

**मुंबई।** कमजोर डॉलर के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपया तीन पैसे बढ़कर डॉलर के मुकाबले 89.65 (अस्थायी) पर बंद हुआ। हालांकि, विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी, विदेशी पूंजी की निकासी ने रुपये की तेज बढ़त पर ब्रेक लगा दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 89.67 पर खुला और 89.59-89.85 के दायरे में कारोबार करने के बाद डॉलर के मुकाबले 89.65 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की बढ़त है।

**आरएमपीयू के नीचे एसएस मेटल ट्रफ का प्रावधान**

ई-निविदा सूचना सं. DBWS-NIET-43-2025-26, दिनांक:19-12-2025। निम्नलिखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** बल्क आरएसपी पीबी 755/24-25 के तहत स्वीकृत डीबीडब्ल्यूएस में एफआरपी ट्रफ के स्थान पर आरएमपीयू के नीचे एसएस मेटल ट्रफ का प्रावधान। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹94,65,236/- जीएसटी @18% सहित; **बिड सिक्यूरिटी::** ₹1,89,300/-। **ई-निविदाएं** 12-01-2026 को 15:00 बजे **बंद होंगी** और 12-01-2026 को 15:30 बजे **खुलेंगी**। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर 12-01-2026 को 15:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी।

चीफ वर्कशॉप मैनेजर/मेकेनिकल वर्कशॉप/ डिब्रुगढ़

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) EICHR_VECV PRO2114CBC REG. NO. DL1GC9056-YOM- 2021
2) TATA MOTORS TATAACE ENG. NO. DL1LAJ6388-YOM- 2023
3) ASHOK_LEY AL_3518 REG. NO. NL01AC1874-YOM- 2018
4) TATA MOTORS T_INTRAV20 REG. NO. DL1LAM1238-YOM- 2023
5) TATA MOTORS TATA_1512 REG. NO. HR38AE5289-YOM- 2023
6) ASHOK_LEY AL_4019 REG.NO. HR38V0889-YOM -2016
7) TATA MOTORS TATA_INTRA REG. NO. DL1LAM9698-YOM- 2024
8) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. DL1LAM1406-YOM -2024
9) MAH SUPMAXITRK REG. NO. DL1LAG8932-YOM -2022
10) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. DL1LAG9002 -YOM -2022
11) TATA MOTORS TATAACE REG. NO. DL1LAJ9519-YOM -2023
12) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. DL1LAE7990-YOM -2021
13) TATA MOTORS TATA_INTRA REG. NO. DL1LAL8258-YOM -2023
14) TATA MOTORS TATA_INTRA REG. NO. DL1LAN4566-YOM -2024
15) EICHR_VECV PRO2075CBC REG. NO. DL1LAL7338-YOM -2023
16) TATA MOTORS TATAACE REG. NO. DL1LAG0949-YOM -2021
17) TATA MOTORS TACEGOLCNG REG. NO. HR38AH5539-YOM- NA

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : RAMAN AHUJA KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 8377988238 EMAIL–raman.ahuja@kotak.com

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) EICHR_VECV EICHER1114 REG. NO. UP71AT1879-YOM- 2018
2) ASHOK_LEY ECOMET1615 ENG. NO. HR58C7639-YOM -2022
3) TATA MOTORS TLPT1109CH REG. NO. DL1MB1398-YOM -2023
4) TATA MOTORS TATAACE REG. NO. DL1LAJ7523-YOM -2023
5) TATA MOTORS TATA_ACE REG. NO. DL1LAL3360-YOM- 2023
6) TATA MOTORS LPT1109T REG.NO. HR61E2887-YOM NA
7) TATA MOTORS T4923FBTT REG. NO. PB13BC6723-YOM- 2018
8) TATA MOTORS LPT1212CBC REG. NO. HR38AH8271-YOM -2024
9) EICHR_VECV PRO_2110 REG. NO. HR38AD0153-YOM -2022
10) ASHOK_LEY AL1616COCN REG. NO. HR38W4378-YOM-2016
11) TATA MOTORS T1512LB REG. NO. HR38AE2168-YOM -2022
12) TATA LPT407CH REG. NO. HR55AT5488-YOM- NA
13) ASHOK_LEY 2820_7SCHW REG. NO. HR55AT4212-YOM- NA
14) ASHOK_LEY 2820_7SCHW REG. NO. HR55AT7102-YOM NA
15) ASHOK_LEY 2820_7SCHW REG. NO. HR55AT2879-YOM- NA
16) EICHR_VECV EICPRO2114 REG. NO. HR58D7125-YOM 2022
17) EICHR_VECV EICHER1114 REG. NO. UP71AT1879-YOM 2018
18) TATA MOTORS TACEGOLCNG REG. NO. DL1LAN4240- YOM 2024

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : RAMAN AHUJA KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 8377988238 EMAIL–raman.ahuja@kotak.com

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत में गऊशाला के निकट बाहरी रोड पार्क और गढ़ी की तरफ पुराना सोएचसी रास्ता के निकट गांव राठधना में पार्कों के पुनरोद्धार हेतु आकलन + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 30.12.2025 | रु.2,18,33,335/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 xenhortmcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41391/I/88/7 दि. 23.12.25

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **लेखराज,** पताः मकान न. 200/21/200, गली न. 7, विष्णु गार्डन, ख्याला, दिल्ली, ने **FIR No.: 15/2024, U/s: 21(B) of NDPS Act 1985,** थानाः पश्चिम विहार (वेस्ट), **दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **लेखराज,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **लेखराज,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 15/2024, U/s: 21(B) of NDPS Act 1985,** थानाः पश्चिम विहार (वेस्ट), **दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **लेखराज,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सतवीर सिंह लाम्बा
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश
विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस), जिला पश्चिम
कमरा न. 132, तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/16942/OD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त (1) **मनोज पुत्र नाथूलाल निवासी मकान नंबर 560, सेक्टर-9, राजापुर प्रशांत विहार, रोहिणी, दिल्ली (2) अमित पुत्र नसीब सिंह निवासी मकान नंबर 386, जेजे कैंप सेक्टर-3, रोहिणी साउथ, रोहिणी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 582/23 धारा 12/9/55 जी. एक्ट, थाना नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **मनोज** और **अमित** मिल नहीं रहे हैं और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **मनोज** और **अमित** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 582/23 धारा 12/9/55 जी. एक्ट, थाना नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मनोज** और **अमित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए 11.02.2026 को या उससे पूर्व हाजिर हों।

आदेशानुसार
सुश्री ईब्बनी अग्रवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03, उत्तर-पश्चिम, कोर्ट नं.107
प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली

DP/17149/RD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शिवा, पुत्र ओमकार निवासी मकान नं. बी-2/10, बुद्ध विहार, फेस-1, रोहिणी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 628/2023, भा.द.सं. की धारा 411 के तहत, थाना नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **शिवा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **शिवा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 628/2023, भा.द.सं. की धारा 411 के तहत, थाना नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शिवा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.02.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री एब्बानी अग्रवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03, उत्तर-पश्चिम, कमरा नं. 107
प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली

DP/17139/RD/2025

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## शब्द पहेली - 6087




**बाएँ से दाए-**
1. ईश्वर, करतार-3
3. मुस्कुराहट-3
5. ईख-2
6. रजनीगंधा -2, 1, 2
9. समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11. ताकत, दम-2
12. अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13. वेतन, पगार-3
16. मनोनीत, नामकृत-3
18. बंधक, गिरवी वस्तु-3
20. निशा, रात्री-3
22. वचन, प्रतिज्ञा-3
23. श्रीनगर की झील-2
24. मूल्य, कीमत-2
25. असावधान-3
28. धिक्कार, फटकार-3
30. हवा, पवन-3
31. झाझर, कुंभ-3
33. चिंतन-3
35. संस्कृत में मेरा-2
36. मादा का विलोम-2
38. कुबेर, भूत-2
40. परोपकारी, जितेंद्र की एक फिल्म-5
41. फलों का राजा-2
42. फूल चुननेवाली-3
43. घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2. बेकार-3
3. दीवान, खजांची-3
4. पैगंबर, रसूल-2
5. झूठ, मिथ्या -3
7. तेल में पकाना-3
8. आराम, मदद-3
10. गुलिस्ता-3
14. नरकभोगी-5
15. खुजली-2
17. सखा, दोस्त-2
18. मजा, आनंद-2
19. स्वदेशवासी-5
21. सुई (अंग्रेजी-3)
22. विष्णुप्रिया-3
26. पुनः, वापस-2
27. मर्करी, पारद-2
29. भीगा हुआ-2
30. वक्त, टाईम-3
31. अच्छी बुद्धि-3
32. निम्नता-3
34. मुलायम-3
35. बड़ा, विशाल-3
37. धनवान-3
39. माफी-2
41. उम्मीद-2

**शब्द पहेली -6086 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | | बु | आ | | द | | स | ख्त | | मु |
| र | क्त | | कु | क | र | मु | त्ता | | जा | ला |
| तू | | म | ल | | मि | | धी | र | | य |
| स | क्रि | य | ता | | या | | श | ब | न | म |
| | या | | | | न | | | | या | |
| रा | शी | क | र | ण | | भा | र | ही | न | ता |
| | ल | | | | टी | | | | बे | |
| री | ता | प | न | | ना | | न | ह | ला | ना |
| इं | | स | जा | | मु | | का | म | | का |
| ब | लि | | क | हा | नी | का | र | | छ | बि |
| र्स | | गी | त | | म | | ना | नी | | ल |



# बॉक्सिंग डे मैच के लिए ऑस्ट्रेलियाई स्क्वॉड का ऐलान, कमिंस बाहर, मर्फी करेंगे टेस्ट डेब्यू

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर शुरू होने वाले चौथे एशेज टेस्ट में विश्राम दिया जाएगा जबकि चोटिल नाथन लियोन की जगह टॉड मर्फी को स्पिन गेंदबाज के रूप में टीम में शामिल किया गया है। मर्फी बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) मैच में ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं। उन्हें घोषित 15 सदस्यीय टीम में मैट कुहनेमैन और कोरी रोकिचिओली पर प्राथमिकता दी गई है। ऑस्ट्रेलिया एडिलेड ने तीसरा टेस्ट मैच जीतकर पहले ही एशेज अपने पास बरकरार रह चुका है। जून से पीठ दर्द के कारण परेशान रहे कमिंस ने एडिलेड टेस्ट में वापसी की थी लेकिन अगले मैच के लिए उन्हें विश्राम दिया जाएगा। कमिंस ने एडिलेड में इंग्लैंड पर ऑस्ट्रेलिया की 82 रन की जीत के बाद कहा था कि उनका एमसीजी में खेलना मुश्किल है।





**ऑस्ट्रेलिया टीम:** स्टीव स्मिथ (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, झाई रिचर्डसन, मिशेल स्टार्क, जेक वेदरल्ड, ब्यू वेबस्टर।

### टी20 विश्व कप में कमिंस का खेलना संदिग्ध

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस का अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप में खेलना संदिग्ध है क्योंकि वह पीठ की चोट से अभी तक पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं। कमिंस इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला के पहले दो मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने एडिलेड में खेले गए तीसरे एशेज टेस्ट में वापसी की और छह विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को श्रृंखला में 3-0 से अजेय बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई। कमिंस अब इस श्रृंखला के बाकी बचे दो मैच में नहीं खेल पाएंगे और यहां तक कि उनका टी20 विश्व कप में खेलना भी संदिग्ध है। ऑलराउंडर मिचेल मार्श टी20 अंतरराष्ट्रीय में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान हैं। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, 'विश्व कप का बेसब्री से इंतजार है। वह (कमिंस) इस टूर्नामेंट के लिए टीम में शामिल होंगे या नहीं, मैं अभी इस बारे में स्पष्ट तौर पर कुछ नहीं कर सकता।

### स्मिथ करेंगे ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी

स्टीव स्मिथ अस्वस्थ होने के कारण तीसरे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे लेकिन अब उनके ठीक होने की उम्मीद है। कमिंस की अनुपस्थिति में वह एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे। तेज गेंदबाज झाई रिचर्डसन टीम में वापस बुलाए जाने के बाद चार साल से अधिक समय में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए दावेदार हैं। तीसरे टेस्ट के अंतिम दिन चौका बचाने के लिए डाइव लगाते समय लियोन की हैमस्ट्रिंग में मोच आ गई। 38 वर्षीय लियोन अपने टेस्ट करियर में अधिकतर समय चोटों से मुक्त रहे। इससे पहले उन्हें एक बार 2023 में पिंडली की चोट के कारण एशेज टेस्ट मैच से बाहर होना पड़ा था। इंग्लैंड में खेली गई इस श्रृंखला में लियोन के चोटिल होने के बाद मर्फी ने दो टेस्ट खेले थे, जिसमें उन्होंने ओवल में छह विकेट लिए थे। एशेज श्रृंखला का पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच तीन जनवरी से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा की रमिता जिंदल को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण

**भोपाल।** हरियाणा की रमिता जिंदल और हिमांशु ढिल्लों ने मंगलवार को यहां आयोजित राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में महाराष्ट्र की आर्य बोरसे और पार्थ माने की जोड़ी को 16-12 से हराकर 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही ढिल्लों का दबदबा कायम रहा, जिन्होंने सोमवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में 634.5 का राष्ट्रीय और जूनियर रिकॉर्ड बनाया था। दिल्ली की राजश्री संचेती और पार्थ मखीजा ने मध्य प्रदेश की श्रेया अग्रवाल और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर की जोड़ी के खिलाफ 17-15 की जीत के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

### प्रियांदना ने टी-20 में किया कमाल एक ओवर में झटके 5 विकेट

**बाली।** इंडोनेशिया के गीड प्रियांदना टी20 इंटरनेशनल में एक ओवर में पांच विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए। उन्होंने कंबोडिया के खिलाफ मुकाबले में यह करिश्मा किया। गीड प्रियांदना ने बाली में खेले गए मुकाबले में एक ही ओवर फेंका और इसमें हैट्रिक समेत पांच विकेट चटकाए। इससे इंडोनेशिया ने 60 रन से मैच जीत लिया। कंबोडिया का स्कोर प्रियांदना के ओवर से पहले पांच विकेट पर 106 रन था और उसे जीत के लिए पांच ओवर में 62 रन की जरूरत थी। 28 साल के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रियांदना पहले क्रिकेटर हैं, जिन्होंने टी20 इंटरनेशनल में एक ओवर में पांच विकेट लिए हैं। वे 16वें ओवर में बॉलिंग के लिए आए। उन्होंने पहली तीन गेंदों पर शाह अबरार हुसैन, निर्मलजीत सिंह और चांटथुम रथानक को आउट कर हैट्रिक पूरी की।



### हरमनप्रीत और सविता को सूरमा हॉकी क्लब की कमान

**नई दिल्ली।** स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और गोलकीपर सविता आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में फिर से सूरमा हॉकी क्लब की पुरुष और महिला टीमों की कमान संभालेंगे। मिडफील्डर सलीमा टेटे को महिला टीम की उप कप्तान नियुक्त किया गया है। भारतीय पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, 'इस टीम का नेतृत्व करना विशेष होता है।

### आज सुबह 9 बजे से बेंगलुरु में घरेलू वनडे, खेलेंगे दिग्गज खिलाड़ी

# सितारों की मौजूदगी से दमकी विजय हजारे ट्रॉफी, कोहली-रोहित-गिल से बढ़ा रोमांच

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा सहित कई शीर्ष भारतीय क्रिकेटरों की उपस्थिति से 24 दिसंबर से शुरू होने वाले विजय हजारे एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट की चमक बढ़ गई है, जिसमें इन दिग्गज खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने और अपनी क्षमता साबित करने का मौका मिलेगा। विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने वाले स्टार खिलाड़ियों की कतार में ऋषभ पंत, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा जैसे नाम शामिल हैं, लेकिन कोहली और रोहित जितनी सुर्खियां किसी और को नहीं मिलतीं।

### घरेलू ट्रॉफी के दो मैच में खेलना अनिवार्य

कोहली और रोहित को इसलिए घरेलू टूर्नामेंट में खेलना पड़ रहा है क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सभी भारतीय क्रिकेटरों के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कम से कम दो मैच में खेलना अनिवार्य कर दिया गया है। कोहली 15 साल बाद इस टूर्नामेंट में खेलेंगे। उनका और रोहित का इस टूर्नामेंट में खेलने का सीधा मतलब है कि यह दोनों खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट में विकसित हो रहे शक्ति समीकरणों से अछूते नहीं हैं। यह दोनों खिलाड़ी अभी क्रिकेट जगत के स्टार हैं लेकिन क्रिकेट परिदृश्य में तेजी से बदलाव हो रहा है, जिसका असर इन दोनों पर पड़ना लाजमी है।



### टीम में जगह बनाने के लिए जूझ रहे पंत

खिलाड़ियों में पंत भी शामिल है, जो टेस्ट क्रिकेट की टीम में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं लेकिन सीमित ओवरों की टीम में जगह बनाने के लिए जूझ रहे हैं। पंत विजय हजारे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी तरफ खींचने की कोशिश करेंगे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने अगस्त 2024 के बाद से वनडे या टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है।

### गिल करेंगे लय हासिल करने की कोशिश

गिल आगामी टी20 विश्व कप के लिए नजरअंदाज किए जाने के बाद लय हासिल करने कोशिश करेंगे। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज पंजाब के लिए खेलते हुए अपनी निराशा को दूर करने का प्रयास करेगा। गिल के लिए यह अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से पहले एक अच्छा अभ्यास होगा, जिसमें वह भारत की कप्तानी करेंगे।

### तेज गेंदबाजों पर चयनकर्ताओं की निगाह

इस टूर्नामेंट में चयनकर्ताओं की निगाह तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन पर भी टिकी रहेगी। कुछ साल पहले मोहम्मद सिराज के रणजी ट्रॉफी में अच्छे प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के बाद से कोई भी अन्य तेज गेंदबाज ऐसा करने में सफल नहीं रहा है। भारतीय टीम में शामिल तेज गेंदबाजों में प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा और आकाश दीप के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। इस संदर्भ में गुरजपनीत सिंह (तमिलनाडु), गुरनूर बरार (पंजाब), युद्धवीर सिंह (जम्मू कश्मीर), अनुज ठकराल (हरियाणा) और साकिब हुसैन (बिहार) आदि खिलाड़ियों में चयनकर्ताओं की विशेष रुचि होगी।

**मुंबई की तरफ से खेलेंगे रोहित**

रोहित ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह मुंबई की तरफ से सिक्किम और उत्तराखंड के खिलाफ जयपुर में 24 और 26 दिसंबर को होने वाले पहले दो मैच खेलेंगे। कोहली ने मुंबई में भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ के साथ अभ्यास किया। उन्होंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह दिल्ली के लिए कौन से दो या तीन मैच खेलेंगे। दिल्ली एलीट ग्रुप डी में बेंगलुरु में आंध्र के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। यह मैच बीसीसीआई के सेंटर आफ एक्सीलेंस (सीओई) में खेला जाएगा क्योंकि कर्नाटक सरकार ने सुरक्षा कारणों से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैचों के आयोजन को अनुमति नहीं दी। दिल्ली का अगला मुकाबला गुजरात से होगा।

## आईसीसी रैंकिंग

# दुनिया की नंबर-1 गेंदबाज बनीं दीप्ति, मंधाना से छिना ताज

एजेंसी ▶▶| दुबई

स्टार भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा अपने करियर में पहली बार आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गईं। विशाखापत्तनम में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में 28 साल की ऑफ स्पिनर दीप्ति ने 20 रन देकर एक विकेट चटकाया और इस प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गईं। दीप्ति ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज से एक रेटिंग अंक आगे 737 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी पांच स्थान के फायदे से 36वें स्थान पर हैं जबकि स्पिनर श्री चरणी 19 स्थान की लंबी छलांग के साथ 69वें स्थान पर पहुंच गईं। स्मृति मंधाना शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय बल्लेबाज बनी हुई हैं। वह तीसरे स्थान पर हैं।

- ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज से एक रेटिंग अंक आगे 737 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर दीप्ति



### जेमिमा पांच स्थान के फायदे से नौवें स्थान पर

विशाखापत्तनम में 44 गेंद में नाबाद 69 रन बनाकर मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गईं जेमिमा रोड्रिग्स पांच स्थान के फायदे से नौवें स्थान पर हैं। भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय बल्लेबाज बनी हुई हैं। वह तीसरे स्थान पर हैं। शेफाली वर्मा एक स्थान नीचे खिसककर 10वें स्थान पर हैं।

### वोलवार्ट ने स्मृति पर बनाई नौ अंक की बढ़त

आयरलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के दूसरे और तीसरे मैच में 124 और नाबाद 100 रन बनाकर लगातार दो शतक जड़ने वाली वोलवार्ट ने स्मृति पर नौ अंक की बढ़त बना ली। वोलवार्ट ने करियर के सर्वश्रेष्ठ 820 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस 45 और 64 रन की पारियों के बाद चार स्थान ऊपर 18वें स्थान पर पहुंच गई हैं। उनकी टीम की साथी ऐमी हंटर 31वें से 28वें स्थान पर पहुंच गईं जबकि दक्षिण अफ्रीका की सुने लुस (सात स्थान ऊपर 34वें स्थान पर) और डेन वैन नीकर्क (24 स्थान ऊपर 95वें स्थान पर) की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है।





# मिस्र ने जिम्बाब्वे को 2-1 से हराया स्ट्राइकर सलाह ने दागा शानदार गोल

एजेंसी ▶▶| रबात

स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सलाह के गोल की मदद से मिस्र ने जिम्बाब्वे को 2-1 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशंस फुटबॉल टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरुआत की। विश्व रैंकिंग में 129वें स्थान की टीम जिम्बाब्वे ने मिस्र के सामने कड़ी चुनौती पेश की और एक समय वह मैच ड्रॉ कराने के करीब पहुंच गया था। ऐसे में सलाह ने इंजरी टाइम में गोल करके मिस्र को जीत दिलाई। एक अन्य मैच में दक्षिण अफ्रीका ने अंगोला को 2-1 से हराया। यह दक्षिण अफ्रीका की अंगोला के खिलाफ पिछले छह मैचों में पहली जीत है। कैसाब्लांका में खेले गए एक अन्य मैच में पैटसन डाका ने स्टॉपेज टाइम में गोल किया, जिससे जाम्बिया ने माली के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ कराया। मेजबान देश मोरक्को ने रविवार को कोमोरोस पर 2-0 से जीत हासिल की थी।

# नेपोली ने तीसरी बार जीता इटालियन सुपर कप, नेरेस ने लगाए जोरदार शॉट

एजेंसी ▶▶| रियाद

डेविड नेरेस ने दोनों हाफ में एक-एक गोल किया, जिससे मौजूदा सीरी ए चैंपियन नेपोली ने सऊदी अरब में खेले गए फाइनल में बोलोग्ना को 2-0 से हराकर तीसरी बार इटालियन सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट जीता। नेरेस का 39वें मिनट में पहला गोल किया। उनका 25 मीटर की दूरी से बाएं पैर से लगाया गया शॉट दूर के कोने में जाकर लगा। उन्होंने बोलोग्ना के गोलकीपर फेडेरिको रावग्लिया को इसे बचाने का कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने मैच का एक घंटा पूरा होने के बाद अपना दूसरा गोल किया। नेरेस ने रावाग्लिया के एक ढीले पास का फायदा उठाया और जॉन लुकुमी से गेंद छीनकर गोलकीपर के ऊपर से उसे गोल में डाल दिया। नेपोली ने इससे पहले 1990 और 2014 में सुपर कप जीता था।

- 1990 और 2014 में सुपर कप जीता था



## यादें 2025 : जूनियर खिलाड़ियों ने बिखेरी चमक

# भारतीय कुश्ती के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा यह साल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती के लिए वर्ष 2025 उतार चढ़ाव से भरा रहा, जिसमें सीनियर स्तर पर अपेक्षित परिणाम नहीं मिले लेकिन जूनियर स्तर पर किए गए अच्छे प्रदर्शन ने उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद जगाई। सीनियर खिलाड़ियों में अंतिम पंघाल ही अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रख पाई। हरियाणा की इस पहलवान ने विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं के 53 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर इस प्रमुख प्रतियोगिता की पदक तालिका में भारत की उपस्थिति सुनिश्चित की। कांस्य पदक के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाली अंतिम ने मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ दबाव में भी बेहतरीन प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता दिखाई। उन्होंने एशियाई चैंपियनशिप में भी तीसरा स्थान हासिल किया, जिससे महाद्वीपीय स्तर पर उनकी साख और बढ़ी।

### अमन सेहरावत के लिए मुश्किलों भरा रहा साल

इस साल सभी की निगाह इस पर टिकी थी कि अमन सेहरावत (57 किलोग्राम) के लिए यह सत्र कैसा रहेगा। पिछले साल ओलंपिक खेलों में पदक जीतने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बनकर पूरे देश के चहेते बने इस 22 वर्षीय खिलाड़ी के लिए वर्ष 2025 मुश्किलों भरा रहा।



### सीनियर विश्व चैंपियनशिप में भारत को मात्र एक पदक

सीनियर विश्व चैंपियनशिप में भारत का समग्र प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा, जिसमें उसे केवल एक पदक से संतोष करना पड़ा। यह पदक अंतिम ने कांस्य पदक के रूप में जीता था। भारत के कई पहलवान शुरुआती दौर में हारने के बाद बाहर हो गए। महाद्वीपीय स्तर पर एक प्रमुख उपलब्धि मनीषा भानवाला (62 किलोग्राम) का एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतना रही।

### विनेश फोगाट का संन्यास से वापसी का निर्णय

इस वर्ष चर्चा का एक और प्रमुख विषय विनेश फोगाट का ओलंपिक पदक जीतने की अपनी कवायद में संन्यास से वापसी करने का निर्णय था। पेरिस ओलंपिक खेलों में 50 किलोग्राम वर्ग के फाइनल से पहले 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण उन्हें बाहर होना पड़ा था। हरियाणा की इस जुझारू पहलवान ने इस निराशा से खुद को बाहर निकाला। उन्होंने अब पहले से भी अधिक मजबूत होकर वापसी करने का वादा किया है।

### अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में भारत का शानदार प्रदर्शन

भारत ने अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें पुरुषों की फ्रीस्टाइल स्पर्धा में सुजीत का स्वर्ण पदक प्रमुख रहा। अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में भारत ने विभिन्न वर्गों में कई स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर अग्रणी देशों में अपना स्थान बनाया। सत्रह वर्षीय काजल ने महिलाओं के 72 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि तपस्या गहलावत (57 किलोग्राम) ने भी शीर्ष स्थान हासिल किया।

# शेफाली के आक्रामक अर्धशतक से भारत ने दूसरे महिला टी-20 में श्रीलंका को रौंदा

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

स्नेह राणा की अगुवाई में स्पिन गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद शेफाली वर्मा की आक्रामक बल्लेबाजी से भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में श्रीलंका को 49 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराकर 2-0 से बढ़त बना ली। श्रीलंका को नौ विकेट पर 128 रन पर रोकने के बाद भारत ने 11.5 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। शेफाली ने 34 गेंद में नाबाद 69 रन की पारी के दौरान 11 चौके और एक छक्का जड़ा। उन्होंने अपनी इस शानदार पारी के दौरान दूसरे विकेट के लिए जेमिमा रोड्रिग्स (15 गेंद में 26 रन) के साथ महज 28 गेंद में 58 रन की साझेदारी की। उन्होंने पहले विकेट के लिए स्मृति मंधाना (11 गेंद में 14 रन) के साथ 20 गेंद में 29 और तीसरे विकेट के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर (12 गेंद में 10 रन) के साथ 24 गेंद में 41 रन की साझेदारी की। इससे पहले स्नेह राणा ने चार ओवर में सिर्फ 11 रन खर्च करते हुए श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू का विकेट चटकाया। उन्हें युवा स्पिनरों वैष्णवी शर्मा और श्री चरनी का अच्छा साथ मिला। इन दोनों गेंदबाजों ने दो-दो विकेट झटके। हर्षिता समरविक्रमा (32 गेंद में 33 रन) और अटापट्टू (24 गेंद में 31) के उपयोगी योगदान के बावजूद श्रीलंका की टीम कभी भी मैच पर पकड़ नहीं बना सकी।



- श्रीलंका को 7 विकेट से हराया
- वैष्णवी शर्मा ने 2 विकेट लिए




परेड समारोह की अध्यक्षता करेंगी तीनों सशस्त्र सेनाओं की सुप्रीम कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

# गणतंत्र दिवस पर 'वंदे मातरम' की थीम संग कर्तव्य पथ पर निकलेगा झांकियों का काफिला

झांकियों की कुल संख्या होगी 26, जो करेंगी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, सशस्त्र बलों और मंत्रालयों-विभागों का नेतृत्व वीआईपी मेहमानों, आमजन के लिए बनाई जाने वाली दर्शक दीर्घाओं के नाम देश की प्रमुख नदियों गंगा, जमुना के नाम पर होंगे

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

विशेष खबर



अगले महीने 26 जनवरी 2026 को पूरा देश 77वें गणतंत्र दिवस का जश्न पूरे जोर-शोर के साथ मनाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय राजधानी के कर्तव्य पथ पर निकलने वाली भव्य परेड बेहद आकर्षक होने के साथ ही हर खासो-आम का ध्यान खींचने वाली होगी। जिसका सबसे बड़ा कारण परेड के दौरान निकलने वाली झांकियों की थीम 'वंदे मातरम' होगी। विभिन्न राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, सशस्त्र बलों (एनसीसी-एनएसएस शामिल), केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों की कुल करीब 26 झांकियां परेड का हिस्सा बनेंगी।

केंद्र सरकार के विश्वसनीय सूत्रों ने हरिभूमि को बताया कि 26 झांकियों में सेना, वायुसेना और नौसेना के 9 दस्ते, गृह मंत्रालय के अधीन आने वाले अर्धसैन्यबलों के 5 से 6 (दिल्ली पुलिस सहित) दस्ते, 61वीं कैवलरी का घुड़सवार दस्ता (59 से 61 घोड़े शामिल) भाग लेंगे। परेड में मोटरसाइकिल पर करतब दिखाने वाला मोटरसाइकिल सवार दस्ता इस बार संयुक्त होगा और उसमें सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और केंद्रीय अर्धसैन्यबलों (सीएपीएफ) की टुकड़ी शामिल होगी। परेड समारोह के आयोजन को लेकर सरकार के स्तर पर तैयारियों का सिलसिला शुरू हो गया है। रक्षा मंत्रालय सहित अन्य विभागों की उच्च-स्तरीय बैठकें जारी हैं।

### यूं चुनी गई वंदे मातरम की थीम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने 7 नवंबर को वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए आगामी एक साल तक यानी नवंबर 2026 तक चलने वाले समारोहों की शुरुआत की थी। इस अवसर पर एक विशेष सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया गया था। 12 महीनों की अवधि में देश में सामूहिक गायन, प्रतियोगिताएं और कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ये राष्ट्रव्यापी अभियान वंदे भारत के राष्ट्रगीत वंदे मातरम की ऐतिहासिक विरासत और स्वतंत्रता संग्राम में इसके योगदान को याद करने तथा अगली पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए है। इसी क्रम में केंद्र की मंशा है कि भारत का संविधान लागू होने के पर्व गणतंत्र दिवस के मौके पर भी वंदे मातरम को झांकियों की थीम के रूप के साथ देशवासियों के समक्ष प्रमुखता से प्रस्तुत किया जाए।

### नदियों के नाम पर होंगी दर्शक दीघाएं

सूत्रों ने बताया कि परेड के अन्य आकर्षणों में वीआईपी व आमजन के समारोह देखने के लिए बनाई जाने वाली दर्शक दीघाओं का नाम देश की प्रमुख नदियों जैसे गंगा और जमुना के नाम पर रखा जाएगा। पूर्व में आयोजन के दौरान इन्हें वी1 या वी2 कहा जाता था।

### परेड में प्रस्तुति देंगे 2 हजार कलाकार

परेड में देश के अलग-अलग भागों से आकर प्रस्तुति देने वाले कलाकारों की संख्या कुल 2 हजार होगी। जो कर्तव्य पथ पर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। पिछले साल 2025 में गणतंत्र दिवस समारोह का हिस्सा बने कलाकारों की संख्या 5 हजार थी। हर बार की तरफ से सरकार की तरफ से परेड समारोह देखने के लिए इस बार भी विशेष अतिथियों और वीरगाथा पुरस्कार से सम्मानित बच्चों को आमंत्रित किया जाएगा।

### सैन्य दस्तों का होगा आगमन

वीरता पुरस्कार विजेताओं के बाद कर्तव्य पथ पर मैकेनाइज्ड कॉलम, एनिमल कंटिंजेंट, डीआरडीओ, सीएपीएफ दस्ता-बैंड सहित गुजरेगा। जिसके साथ-साथ सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी और दिल्ली पुलिस का दस्ता होगा।

एनसीसी, एनएसएस का दस्ता, 1 पाइप बैंड, झांकियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मोटरसाइकिल डिसप्ले, एसएसबी की डेयरडेविल्स टीम का प्रदर्शन परेड में क्रमबद्ध रूप से आगे बढ़ेगा। इसके बाद भारतीय वायुसेना का फ्लाई पास्ट होगा और परेड समारोह का औपचारिक रूप से समापन हो जाएगा।

### इस तरह से चलेगा परेड का क्रम

*परेड समारोह की अवधि 100 मिनट या उससे कुछ कम-ज्यादा हो सकती है। जिसकी अध्यक्षता तीनों सशस्त्र सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। विदेशी मेहमान को बुलाने को लेकर अभी तस्वीर पूरी तरह से साफ नहीं है। परेड की शुरुआत में 26 जनवरी को सबसे पहले राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, सीडीएस और तीनों सेनाध्यक्ष शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। फिर कर्तव्य पथ पर बनाए जाने वाले सलामी मंच पर सेनाप्रमुख, सीडीएस, रक्षा मंत्री, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति राष्ट्रपति मुर्मू के स्वागत के लिए पहले से मौजूद रहेंगे। परेड का नेतृत्व भारतीय सेना के जीओसी दिल्ली एरिया लेफ्टिनेंट जनरल भुवनेश कुमार करेंगे। इनके साथ-साथ कलाकारों की प्रस्तुति होगी और आसमान से वायुसेना के हेलिकॉप्टरों की पुष्पवर्षा होगी। 2 परमवीर चक्र विजेता, 3 अशोक चक्र विजेता परेड मार्ग से गुजरेंगे।*

***वंदे मातरम का अर्थ, महत्व:*** *गौरतलब है कि वंदे मातरम को भारत का राष्ट्रगीत कहा जाता है। इसकी रचना 1875-76 में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने (संस्कृत-बंगाली मिश्रित) की थी। जिसे 1882 में उन्होंने अपने प्रसिद्ध उपन्यास आनंदमठ में शामिल किया था। 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में वंदे मातरम को सबसे पहले रवींद्रनाथ टैगोर ने गाया था। बाद में ये गीत भारत के स्वतंत्रता संग्राम का एक शक्तिशाली नारा बना। जिसने अंग्रेजों के खिलाफ देशवासियों में देशभक्ति और क्रांति की भावना जगाई। भारत में 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा ने वंदे मातरम को राष्ट्रीय गीत के रूप में स्वीकार किया था। वंदे मातरम संस्कृत का एक वाक्यांश है, जिसका अर्थ है 'मैं तुम्हें प्रणाम करता हूं मां' या 'मैं तेरी पूजा करता हूं मां'। यह गीत भारत भूमि की सुंदरता, उसकी प्राकृतिक संपदा और मधुरता का वर्णन करते हुए उसे एक पालन-पोषण करने वाली मां के रूप में पूजने का भाव व्यक्त करता है।*

पीएम मोदी ने न्यूजीलैंड के साथ हुए समझौते को बताया ऐतिहासिक

# देश का पहला एफटीए जिसमें भारत की ओर से बातचीत में शामिल सभी सदस्य महिलाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत-न्यूजीलैंड फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) एक ऐतिहासिक समझौता है और यह देश का पहला महिलाओं के नेतृत्व वाला एफटीए है। इस एफटीए के लिए न्यूजीलैंड से बातचीत हेतु बनाई गई पूरी टीम की सभी सदस्य महिलाएं ही थीं। पीएम मोदी ने केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा लिखित एक आर्टिकल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया, जिसमें बताया गया है कि भारत के मुक्त व्यापार समझौते आज केवल शुल्क कटौती से कहीं अधिक हैं और यह अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और लाखों लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के व्यापक मिशन का हिस्सा हैं।

पीएम ने कहा कि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता एक ऐतिहासिक उपलब्धि है क्योंकि यह भारत का पहला महिला नेतृत्व वाला मुक्त व्यापार समझौता है। वार्ता टीम में लगभग सभी महिलाएं शामिल थीं।



पीएम मोदी और न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन

### भारतीय निर्यात पर 100% ड्यूटी खत्म

*न्यूजीलैंड के साथ हुए इस एफटीए के तहत भारतीय एक्सपोर्ट पर 100 प्रतिशत ड्यूटी खत्म हो जाएगी, साथ ही लंबे समय तक आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने के लिए 15 सालों में 20 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता भी है। न्यूजीलैंड के 'एंट्री इनटू फोर्स' (ईआईएफ) से न्यूजीलैंड की 100 प्रतिशत टैरिफ लाइनों (8,284 टैरिफ लाइनें) पर तुरंत ड्यूटी खत्म हो जाएगी।*

### आर्थिक सहयोग के नए रास्ते खुलेंगे

*पीएम मोदी ने कहा कि यह मुक्त व्यापार समझौता भारत की व्यापार कूटनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है, जो व्यापक आर्थिक सहयोग के नए रास्ते खोलता है। भारतीय वस्तुओं के लिए बेहतर बाजार पहुंच सुनिश्चित करके, सेवाओं और परिवहन में अवसरों का विस्तार करके और कृषि, निवेश एवं उभरते क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करके, यह समझौता अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में ठोस और व्यापक लाभ प्रदान करता है।*

न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री पीटर्स का ऐलान

### भारत के साथ एफटीए बुरा सौदा देश की संसद में करेंगे विरोध



न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते की कड़ी आलोचना करते हुए इसे न तो स्वतंत्र और न ही निष्पक्ष बताया है। उनकी पार्टी न्यूजीलैंड फर्स्ट इसका विरोध करती है क्योंकि भारत ने न्यूजीलैंड के प्रमुख डेयरी निर्यात पर लगे महत्वपूर्ण टैरिफ को कम करने पर सहमति नहीं जताई है। उन्होंने कहा कि यह न्यूजीलैंड के लिए एक बुरा सौदा है जिसमें दूध, पनीर और मक्खन जैसे प्रमुख डेयरी उत्पादों को शामिल नहीं किया जाएगा। संसद में बहुमत प्राप्त होगा या नहीं, इस अनिश्चितता के बावजूद समझौते पर हस्ताक्षर न करें।

बीते करीब 10 दिनों के अंदर दूसरा मौका, जब पड़ोसी देश ने किया भारतीय दूत को तलब

# देश में प्रदर्शनों के बीच बांग्लादेश ने भारतीय उच्चायुक्त को तलब कर जताया विरोध

भारत विरोधी कट्टरपंथी छात्र नेता हादी और अल्पसंख्यक हिंदू युवक दीपू दास की मौत के बाद से बढ़ा दोनों देशों के बीच तनाव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश पर इन दिनों 'उलटा चोर कोतवाल को डांटे' वाली कहावत पूरी तरह से सटीक बैठती हुई नजर आ रही है। जिसमें पहले वह कट्टरपंथी छात्र नेता उस्मान हादी की मौत के साथ शुरू हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच बांग्लादेश में मौजूद भारत के राजनयिक परिसरों को पूरी तरह से सुरक्षा घेरा प्रदान करने से चूक गई। जिसे लेकर हाल ही में भारत ने कड़ी आपत्ति जताते हुए नई दिल्ली में बांग्लादेश के उच्चायुक्त को तलब कर कड़ा विरोध जताया था। तो वहीं, अब इसी तर्ज पर भारत की नकल करते हुए बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार ने मंगलवार को ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब कर नई दिल्ली व अन्य भागों में बांग्लादेश के उच्चायोगों के बाहर हो रहे प्रदर्शनों को लेकर चिंता जाहिर की है। इस पूरे प्रकरण से ठीक एक दिन पहले सोमवार को ढाका की सरकार ने नई दिल्ली में अपने उच्चायोग, त्रिपुरा में स्थित मिशन में जारी अपनी वीजा सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया था। भारत पहले ही चटगांव में अपनी वीजा सेवाओं पर रोक लगा चुका है।

**भारतीय परिसरों को भीड़ ने बनाया निशाना:** बीते करीब 10 दिन में यह दूसरा ऐसा मौका है। जबकि बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय द्वारा भारत के उच्चायुक्त को तलब किया गया है। पड़ोसी देश इस वक्त उस्मान हादी की मौत के बाद शुरू हुए हिंसक विरोध-प्रदर्शनों के दौर से गुजर रहा है। बीते दिनों भारत के खुलना स्थित दूतावास परिसर पर उग्र भीड़ ने पथराव और तोड़फोड़ करने की कोशिश की थी। जिस पर विरोध जताते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान जारी कर कहा था कि बांग्लादेश में राजनयिक परिसरों की सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी तरह से संबंधित देश की सरकार की बनती है। तनावपूर्ण हालातों को लेकर उन्होंने चिंता जताते हुए समूची स्थिति पर कड़ी नजर बनाए रखने की भी बात कही थी।




श्रीलंका की पीएम डॉ. अमरसूर्या और विदेश मंत्री विजिथा हेराथ से भी मिले जयशंकर

दित्वा चक्रवात से हुए नुकसान के बीच...

# भारत ने जताई श्रीलंका को 450 मिलियन डॉलर का पुनर्निर्माण पैकेज देने की प्रतिबद्धता

■ विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से हुई मुलाकात में पैकेज को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से जताई प्रतिबद्धता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष दूत के रूप में मंगलवार को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने आधिकारिक रूप से अपनी श्रीलंका यात्रा की शुरुआत की। जिसमें सबसे पहले राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने जयशंकर का स्वागत किया। विदेश मंत्री ने प्रधानमंत्री की तरफ से श्रीलंकाई राष्ट्रपति के लिए भेजे गए पत्र संदेश के बारे में उन्हें जानकारी दी। जिसमें भारत के सबसे पहले प्रतिक्रिया देने की भूमिका के अलावा श्रीलंका को दित्वा चक्रवात से हुए नुकसान के बाद 450 मिलियन डॉलर का पुनर्निर्माण पैकेज देने की प्रतिबद्धता जताई है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि राष्ट्रपति दिसानायके और विदेश मंत्री जयशंकर की बातचीत में चक्रवात से भारत के निकट पड़ोसी द्वीपीय देश को हुए नुकसान के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही इस पर भी जोर दिया गया कि कैसे जल्द से जल्दी भारत द्वारा अपनी इस प्रतिबद्धता को पूरा किया जाएगा। बताते चलें कि विदेश मंत्री प्रधानमंत्री के विशेष दूत के रूप में 23 दिसंबर को श्रीलंका के एक दिवसीय दौरे पर थे। जिसके तहत उनकी ये उच्च-स्तरीय बैठकें हुईं।



**पुनर्निर्माण धनराशि के मुख्य बिंदु:** उन्होंने कहा, चक्रवात से हुए नुकसान के बीच पुनर्निर्माण की तत्काल आवश्यकता को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर हम श्रीलंका की सरकार के साथ उनकी प्राथमिकताओं को पूरा करने में सहयोग प्रदान करेंगे। जिसके लिए राहत पैकेज की कुल धनराशि 450 मिलियन डॉलर की होगी और इसमें 350 मिलियन डॉलर छूट के साथ दी गई लाइंस ऑफ क्रेडिट की होगी तथा 100 मिलियन डॉलर ग्रांट होगी। इस धनराशि को भारत ने श्रीलंका की सरकार के साथ निकट मंत्रणाओं के बाद ही अंतिम रूप दिया है। भारत के राहत पैकेज में चक्रवात से गंभीर रूप से प्रभावित जिन क्षेत्रों पर प्रमुखता से ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसमें सड़कों, रेलवे और पुलों की कनेक्टिविटी फिर से बहाल करने के लिए मरम्मत की जाएगी। चक्रवात में पूरी तरह से या आंशिक रूप से बह गए घरों के निर्माण में सहयोग दिया जाएगा, शिक्षा-स्वास्थ्य सिस्टम में भारत सहयोग देगा, कृषि से जुड़ी हुई छोटी-दीर्घावधि कमी से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने के अलावा भारत श्रीलंका के साथ इस तरह की प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की तैयारियों के विषय पर भी काम कर रहा है।

**आर्थिक मुश्किलों में मदद को तैयार भारत:** मंत्रालय ने बताया कि भारत और श्रीलंका के विदेश मंत्रियों के बीच हुई बातचीत में डॉ. जयशंकर ने कहा कि श्रीलंका का भारत का निकट पड़ोसी देश होने के नाते और हमारी पड़ोस सबसे पहले व महासागर नीति के तहत ये स्वाभाविक था कि श्रीलंका के इस मुश्किल वक्त में आगे बढ़कर मदद पहुंचाई जाए। ऐसा हमारे द्वारा आपकी आर्थिक दिक्कतों के दौर को ध्यान में रखते हुए किया गया है। दित्वा चक्रवात में भी श्रीलंका भारत की आपदा प्रतिक्रिया में निभाई गई सहयोगात्मक भूमिका की सराहना करेगा। इस संबंध में भारत के सीडीआरआई के जरिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। भारत इस मुश्किल घड़ी में श्रीलंका और उसके लोगों की समस्याओं को बखूबी समझते हुए उसे तत्काल मदद पहुंचाने के लिए तैयार है। मैंने और श्रीलंका की विदेश मंत्री ने अपनी चर्चाओं में डिलीवरी को जल्द पहुंचाने से जुड़े प्रभावी समन्वय तंत्र के बारे में भी विचार-विमर्श किया है।

### अन्य तरीकों से भी दी जाएगी मदद

उन्होंने ये भी जोड़ा कि कुछ और तरीके भी हैं, जिनके जरिए भारत श्रीलंका को मदद पहुंचा सकता है या पहुंचाएगा। श्रीलंका में पर्यटन अर्थव्यवस्था काफी शानदार है। इसे लगातार बढ़ावा देने के लिए भारत पर्यटकों को द्वीपीय देश भेजने के लिए प्रोत्साहित करेगा। भारत से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ाकर भी श्रीलंका की अर्थव्यवस्था में इस जटिल वक्त में मदद प्रदान की जाएगी। हमारी चर्चाएं भविष्य में भी दोनों देशों के बीच गहरे सहयोगात्मक संबंध को बढ़ावा देने में मददगार साबित होंगी। उन्होंने कहा कि मैं मानता हूं कि 2022 के आर्थिक संकट के बाद ये प्राकृतिक आपदा श्रीलंका के लिए एक नई मुश्किलें लेकर आई है। लेकिन पूर्व में भी हमने देखा है कि कैसे अपनी मजबूत और दृढ़ प्रतिबद्धता के जरिए श्रीलंका ने समस्याओं का सामना किया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109